राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 340
लखनऊ, मंगलवार 11 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





निपुण भारत मिशन के तहत एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ 10

राजभर को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन 03


# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गोरखपुर में उमड़ा देशभक्ति का जनज्वार

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सोमवार को गोरखपुर महानगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर निगम परिसर से रेलवे स्टेशन चौक तक करीब ढाई किलोमीटर की इस यात्रा में देशभक्ति का जनज्वार उमड़ पड़ा। 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ हाथ में तिरंगा लेकर पदयात्रा कर रहे मुख्यमंत्री का साथ देने के लिए हजारों कदम उसी दिशा में बढ़ चले। यात्रा का शुभारंभ करने से पहले उन्होंने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का तिरंगा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की अमिट गाथा का नाम है।

**भव्य तिरंगा यात्रा**

- **स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की अमिट गाथा का नाम है तिरंगा : योगी**
- **सीएम ने हजारों लोगों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर ढाई किमी पदयात्रा की**

तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले नगर निगम परिसर स्थित वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान व बलिदान को नमन किया। यहां उन्होंने कहा कि हमारा तिरंगा भारत की आन, बान व शान प्रतीक है। आजादी के आंदोलन में हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अलग-अलग समय में, अलग-अलग प्रकार के ध्वज लेकर आंदोलन को नई गति दी थी। 1905 में भारत की आजादी का मूलमंत्र स्वदेशी बना था। इसके बाद 1930 के दशक में तिरंगे के बीच चरखा स्वतंत्रता सेनानियों का ध्वज बना था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात तिरंगे के साथ सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले चक्र को लेकर राष्ट्रध्वज स्वीकार किया गया।

योगी ने कहा कि जिस राष्ट्रध्वज को फहराने के लिए नागरिकों को न्यायालयों में लड़ाई लड़नी पड़ती थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक के अधिकार से जोड़ दिया। कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारें नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार नहीं दे पाई थीं, लेकिन मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष 2022 में नेशनल फ्लैग कोड में संशोधन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी नागरिक अपने घर पर राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक लगा सकें।

**पांच करोड़ घरों पर लहराएगा तिरंगा**

मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि तिरंगा यात्रा के बाद वे अपने हाथों में मौजूद तिरंगे को अपने घर पर लगाएं और उसके साथ सेल्फी लेकर अपलोड करें। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 5 करोड़ घरों में तिरंगा लहराने के लक्ष्य को तय किया है।



सोमवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

## लखनऊ समेत पांच जिलों में सीएनजी महंगी

**चार महीने में 8.25 रु. बढ़े दाम**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** महंगाई से परेशान लोगों को एक और झटका लगा है। उत्तर प्रदेश के पांच शहरों में सीएनजी के दाम तीन रुपये प्रति किलो बढ़ा दिए गए हैं। ग्रीन गैस लिमिटेड ने लखनऊ और आगरा के साथ अयोध्या, सुल्तानपुर और उन्नाव में सीएनजी की नई दरें लागू कर दी हैं। बढ़ी हुई कीमतें आठ अगस्त से प्रभावी हैं। लखनऊ में सीएनजी अब 102 रुपये के बजाय 105 रुपये प्रति किलो मिलेगी। सीएनजी के दाम बढ़ने का सीधा असर ऑटो और टैक्सी चालकों के साथ सीएनजी से चलने वाले निजी वाहनों पर पड़ेगा। रोजाना सीएनजी से सफर करने वाले लोगों का ईंधन खर्च बढ़ जाएगा। ऑटो-टैक्सी चालकों का कहना है कि ईंधन महंगा होने से वाहन चलाने की लागत बढ़ेगी।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,120/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,413/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की जांच पूरी

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर बार-बार सड़क धंसने और दरकने की घटनाओं की जांच आईआईटी खड़गपुर की टीम ने पूरी कर ली है। टीम ने करीब 30 नमूने लिए हैं और निर्माण से जुड़ी गतिविधियों की सात घंटे की रिकॉर्डिंग भी जुटाई है। एक्सप्रेसवे पर अब तक 23 बार सड़क धंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। प्रोफेसर केएस रेड्डी के नेतृत्व में हुई जांच के आधार पर करीब 800 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे 12 दिनों में एनएचएआई मुख्यालय को सौंपा जाएगा।

### परमाणु समझौते के बिना जंग नहीं होगी खत्म

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप परमाणु समझौते के बिना भी युद्ध समाप्त करने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की प्रमुख शर्त होर्मुज स्ट्रेट को खोलकर वाणिज्यिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है। वहीं ईरान ने युद्ध समाप्त करने, समुद्री नाकाबंदी हटाने, अमेरिकी सैनिकों की वापसी और प्रतिबंध हटाने जैसी मांगें रखी हैं। होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

### नीट-यूजी पेपर लीक मामले में आदेश टला

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को चार्जशीट पर संज्ञान लेने का आदेश टाल दिया। अब 12 अगस्त को इस पर फैसला होगा। अदालत ने सभी 13 आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 12 अगस्त तक बढ़ा दी है। आरोपियों से आगे की पूछताछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। कोर्ट ने मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल की पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग और लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने की मांग वाली अर्जी भी खारिज कर दी।

### असम-अरुणाचल सीमा पर फायरिंग, आठ घायल

**गुवाहाटी।** असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा पर जमीन पर कथित कब्जे को लेकर विवाद के बाद सोमवार को फायरिंग हो गई। घटना में असम के आठ ग्रामीण घायल हुए हैं, जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना धेमाजी जिले के मिंगमांग बदती इंटर-स्टेट बॉर्डर क्षेत्र में हुई। विवाद के बाद गोलीबारी की सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। सीमा क्षेत्र में तनाव को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### अधिकरण सुधार विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में दो बार के स्थगन के बाद हंगामे के बीच अधिकरण सुधार विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच लगातार आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी रहा।

# झारखंड में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज

## विधानसभा मार्च उग्र, आंसू गैस के गोले छोड़े, बैरिकेडिंग तोड़ परिसर में घुसे छात्र

- **पुलिस-आंदोलनकारियों में झड़प, कई छात्र घायल**
- **पुलिस का आरोप प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया**

**एजेंसी, रांची।**

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ 17 दिनों से चल रहा छात्रों का आंदोलन सोमवार को बेहद उग्र हो गया।

हजारों प्रदर्शनकारी विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़े और पुलिस की कई बैरिकेडिंग तोड़ते हुए विधानसभा परिसर में घुस गए। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की, लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। छात्रों ने पुलिस कार्रवाई में कई लोगों के घायल होने का दावा किया, जबकि पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों पर बैरिकेडिंग तोड़ने और पथराव करने का आरोप लगाया। एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी सूचना है। कई दिनों से अनशन कर रहे आंदोलनकारी नेता देवेंद्र नाथ महतो स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद एंबुलेंस से विधानसभा मार्च में पहुंचे। छात्रों ने उन्हें कंधे पर उठाकर मार्च में शामिल किया। अनशनकारी कुश महतो भी एंबुलेंस से प्रदर्शन में पहुंचे। आंदोलन के 17वें दिन सुबह करीब 10:30 बजे पुराने विधानसभा भवन के बाहर से हजारों अभ्यर्थियों ने मार्च शुरू किया। हाथों में तिरंगा और पोस्टर लिए छात्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़े। प्रशासन ने रास्ते में कई स्तर की बैरिकेडिंग और कंटीले तार लगाए थे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने एक के बाद एक कई बैरिकेड पार कर लिए। जगन्नाथपुर मंदिर के पास अंतिम बैरिकेडिंग पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। पहले पानी की बौछार की गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने लगे, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। पुलिस के मुताबिक, कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने के साथ पुलिसकर्मियों पर हमला और पथराव किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप लगाया।



सोमवार को रांची में आंदोलनकारी छात्रों को रोकने के लिए कंटीले तारों की बैरिकेडिंग लगाई गई और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया।

### 'छात्रों पर लाठीचार्ज गलत, बातचीत से निकलेगा हल : राहुल



**नई दिल्ली।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुलिस कार्रवाई को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए और सरकार को इस मामले को तत्काल सुलझाने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

### मिजोरम में भी छात्रों का प्रदर्शन




**आइजोल।** मिजोरम में भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर छात्रों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। मिजो जिरलाई पावल (एमजेडपी) के सैकड़ों सदस्यों ने आइजोल स्थित मिजोरम लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए आयोग में प्रशासनिक और भर्ती सुधार की मांग उठाई।

### जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार



छात्रों के विधानसभा मार्च के बीच सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांग्ते को गिरफ्तार कर लिया। सीआईडी ने उन्हें उनके आवास से गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए सीआईडी थाना ले गई। उन्हें सोमवार शाम न्यायालय में पेश किए जाने की बात कही गई है। गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब छात्रों का आंदोलन लगातार तेज हो रहा है।

## छात्र आंदोलन पर संसद में जवाब देंगे अमित शाह

- **रिजिजू ने कहा, विपक्ष सदन चलने दे व गृह मंत्री का जवाब सुने**
- **शाह की गैर-मौजूदगी को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

संसद के मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह की शुरुआत के साथ ही छात्र आंदोलन के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव खत्म करने की कोशिश तेज हो गई है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि सरकार छात्र आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में उठाए गए सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विपक्ष से संसद की कार्यवाही चलने देने और चर्चा में हिस्सा लेने की अपील की।

सरकार की ओर से अमित शाह के जवाब देने की बात सामने आने के बाद अब निगाहें इस बात पर हैं कि विपक्ष चर्चा में शामिल होता है या नहीं। रिजिजू ने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार ने छात्र आंदोलन के मुद्दे पर पूरी और विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि वह चर्चा में शामिल हो और गृह मंत्री अमित शाह का जवाब सुने।

सरकार की ओर से यह बयान ऐसे समय आया है, जब छात्र आंदोलन और उससे जुड़े मुद्दों को लेकर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष लंबे समय से गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान की मांग कर रहा है।

## नगर निकायों में ओटीएस लागू

**विशेष संवाददाता।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लंबे समय से लंबित संपत्ति कर के बकाये के निस्तारण के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने का निर्णय लिया है।

योजना 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत बकायेदार करदाताओं को पुराने संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए राहत दी गई है। करदाता बकाया राशि अधिकतम तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने यह कदम नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के साथ लंबे समय से लंबित कर बकाये के निस्तारण के उद्देश्य से उठाया है।

योजना का लाभ प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में लंबित गृहकर, जलकर एवं सीवरकर के बकायेदारों को मिलेगा। सरकार का मानना है कि योजना से लाखों करदाताओं को पुराने बकाये के निपटारे का सरल और व्यावहारिक अवसर मिलेगा। साथ ही नगरीय निकायों को लंबित राजस्व की वसूली में तेजी आएगी और उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। कर संबंधी लंबे समय से चल रहे विवादों में भी कमी आने की उम्मीद है।

ओटीएस के तहत करदाताओं को बकाया संपत्ति कर जमा करने के लिए अधिकतम तीन किस्तों की सुविधा दी गई है। योजना लागू होने की तारीख से 30 दिन के भीतर करदाता को कुल बकाये की एक-तिहाई राशि जमा करनी होगी।

शेष दो-तिहाई राशि अगले दो महीनों में दो मासिक किस्तों के माध्यम से जमा की जा सकेगी। इस तरह योजना के तहत देय पूरी राशि का भुगतान अधिकतम तीन महीने के भीतर करना अनिवार्य होगा। एकमुश्त समाधान योजना की अवधि चार महीने निर्धारित की गई है।



- **15 अगस्त से तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे बकाया संपत्ति कर**
- **पुराने गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकायेदारों को राहत**

## उत्तराखंड में बादल फटने से भारी तबाही, एक लापता

**एजेंसी, चमोली।**

उत्तराखंड के चमोली जिले में बादल फटने के बाद भारी तबाही की खबर सामने आई है। भारत-चीन सीमा के पास लता गांव के नजदीक बादल फटने से अचानक तेज बहाव के साथ बाढ़ आ गई। देखते ही देखते एक पुल बाढ़ के पानी में बह गया।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसे में एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है। स्थानीय स्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि बादल फटने के बाद अचानक पानी का बहाव बढ़ गया, जिससे पुल को भारी नुकसान पहुंचा और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। प्रशासन और स्थानीय एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हैं।

### चेतावनी : यूपी बिहार में आज होगी जोरदार बारिश

उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 10 अगस्त को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ समेत कई जिलों में बादल छाए रहने और बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने लोगों को तेज बारिश के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है। बारिश के साथ तेज हवाएं और आकाशीय बिजली की भी आशंका जताई गई है। 11 अगस्त को भी प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहने और बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। शासन की ओर से लोगों को बिगड़ते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने को कहा गया है।

## यूक्रेन का रूस पर सबसे घातक हमला, 13 लोगों की मौत

**एजेंसी, मॉस्को।**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में सोमवार को हमलों का दायरा और घातक हो गया। यूक्रेन ने रूस के तातारस्तान क्षेत्र के निजनेकामस्क शहर में ड्रोन से बड़ा हमला किया। क्षेत्रीय प्रशासन के अनुसार, हमले में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन की ओर से रूस के भीतर किए गए यह अब तक के सबसे घातक हमलों में से एक बताया जा रहा है। निजनेकामस्क यूक्रेनी सीमा से एक हजार किलोमीटर से अधिक दूर स्थित है। तातारस्तान रूस का प्रमुख ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्र है। यहां कई बड़ी तेल रिफाइनरियां और ऊर्जा प्रतिष्ठान हैं, जिन्हें यूक्रेन रूस की सैन्य और ऊर्जा क्षमता को कमजोर करने के उद्देश्य से किए जा रहे जवाबी हमलों में निशाना बनाता रहा है।



- **तेल सुविधा केंद्र को बनाया निशाना, 39 घायल**
- **खार्कीव में रूसी तोपखाने से पांच नागरिकों की मौत**

**ऐतिहासिक पल** — राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी की अगुवाई में होगा राष्ट्रीय गीत का गायन

# स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से पहली बार गूंजेगा 'वंदे मातरम्'

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

स्वतंत्रता दिवस 2026 का समारोह इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रहा है। 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से पहली बार 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्र को संबोधित करने के बाद 'वंदे मातरम्' का गायन समारोह का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। अब तक स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रगान का विशेष महत्व रहा है, लेकिन इस वर्ष राष्ट्रीय गीत को भी समारोह में प्रमुख स्थान दिया गया है।

सरकार ने इसे 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने से जोड़ते हुए राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को याद करने का अवसर बताया है।

'वंदे मातरम्' का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में विशेष स्थान रहा है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत ने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंग्रेजी शासन के खिलाफ आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का प्रमुख स्वर बन गया था। यही कारण है कि आज भी इसे देश के राष्ट्रीय प्रतीकों और स्वतंत्रता संघर्ष की विरासत से जोड़कर देखा जाता है।

2026 में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को केंद्र सरकार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से रेखांकित कर रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से इसके गायन को इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय समारोह के मंच से राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति को इसके ऐतिहासिक महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। 'वंदे मातरम्' को लेकर हाल में संसद में पारित राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक भी महत्वपूर्ण है। इसके तहत राष्ट्रीय गीत के अपमानजनक कृत्यों को कानूनी संरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। सरकार की ओर से राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रगान के समान कानूनी दर्जा दिए जाने की बात भी कही गई है। इससे 'वंदे मातरम्' के सम्मान और उसकी सार्वजनिक गरिमा को लेकर कानूनी व्यवस्था और मजबूत होने की उम्मीद है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्र के नाम संबोधन और इसके बाद 'वंदे मातरम्' का गायन इस वर्ष के आयोजन को विशेष पहचान देगा। लाल किले की प्राचीर, जहां से देश के प्रधानमंत्री हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं, वहीं से पहली बार राष्ट्रीय गीत की गूंज सुनाई देना अपने आप में ऐतिहासिक क्षण होगा।

यह आयोजन स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृतियों को भी सामने लाएगा, जब 'वंदे मातरम्' देशवासियों के लिए केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और राष्ट्रभावना का प्रेरक स्वर बन गया था।



**युवा शक्ति**

इस वर्ष की थीम 'युवा शक्ति' रखी गई है। समारोह युवा आबादी की भूमिका को विशेष महत्व दिया जाएगा। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, नवाचार और नेतृत्व क्षमता निर्णायक भूमिका निभाएगी।

# संत रविदास की 650वीं जयंती मनायी गई

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

सन्त रविदास जी का 650 वाँ जयन्ती एवं वन्देमातरम् का 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु-विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के विशाल सभागार में 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' भावना से समाज में शिक्षा एवं संस्कार को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती की वन्दना से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए अतिथियों एवं आगन्तुकों का परिचय कराया। इसी क्रम मे विद्यालय प्रबन्धक डॉ सतीश सिंह व अध्यक्षा डॉ कौशल्या गुप्ता ने आये हुए



अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया इस मौके पर उपाध्यक्ष हरिवंश सिंह कोषाध्यक्ष राम गोपाल गुप्ता ने भी आये हुए आगंतुकों को सम्मानित किया। विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज से संस्कार विलुप्त होता जा रहा है। जिसके जिम्मेदार हम सभी है। विद्याभारती विद्यालय के अन्तर्गत पूरे देश में अनेक शैक्षिक संस्थाएं संचालित हो रही है। जिसका लक्ष्य संस्कारक्षम वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज समाज को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि हम सभी विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से जुड़े हुए हैं। हम सभी का दायित्व है कि समाज संस्कारपूर्ण शिक्षा प्रदान करें और इसके लिए हमें पहल करना पड़ेगा। उन्होंने आए हुए विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों से अपने विद्यालय के माध्यम से समाज में संस्कारक्षम शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रति अपील किया। इसके पूर्व एमएलके पीजी कालेज के प्राचार्य डा0 जेपी पाण्डेय ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए समाज में संस्कार एवं संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस मौके पर ग्रेस पब्लिक स्कूल, एमडीके इ0का0, डीएवी इण्टर कालेज, एमएलके पीजी कालेज, सुन्दरदास रामलाल इण्टर कालेज, एम्स पब्लिक स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, एकता माण्टेसरी, बाल भारती इ0का0, सिटी माण्टेसरी इ0का0, रामचरित मानस स्कूल, सहित कई स्कूल के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मदन मोहन त्रिपाठी ने किया। विद्यालय के आचार्य जानकी शरण मिश्र ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम् से किया गया।

# डैशबोर्ड पर अम्बेडकरनगर का दमदार प्रदर्शन, प्रदेश में चौथा स्थान

- विकास में तीसरा, राजस्व में आठवां
- जिले ने लगाई रैंकिंग में छलांग

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**



मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में अम्बेडकरनगर ने एक बार फिर अपनी प्रशासनिक क्षमता का दम दिखाया है। विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल करने के साथ राजस्व कार्यक्रमों में आठवाँ रैंक प्राप्त कर जिले ने समग्र रैंकिंग में चौथा पायदान हासिल किया है। यह उपलब्धि महज आंकड़ों की बाजीगरी नहीं, बल्कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन की प्रशासनिक कार्यशैली का परिणाम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की लगातार टॉप-5 में मौजूदगी ने प्रशासनिक प्रदर्शन को नई धार दी है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के मार्गदर्शन में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ राजस्व संबंधी कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। विभागवार प्रगति की निगरानी के साथ लक्ष्य से पीछे रहने वाले बिंदुओं को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार और तेजी लाने के निर्देश दिए जाते हैं।

प्रशासन की प्राथमिकता योजनाओं को कागज से जमीन तक पहुंचाने, निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति और पात्र लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है। इसी परिणामपरक कार्यप्रणाली का असर अब प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में साफ दिखाई दे रहा है।

**टॉप-5 में लगातार मजबूत पकड़**

अम्बेडकरनगर की लगातार बेहतर होती रैंकिंग से जिला प्रशासन के लिए चुनौती भी बढ़ गई है। मौजूदा चौथे स्थान को बरकरार रखने के साथ अगली रैंकिंग में और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य तय किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह की तेरहवीं में उमड़ा जनसैलाब

**बलरामपुर।** जनप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.हनुमंत सिंह के तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। रिश्ता दरबार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह तथा उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पहुंचकर स्व.हनुमंत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो.रविशंकर सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, एमएलसी पदमसेन चौधरी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैसड़ी विधायकराकेश यादव, पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू',चेयरमैन रवि वर्मा,पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह,चंद्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू', प्रदीप सिंह,अनूप चन्द्र गुप्ता,डॉ.अजय सिंह 'पिंकू',आद्या सिंह 'पिंकी',बिंदू विश्वकर्मा, वंदना पासवान,डीपी सिंह बैस, वरुण सिंह 'मोनू' सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,भाजपा पदाधिकारी,सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### यात्री हाल निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** क्षेत्र के बेहटा स्थित बाबा टीकाराम धाम अंतर्गत गौरी



शंकर बाबा धाम मे लगभग 65 लाख की राशि से बनने वाले यात्री हाल के लिए क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि शशांक कुशमेश ने भूमि पूंजन किया। जलनिगम द्वारा कराए जा रहे कार्य की देखरेख ठेकेदार विवेक सिंह एवं जे ई समीर अवस्थी द्वारा की जा रही हैं। विधायक व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने अपने सम्बोधन में कहा कि यात्री हाल बनने के साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच, लैट्रिन, बाथरूम, चेंजिंग रूम एवं पेयजल की व्यवस्था भी उपलब्ध करायी जाएगी। कार्यक्रम मे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, प्रधान अरुण शुक्ला सुशील जायसवाल, मोहित मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा प्रधान, पंकज दीक्षित, प्रधान संदीप मिश्रा विपिन सिंह सुरेंद्र सिंह दीपू द्विवेदी धर्मेंद्र मिश्रा व आशुतोष दीक्षित मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ के बीजापुर गांव निवासी एक युवक ने सोमवार दोपहर कथित तौर पर फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राम बहादुर सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों द्वारा बताया गया कि सर्पदंश के कारण मौत हुई हैं, बताते हैं कि दोपहर बाद लगभग 1:00 बजे मौत होने के बाद भी परिजनो ने पुलिस को सूचना देने की बजाय आनन फानन में पैतृक बाग में ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कोतवाल अनिल कुमार पांडे से कई बार बात करने की कोशिश की गई परंतु बात नहीं हो सकी।

### कैसरगंज पुलिस ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**बहराइच।** कैसरगंज में सावन माह के दौरान पुलिस-प्रशासन ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया।



कोतवाली के सामने आज सोमवार कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्पवर्षा की गई और भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल का भी विशेष इंतजाम किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने सेवा और सौहार्द की मिसाल पेश की। जैसे ही कांवड़ियों का जत्था कैसरगंज कोतवाली के सामने पहुंचा, पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। पुलिस-प्रशासन की ओर से उन पर जमकर फूल बरसाए गए। इस दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह भर गया।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजी घायल

**बहराइच।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में सावन के दूसरे सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के मटिहा मोड़ के पास एक ऑटो चालक ने बाइक सवार चाचा-भतीजी को टक्कर मार दी।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के चौधरी गांव निवासी 25 वर्षीय दुर्गेश कुमार अपने पिता बेचन और 16 वर्षीय भतीजी रूबी पुत्री राम प्रवेश के साथ बाइक पर सवार होकर रामपुर धोबियाहार स्थित बाबा बुढ़ेश्वर धाम गए हुए थे। वे सावन के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक कर घर वापस लौट रहे थे। घर वापसी के दौरान मटिहा मोड़ के निकट सामने से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे चाचा दुर्गेश और भतीजी रूबी दोनों घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को उठाया और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद रूबी की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# परिषदीय विद्यालयों में चला विशेष टीकाकरण अभियान

- किशोरियों को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

**समृद्धि न्यूज़, पयागपुर, बहराइच।**



किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई तथा उन्हें टीके के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने विद्यालयों में पहुंचकर निर्धारित 09 वर्ष से 13वर्ष 06 माह की आयु वर्ग की किशोरियों का टीकाकरण किया टीका लगने के बाद किशोरियों को निर्धारित समय तक निगरानी में रखा गया। अधीक्षक सीएचसी पयागपुर डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अभियान का उद्देश्य किशोरियों को समय पर टीकाकरण का लाभ पहुंचाकर भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करना है। अभियान के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्वास्थ्य कर्मियों एवं संबंधित विभागीय कर्मचारियों का सहयोग रहा। अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे पात्र किशोरियों का टीकाकरण अवश्य कराएं और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीकाकरण अभियानों में सक्रिय सहयोग करें। बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने बताया कि 04 दिवसीय मेगा अभियान के प्रथम दिवस क्षेत्र के 51 विद्यालय में करीब 600 से अधिक किशोरी बालिकाओं को यह टीका लगाया गया जिसका पर्यवेक्षण सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों द्वारा अपने क्षेत्र में किया गया सभी केंद्रों पर एएनएम शिक्षक आशाओं अभिभावकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# भोलेनाथ की भक्ति में डूबा शहर कांवड़ मार्गों पर प्रशासन का पहरा

- अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**

श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को अम्बेडकरनगर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर नजर आया। शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने आस्था के साथ जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने कांवड़ मार्गों, शिवालयों और प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी अकबरपुर ने क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के साथ शिव बाबा धाम समेत अन्य प्रमुख स्थलों और कांवड़ यात्रा मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन समेत श्रद्धालुओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मियों को व्यवस्थाएं लगातार दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी जलालपुर, भीटी, टांडा और आलापुर ने संबंधित अधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में कांवड़ मार्गों और शिव मंदिरों का निरीक्षण किया।

## खाद्य कारोबारियों पर प्रशासन का शिकंजा

### 44 मामलों में 13.17 लाख का जुर्माना

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले कारोबारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ज्योत्स्ना बन्धु के न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विचाराधीन 44 मामलों का निस्तारण करते हुए संबंधित खाद्य कारोबारियों पर कुल 13 लाख 17 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में खलबली मच गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में कई नमूने अधोमानक, मिथ्याछाप और बाह्य तत्वयुक्त पाए गए। इसके अलावा कुछ मामलों में बिना खाद्य पंजीकरण के कारोबार और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले खाद्य उत्पादों की बिक्री भी सामने आई। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध एडीएम न्यायालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की विभिन्न धाराओं के तहत परिवाद दर्ज कराए गए। न्यायालय में सुनवाई और परीक्षण के बाद दोष सिद्ध पाए जाने पर 44 मामलों में अर्थदंड की कार्रवाई की गई। इनमें अधोमानक मिश्रित एवं गाय-भैंस के दूध, पनीर, खोया, छेना मिठाई, बर्फी, कुल्फी, आइसक्रीम, नमकीन, बेसन लड्डू, सरसों तेल, रिफाइंड मूंगफली तेल, हल्दी पाउडर, काली मिर्च और किशमिश समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों से जुड़े मामले शामिल हैं। **पंजीकरण के बिना कारोबार पर भी कार्रवाई-** प्रशासन ने बिना खाद्य पंजीकरण कारोबार करने वालों को भी नहीं बख्शा। ऐसे मामलों में भी संबंधित विक्रेताओं पर अर्थदंड लगाया गया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1829 मरीजों को मिला उपचार



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

जनपद बलरामपुर में सभी 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सफल आयोजन किया गया। इन मेलों में कुल 1829 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, लाभार्थियों में 822 पुरुष, 732 महिलाएं और 275 बच्चे शामिल रहे। मेलों में आए मरीजों का पंजीकरण कर सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र एवं दंत रोगों की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। दवा वितरण काउंटर के माध्यम से निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर का निरीक्षण किया भी किया गया।

# फूलन देवी की जयंती पर गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश, महिला सशक्तिकरण का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



बलहा विधानसभा क्षेत्र के सुजौली अंतर्गत कैलाश नगर चहलवा गांव में सोमवार को वीरांगना फूलन देवी की जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर उनके संघर्ष, साहस और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधानसभा-282 से समाजवादी पार्टी की नेत्री ललिता हरेंद्र पासवान रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय की लड़ाई की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद फूलन देवी ने संघर्ष करते हुए वंचित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिलना चाहिए। सामाजिक भेदभाव और शोषण के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि फूलन देवी केवल एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष और आत्मसम्मान की मिसाल हैं। उनके जीवन से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुनील निषाद मौजूद रहे। आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि ललिता हरेंद्र पासवान सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# मोबाइल कम्प्यूटर की दुकान में लगी आग

- नौ लाख का सामान जलकर खाक

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर कस्बा स्थित मोबाइल व कम्प्यूटर की दुकान में रविवार सुबह विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सुबह लगभग -7: बजे लगी आग में लगभग 9 लाख रुपये कीमत के नए व रिपेयरिंग के लिए आये मोबाइल, कम्प्यूटर व अन्य उपकरण जलकर नष्ट हो गए। अमेठी जनपद के कुकहा गाँव निवासी विनीत कुमार पाण्डेय पुत्र मनोज पांडेय की यूनिवर्सल मोबाइल व कम्प्यूटर रिपेयरिंग सेंटर के नाम से एक दुकान कस्बा में एसडीएम आवास के सामने स्थित हैं।पड़ोस में रहने वाले अजय मिश्रा ने बताया कि सुबह 7 जब वे अपने दूसरे घर से वापस आ रहे थे कि तभी उन्होंने दुकान के शटर से धुआं निकलते देखा। जिसकी सूचना पड़ोस में रहने वाले विनीत के बड़े भाई प्रदीप को दी। आनन फानन में दुकान के शटर का ताला खोला गया। विद्युत के शॉर्ट सर्किट से आग लगीं देख सूचना देकर आपूर्ति रुकवाई गई। जिसके बाद अजय,प्रदीप,जगन्नाथ सिंह अभिषेक आदि लोगों ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अध्यक्ष आलोक तिवारी के भाई उत्तम तिवारी की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पूरी तरह आग पर काबू पाया। विनीत कुमार पांडेय ने बताया कि अग्निकांड में नए कंप्यूटर,प्रिंटर व मोबाइल के अलावा रिपेयरिंग के लिए आये मोबाइल भी जलकर नष्ट हो गए हैं।

# विकासखंड त्रिवेदीगंज में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत योगिनी तालाब स्थित महादेव मंदिर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय दहिला तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रमशः विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के संघर्ष, त्याग और बलिदान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा भी उन्हीं वीर क्रांतिकारियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने का माध्यम है। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि तिरंगा भारत के आन, बान



और शान का प्रतीक है। देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए उन्होंने हर नागरिक से अपने घर पर गर्व के साथ तिरंगा फहराने की अपील की। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा एमएलसी प्रतिनिधि अवधेश सिंह चंदेल जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान सचिन सिंह प्रधान भानु बाजपेई प्रधान अजय प्रताप सिंह अभय प्रताप सिंह जितेंद्र प्रताप सिंह पंकज सिंह मनोज सिंह रामेंद्र सिंह सोनू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

# सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजा 'हर-हर महादेव'

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



सावन के दूसरे सोमवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कल्याणी नदी के पावन तट पर स्थित अति प्राचीन बुढ़वा बाबा शिव मंदिर में भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला। देर रात से ही मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सोमवार तड़के करीब तीन बजे से शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला दोपहर तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में पूरे दिन हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए।

# नशे के खिलाफ जागरूकता व एक शिक्षा-एक पाठ्यक्रम आत्म सम्मान से जुड़ा मुद्दा : कौशल किशोर

- 13 सितम्बर को लखनऊ में होगी विशाल आत्मसम्मान रैली

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने 13 सितम्बर को लखनऊ में आयोजित होने वाली आत्म सम्मान रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के आत्मसम्मान, शिक्षा, युवा पीढ़ी के भविष्य और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध संघर्ष के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। वे सोमवार को एलआईसी के पीछे स्थित एक लॉज में पारख महासंघ की जिला इकाई के कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं में तेजी से बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा आज युवा पीढ़ी को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। उन्होंने कहा कि लोग उनसे अक्सर कहते हैं कि नशे की दुकानें बंद करा दीजिए। उनका कहना था कि दुकानदार किसी को नशा खरीदने के लिए बुलाने नहीं जाता, बल्कि लोग स्वयं दुकान पर जाकर नशा खरीदते हैं। यदि लोग नशा खरीदना बंद कर दें तो ऐसी दुकानें स्वतः बंद हो जाएंगी। कौशल किशोर ने कहा कि देश में ड्रग्स, मॉर्फीन और स्मैक की सामान्य रूप से कोई दुकान नहीं होती, इसके बावजूद इनका सेवन तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए केवल कानून बनाने से नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं में जागरूकता पैदा करने से नशे की समस्या पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि कक्षा पांच से ही बच्चों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर दी जाए।

## सूचना

मैं, राम नाथ, आयु लगभग 52 वर्ष पुत्र श्री केशन, निवासी रसूलपुर, मरखापुर, पोस्ट मरखापुर, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश 225122, सभी संबंधितों को सूचित करता हूँ कि मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश 'नत्था राम' दर्ज हो गया है जिसका आधार क्रमांक 374380100938 है। मेरा वास्तविक नाम 'राम नाथ' है और राशन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है और भविष्य में मुझे 'राम नाथ' के नाम से ही जाना जाए।

राम नाथ
पुत्र श्री केशन
निवासी-रसूलपुर, मरखापुर
पोस्ट-मरखापुर, जिला-बाराबंकी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं को ब्रज धाम की आध्यात्मिक यात्रा का दिया विशेष उपहार

# कृष्ण भक्त कर पाएंगे मथुरा, वृंदावन व बरसाना की धार्मिक यात्रा

- 2025 में मथुरा में 10.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ आगमन




समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं को ब्रज धाम की आध्यात्मिक यात्रा का विशेष उपहार दिया है। विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने तीन दिन और दो रात का कृष्ण लीला टूर पैकेज शुरू किया है। यह विशेष पैकेज श्रद्धालुओं को मथुरा, वृंदावन, गोकुल और बरसाना जैसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन एक ही यात्रा में कराएगा। यात्रा का शुभारंभ लखनऊ से सुबह 08:00 बजे होगा। यह पैकेज आध्यात्मिक पर्यटन को नई उड़ान देने के साथ कृष्ण-ब्रज सर्किट को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कृष्ण लीला टूर पैकेज विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान की उस व्यापक सोच का साकार स्वरूप है, जिसके माध्यम से प्रदेश की धार्मिक पर्यटन विरासत को देश-विदेश के अधिकाधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल कृष्ण-ब्रज सर्किट को मजबूती प्रदान करने के साथ श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने बताया कि ब्रज क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज़ा लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या से लगाया जा सकता है। वर्ष 2025 में मथुरा में 10.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि ब्रज रंगोत्सव-2025 में 44 लाख से अधिक लोगों ने सहभागिता कर इस सांस्कृतिक महोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया। वहीं वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में ही लगभग 1.90 करोड़ पर्यटकों के आगमन ने यह स्पष्ट किया कि ब्रज क्षेत्र देश के सबसे तेजी से उभरते आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर चुका है।

### यात्रा पैकेज उपलब्ध

परिवारों एवं छोटे समूहों की सुविधा और बजट को ध्यान में रखते हुए इस विशेष टूर पैकेज को किफायती दर पर तैयार किया गया है। यात्रियों के लिए वातानुकूलित सेडान एवं क्रिस्टा वाहनों की व्यवस्था की गई है। सेडान वाहन का पैकेज प्रति व्यक्ति 10,400 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं, क्रिस्टा वाहन का पैकेज प्रति व्यक्ति 10,150 रुपए तय किया गया है। सेडान या क्रिस्टा पैकेज के लिए कम से कम दो यात्रियों का होना अनिवार्य होगा।

### इन मंदिरों के होंगे दर्शन

तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन श्रद्धालु वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर, रंगजी मंदिर, निधिवन, वैष्णो देवी मंदिर और अक्षय पात्र मंदिर के बाद प्रेम मंदिर के दर्शन करेंगे। दूसरे दिन, मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, विश्राम घाट, भूतेश्वर महादेव मंदिर, गोवर्धन धाम, म्यूजियम, गीता मंदिर, पोतरा कुंड, गोकुल गांव और गोवर्धन की यात्रा कराई जाएगी। वहीं, तीसरे एवं अंतिम दिन श्रद्धालु बरसाना स्थित राधारानी मंदिर, इस्कॉन मंदिर और श्री राधा दामोदर मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।


### टूर पैकेज में और क्या?

यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के लिए यूपीएसटीडीसी ने कृष्ण लीला टूर पैकेज में आवास, नाश्ता, जलपान, हाई-टी, प्रशिक्षित गाइड, स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल की हैं। इससे श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थलियों की आध्यात्मिक यात्रा का आनंद ले सकेंगे। हालांकि, दोपहर और रात्रि भोजन की व्यवस्था एवं उसका खर्च यात्रियों को स्वयं वहन करना होगा।

### ब्रज सर्किट को मिलेगी विशिष्ट पहचान

यूपीएसटीडीसी के अध्यक्ष अमृत अभिजात ने कहा कि कृष्ण लीला टूर पैकेज को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आध्यात्मिक अनुभव को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पहल यात्रियों को ब्रज क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों का सहज दर्शन कराने के साथ-साथ वहां की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से भी परिचित कराएगी। उनका विश्वास है कि यह पैकेज ब्रज सर्किट को देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच विशिष्ट पहचान दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी नई गति प्रदान करेगा। बुकिंग के लिए इच्छुक यात्री यूपीएसटीडीसी के हेल्पलाइन नंबर 9149099890 एवं 7985816467 पर संपर्क कर सकते हैं।

## झारखंड छात्रों के बीच कब जाएंगे राहुल : केशव प्रसाद मौर्य



समृद्धि न्यूज, लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रयागराज जाने वाले राहुल गांधी झारखंड के छात्रों के बीच जाकर अपना आईना कब देखेंगे उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राहुल, अगर आपकी लड़ाई वास्तव में छात्रों के भविष्य और पारदर्शी परीक्षाओं के लिए है तो झारखंड जाकर आंदोलनकारी अभ्यर्थियों की पीड़ा सुनकर राज्य में अपनी गठबंधन सरकार से जवाब मांगने की हिम्मत करिए। केवल भाजपा शासित राज्यों में सक्रियता और अपनी गठबंधन सरकारों के मामले में निष्क्रियता नहीं चलेगी। आपके राजनीतिक पर्यटन से देश की तरुणाई अब 'भ्रमित' नहीं होने वाली। इससे उनका और उनके ख़ानदान का यह दोहरा चरित्र उजागर होता है। झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं की कथित धांधलियों, पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया की अनियमितताओं और आमरण अनशन कर रहे युवाओं के मामले में वहां छात्रों की आवाज़ पर 'मौन' साध लेना राहुल जी की 'सुविधावादी राजनीति' को उजागर करता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश को नैतिकता का पाठ पढ़ाने के लिए कांग्रेस के पास कोई नैतिक आधार नहीं है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को लिखी पाती

- सीएम ने की कांवड़ यात्रा को सेवा का उत्सव बनाने की अपील

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास पर प्रदेशवासियों के नाम पाती लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में लिखा है कि श्रावण में निकलने वाली कांवड़ यात्रा एक अनुपम परंपरा है, जो प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं को शिवभक्ति के सूत्र से जोड़ती है।

मुख्यमंत्री ने लिखा कि मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों, भारतीय परंपराओं में कुछ यात्राएं धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं होतीं, अपितु वे समाज, संस्कृति, अनुशासन एवं लोकजीवन की जीवंत पाठशाला भी बन जाती हैं। श्रावण में निकलने वाली कांवड़ यात्रा ऐसी ही एक अनुपम परंपरा है, जो प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं को शिवभक्ति के सूत्र से जोड़ती है।

योगी ने कहा कि प्रत्येक शिवभक्त की यात्रा सम्मानपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित है। व्यवस्थित शिविर, शुद्ध पेयजल, चिकित्सकीय सहायता,



शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी यातायात प्रबंधन तथा नियंत्रण कक्ष से सतत निगरानी के माध्यम से यात्रा को सुचारु बनाया गया है।

उन्होंने कांवड़ियों से अपील करते हुए कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कांवड़ यात्रा को सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा का उत्सव बनाएं।

पर्यावरण-अनुकूल कांवड़ अपनाएं तथा प्लास्टिक-मुक्त जीवन का संकल्प लें। यदि मार्ग में एंबुलेंस अथवा विद्यालय वाहन जा रहा हो, तो उसे प्राथमिकता दें। हमारी छोटी-सी सजगता किसी के लिए बड़ी सहायता बन सकती है।

## खबरें एक नजर में

### जस्टिस मोर्चा 12 अगस्त से शुरु करेगा जनसंपर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा, रोज़गार, समान अवसर और युवाओं से जुड़े गंभीर सवालों को लेकर युवाओं द्वारा गठित 'जस्टिस मोर्चा' की आज लखनऊ के प्रेस क्लब में आधिकारिक घोषणा की गई। जस्टिस मोर्चा की प्रमुख मांगों में वार्षिक भर्ती परीक्षा कैलेंडर जारी कर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निर्धारित समय में करने, स्वीकृत लेकिन रिक्त पड़े सभी सरकारी पदों को तत्काल भरने, लंबित सभी भर्तियों को तत्काल पूरा कर नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से समाप्त करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने व नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया समाप्त कर प्रत्येक अभ्यर्थी को विस्तृत स्कोर कार्ड उपलब्ध कराना मुख्य हैं। जस्टिस मोर्चा के पदाधिकारियों ने सोमवार को बताया कि प्रदेशव्यापी जनसंपर्क अभियान 12 अगस्त से शुरू होगा और 20 अगस्त से चौरी चौरा, गोरखपुर से एक साइकिल यात्रा की शुरुआत होगी, जो 2 अक्टूबर को लखनऊ में समाप्त होगी। इसके अलावा साइकिल यात्रा के साथ-साथ अगले 50 दिनों तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में जनसंवाद होगा। इस अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस में सुधांशु, अर्पिता, गोविंद, देवेश, प्रियेश, मृत्युंजय, विशाल, विवेक, बृजेश, अवनीश, महेंद्र, सूफी, राघव, सत्यम, नीरज शामिल रहे।

### 73,184 नए आवासों को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के 137 नगर निकायों में 73,184 नए आवासों के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही योजना के बीएलसी घटक के अंतर्गत प्रदेश में कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 4,88,526 हो जाएगी। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवासीय परियोजनाओं का कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने तथा परियोजनाओं की नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यों में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलम्ब न हो। बैठक में प्रमुख सचिव, नगर विकास पी. गुरूप्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान का विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में विशेष रूप से दिव्यांगजनों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे शिदव्यांगजन रोजगार अभियान-3.0 की समय-सीमा बढ़ा दी गई है।पूर्व में 3 अगस्त से 10 अगस्त तक निर्धारित इस अभियान की तिथि को जनहित में विस्तार देते हुए अब 13 अगस्त तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य निर्धारित रोजगार लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना तथा प्रदेश के अधिक से अधिक दिव्यांग युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों से जोड़कर लाभान्वित करना है। अभियान को मिल रहे सकारात्मक रुझान और आवेदनकर्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय-सीमा का विस्तार किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला स्तरीय टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे विस्तारित तिथि तक कार्यक्रम का सुचारू और प्रभावी संचालन करें। प्रदेश के पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे बढ़ाई गई अवधि का अधिकतम लाभ उठाएं और 13 अगस्त तक अपने पंजीकरण एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण कर योजना से जुड़ें।

### 17 को श्री कोतवालेश्वर महादेव की नगर भ्रमण यात्रा

**लखनऊ।** चौक स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव सावन के तीसरे सोमवार 17 अगस्त को शाम 4 बजे चांदी की पालकी में बैठकर नगर का भ्रमण यात्रा करेंगे। यह जानकारी मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता में देते हुए श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्री विशाल गौड़ ने देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोतवालेश्वर महादेव यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महंत ने बताया मंदिर से निकलते ही श्री कोतवालेश्वर महादेव जी को लखनऊ प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफऑनर प्रदान किया जाएगा यात्रा चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर चौक चौराहा, खुन-खुन जी रोड कोनेश्वर मंदिर में हरिहर का दिव्य एव अद्भुत मिलन होगा। तत्पश्चात यात्रा कोणेश्वर चौराहा घूम कर, चौक चौराहा, कंचन मार्केट, चरक चौराहा, कमला नेहरू मार्ग होते हुए, श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न होगी व विशेष पूजन किया जाएगा।

## राजभर को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 में शामिल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाक़ात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थियों ने उनसे मांग करते हुए कहा की राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की संस्तुति के अनुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 68,500 शिक्षकों की भर्ती परीक्षा के उत्तीर्णांक में 05 प्रतिशत की छूट देते हुए पूर्णांक 150 में 60 अंक अर्थात 40 प्रतिशत पर परिणाम संशोधित करा कर नई सूची जारी करें। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन के साथ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट भी सौंपी।

मंत्री अनिल राजभर ने इस प्रकरण पर मुख्यमंत्री से वार्ता कर सकारात्मक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन अभ्यर्थियों को दिया है। मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दलितों पिछड़ों के साथ है।

अभ्यर्थी तूफान सिंह ने बताया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती 2018 के संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तीर्णांक में 05 प्रतिशत की छूट प्रदान किए जाने एवं सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की संस्तुति की गई है। जिसमें ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ-साथ दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक स्वंय/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों आदि को भी लाभ मिलेगा।

ज्ञापन देने वालों में इस भर्ती का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी आशुतोष वर्मा, अखिल यादव और नवीन चौधरी शामिल रहे।

## छह जिलों में आयोजित होंगी अग्निवीर भर्ती रैलियां

- मुख्य सचिव ने दिए व्यवस्था कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैलियों की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अग्निवीर भर्ती की यह तीसरी रैली आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा अभ्यर्थियों के प्रतिभाग



करने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि भर्ती स्थलों पर आवागमन, ठहरने, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात प्रबंधन की पर्याप्त एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाओं की समय से समीक्षा कर आवश्यक कमियों को दूर किया जाए।

मुख्य सचिव ने आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में चिकित्सकीय एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि मेरठ में 17 अगस्त से 9 सितंबर 2026, बरेली में 14 सितंबर से 30 सितंबर 2026, लखनऊ में 11 जनवरी से 28 जनवरी 2027, वाराणसी में 2 फरवरी से 27 फरवरी 2027, आगरा में 4 मार्च से 24 मार्च 2027 तथा अयोध्या में 29 मार्च से 14 अप्रैल 2027 तक अग्निवीर भर्ती रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

### रसायनिक उर्वरकों के साथ गोबर की खाद भी उपलब्ध करायेगी सरकार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कृषि में लागत घटे और उत्पादन बढ़े, इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। नित नई नई योजनाएं लागू करने का क्रम जारी है। प्रदेश के प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र ने बताया कि किसानों की केवल रसायनिक उर्वरकों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता कम करनी होगी। हमारी योजना है कि हम किसानों को गोबर की खाद उपलब्ध कराएं। हमारा प्रयास होगा कि हम रसायनिक खाद के साथ गोबर की खाद अनिवार्य करें ताकि भूमि की स्थाई उर्वरता बढ़े और इससे उपज बढ़नी स्वाभाविक है। प्रमुख सचिव ने यहां तक कहा कि प्रयोग के तौर पर हम गौशालाओं और डेयरी संचालकों की मदद ले सकते हैं।

## मायावती ने की भाजपा-आप से सतर्क रहने की अपील

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संत रविदास के नाम पर कलश यात्रा निकाले जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव नजदीक आते ही भाजपा समाज को भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अपने समाज से भाजपा के साथ ही आम आदमी पार्टी (आआपा) की वोटबैंक की राजनीति से सतर्क रहने की अपील की है।

मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि जैसाकि विदित है कि 10 अगस्त 2019 को दिल्ली के



तुग़लकाबाद में संत रविदास के पवित्र गुरुघर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से ढहा दिया गया था। इसके विरोध में देशभर की संगत जब लोकतांत्रिक ढंग से सड़कों पर उतरी तो तब उन्हें लाठीचार्ज, आँसू गैस, गिरफ्तारियां और मुकदमों आदि का सामना करना पड़ा। काफी लोगों को जेल भी जाना पड़ा। इतना ही नहीं गुरुघर की भूमि भी छीन ली गई और आज भी संगत को लोहे के अस्थायी टीन शेड में अपने गुरुजी को माथा टेकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

मायावती ने कहा कि अब पंजाब में चुनाव नज़दीक है तो भाजपा संत रविदास के नाम पर कलश यात्रा निकालकर गुरुजी के बेगमपुर शहर के लक्ष्य से समाज को भटाकने का प्रयास कर रही है। दूसरी ओर पंजाब के धलेता गांव में गुरुघर की दीवार गिराए जाने पर जब संगत और बसपा ने आवाज़ उठाई तो गिरफ्तारियां की गईं। अंत में फिर आआपा की सरकार को झुकना पड़ा और गुरुघर का पुनर्निर्माण कराना पड़ा।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए विकल्प परिवर्तन का मौका

15 अगस्त तक खुला रहेगा पोर्टल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) में संचालित व्यवसायों, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों एवं पीपीपी मॉडल पर संचालित राजकीय संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए विकल्प परिवर्तन (संस्थान/व्यवसाय) के लिए एससीवीटी पोर्टल खोला गया है। यह जानकारी प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव/ अधिशासी निदेशक एस.सी.वी.टी. अभिषेक सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि सर्वसाधारण के लिए 09 अगस्त 2026 से 12 अगस्त 2026 तक विकल्प परिवर्तन के लिए पोर्टल खोला गया है। साथ ही अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट http://www. scvtup.in पर नवीन ऑनलाइन आवेदन/ पंजीकरण एवं विकल्प परिवर्तन (संस्थान/व्यवसाय) के लिए 15 अगस्त 2026 रात्रि 12.00 बजे तक एससीवीटी पोर्टल खुला रहेगा।

इसके पश्चात आवेदन/ पंजीकरण/ विकल्प परिवर्तन के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन में सहायता के लिए विवरणी (दिशा-निर्देश) ई-फॉर्म में वेबसाइट www. scvtup. in पर उपलब्ध है।

## गंभीर न्यूरोसर्जरी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन

- सिविल चिकित्सालय में पहली बार जटिल ऑपरेशन
- निदेशक जीपी गुप्ता नें पूरी टीम को दी बधाई

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में न्यूरोसर्जन की तैनाती के बाद पहली बार गंभीर न्यूरोसर्जरी का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। चिकित्सालय में न्यूरोसर्जरी की यह उपलब्धि गंभीर एवं जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. जी.पी. गुप्ता ने सफल शल्यक्रिया के लिए पूरी शल्य टीम को बधाई देते हुए कहा कि सिविल चिकित्सालय पीड़ित मानवता की सेवा के लिए पूरी तरह तत्पर है।

तैयारी


चुनाव से पहले फिर दुरुस्त होंगी मतदाता सूचियां

# एसआईआर के बाद अब एसएसआर की तैयारी

- सितंबर से शुरू हो सकता है विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण
- जनवरी में जारी होगी अंतिम सूची

अनुराग शुक्ल।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों को पूरी तरह दुरुस्त करने की एक और बड़ी कवायद शुरू होने जा रही है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अब चुनाव आयोग विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कराने की तैयारी में है। आयोग के स्तर पर इसकी प्रक्रिया सितंबर से शुरू होने की संभावना है। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे और पात्र लोगों के नाम जोड़ने के साथ अपात्र, मृतक अथवा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। एसएसआर की पूरी कवायद के बाद जनवरी में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित किए जाने की तैयारी है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले यह पुनरीक्षण बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोग का जोर इस बात पर रहेगा कि कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए और मृतक, स्थानांतरित अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम सूची में बने न रहें।



उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल को जारी की गई थी। इसमें प्रदेश में कुल 13.39 करोड़ से अधिक मतदाता दर्ज हैं। अब केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम जारी होने के बाद एसएसआर की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसके तहत सबसे पहले मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद दावे और आपत्तियां आमंत्रित कर उनका निस्तारण किया जाएगा। एसएसआर के दौरान बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं की स्थिति का सत्यापन करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर जा चुके, मृतक और लंबे समय से अनुपस्थित मतदाताओं को चिह्नित किया जाएगा। वहीं नए मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। किसी नाम को हटाने के लिए फॉर्म-7 और नाम, पता, उम्र अथवा अन्य विवरण में संशोधन या विधानसभा क्षेत्र परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 का इस्तेमाल होगा।

### घर-घर पहुंचेगा बीएलओ, शनिवार-रविवार को विशेष अभियान

आयोग के सूत्रों के अनुसार एसएसआर के लिए करीब 30 से 40 दिन का कार्यक्रम निर्धारित किया जा सकता है। इस दौरान शनिवार और रविवार को विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इन दिनों प्रत्येक बीएलओ संबंधित मतदान केंद्र पर मतदाता सूची और सभी आवश्यक फॉर्म के साथ मौजूद रहेगा, ताकि मतदाता मौके पर ही अपने नाम और विवरण से संबंधित आवेदन कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) पूरे अभियान की निगरानी करेंगे। दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया मैनुअल ऑन इलेक्टोरल रोल्स-2023 के प्रावधानों के तहत पूरी की जाएगी।

### चुनावी तैयारियों के लिहाज से अहम कवायद

विधानसभा चुनाव से पहले होने वाले इस पुनरीक्षण को चुनाव आयोग की तैयारियों की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। एसआईआर के बाद एसएसआर के जरिए मतदाता सूची को एक बार फिर अपडेट किया जाएगा। इससे नए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जबकि मृतक और स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकेंगे। जनवरी में अंतिम सूची जारी होने के बाद यही सूची आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आधार बनेगी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में मेस फीस वृद्धि के खिलाफ आक्रोशित छात्रों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न छात्रावासों की मेस फीस में भारी वृद्धि कर दी गई है। साथ ही मेस फीस भुगतान के लिए दो किश्तों की सुविधा को खत्म कर एकमुश्त भुगतान करने का निर्णय लिया है। इसके खिलाफ छात्रावास के छात्रों ने सोमवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सामने जोरदार नारेबाजी के साथ धरना-प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

छात्रों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष छात्रावासों की मेस फीस में काफी वृद्धि कर दी गई है। साथ ही फीस भुगतान को दो किश्तों के बजाय एक साथ भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। पहले मेस की



फीस 37,310 रुपये प्रति छात्र प्रतिवर्ष थी, जिसे अब बढ़ाकर 40 हजार रुपये प्रति छात्र प्रतिवर्ष कर दी गयी है। इसी के साथ छात्रों को छात्रावास आवंटित किए बिना तीन सप्ताह पहले से ही कक्षाओं का संचालन कर दिया गया है। छात्रों का आरोप है कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान करने की सोची-समझी साजिश है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो और वे पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने ज्ञापन मुख्य कुलानुशासक राकेश द्विवेदी और मुख्य छात्रावास अधीक्षक आशीष अवस्थी को सौंपा। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया है कि उच्च अधिकारियों से चर्चा-परिचर्चा कर दो दिनों के भीतर समाधान किया जाएगा। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर यदि दो दिनों के अंदर सम्मानजनक फैसला नहीं लिया गया तो इससे बड़ा धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

- सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



श्रावण का पवित्र माह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। वैसे तो सावन माह के प्रत्येक दिन शिवभक्त शिवलिंग की पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करते हैं वही पवित्र मास के प्रत्येक सोमवार की अलग ही महत्वता है। अलग अलग शिवालयों पर शिवभक्त कावड़ यात्रा के जरिए गंगाजी से पवित्र जल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को तहसील क्षेत्र के शिवालयों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से शिवभक्तों की लंबी कतारें लगी रही। नगर के हरे राम तालाब पर स्थित शिव मंदिर, डांक बंगला स्थित सोमेश्वर नाथ शिव मंदिर, गढ़ी मोहल्ला स्थित ओंकारेश्वर नाथ शिव मंदिर, कटरा बाजार स्थित देवी स्थान, कबीरदान मंदिर, कसभरा स्थल स्थित राधा कृष्ण मंदिर, कुरगांजा मोहल्ला स्थित शिव मंदिर, सूखे बाबा शिव मंदिर, नाहिल के शिव मंदिर, धारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, बितौनी के नवीन शिव मंदिर, करनापुर स्थित शिव मंदिर, गंगसरा स्थित लहिया बाबा शिव मंदिर, जेवा स्थित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर पर सुबह से ही शिव भक्तों ने घंटों लाइन में लग कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के साथ भक्तों ने शिवलिंग पर बेल पत्र, धतूरा, भांग, शमी पत्र, दूध, दही, मधु, गंगाजल आदि अर्पण कर पूजा अर्चना की। अनेकों मंदिरों पर शिवभक्तों ने रुद्राभिषेक का आयोजन किया। शिवभक्तों द्वारा हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजाय मान हो गए। वही तहसील से होकर गुजरने वाले कावरियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। अधिक भीड़ भाड़ वाले शिव मंदिरों के साथ जगह जगह पुलिस मुस्तैद रही।

## सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार में सोमवार दोपहर करीब एक बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्यकर्मियों में हलचल दिखाई दी। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों की उपस्थिति समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमओ के निरीक्षण की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार भी अस्पताल पहुंच गए। पत्रकारों ने जब निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की तो सीएमओ कैमरे से बचते हुए नजर आए। वह पत्रकारों के कैमरे के सामने आने से कतराते दिखाई दिए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कौन-कौन सी कमियां मिलीं, कितने कर्मचारियों की उपस्थिति रही और सीएमओ ने क्या निर्देश दिए, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। सीएमओ की ओर से प्रतिक्रिया मिलने के बाद ही निरीक्षण की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को रात करीब ढाई बजे मोहल्ला उम्मरपुर निवासी दीपक पुत्र बालकराम 38 ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे गई है।

### घर के पास खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पनवाड़ी में घर के पास खड़े ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर ट्रैक्टर मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव पनवाड़ी निवासी चंद्रकांत ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका ट्रैक्टर घर के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौका पाकर ट्रैक्टर में लगी बैटरी चोरी कर ली। सुबह जब वह ट्रैक्टर के पास पहुंचे तो बैटरी गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बैटरी का कोई पता नहीं चल सका। चंद्रकांत ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी हुई बैटरी बरामद कराने की मांग की है।

### खुटार में कांवड़ यात्रियों की बाइकों में भिड़ंत, दो घायल



**खुटार, शाहजहांपुर।** सोमवार को कांवड़ यात्रा के दौरान खुटार क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर हो गई। दुर्घटना में दो कांवड़ यात्री घायल हो गए, जबकि दो अन्य के मामूली रूप से चोटिल होने की बात सामने आई है। घायल कांवड़ यात्री मुकेश कुमार के अनुसार वह अपने साथी विपिन कुमार के साथ कछला घाट, बिलसंडा से जल लेकर गोला मंदिर में चढ़ाने जा रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रही कांवड़ यात्री की बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मुकेश और विपिन घायल हो गए। हादसे के बाद डायल-112 के आरक्षी अजय कुमार और होमगार्ड दृगपाल सिंह ने तत्काल घायलों की मदद की और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। चिकित्सकों ने यहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि दुर्घटना में चार लोग प्रभावित हुए, जिनमें दो को हल्की चोटें आईं और दो का सीएचसी में उपचार कराया गया।

### हाईवे किनारे झाड़ियों में मिला अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे स्थित प्रधान ढाबा के समीप झाड़ियों में एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने बताया कि सोमवार सुबह प्रधान ढाबा से करीब 250 मीटर आगे झाड़ियां में एक शव पड़ा होने की सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराये जाने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मृतक से संबंधी नमूले कलेक्ट किए। तदोपरांत शव को सील कर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया गया। कोतवाल ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है।

# मदनापुर का श्री अविकंपन योग आश्रम शिवधाम बना आस्था का केंद्र

- सावन में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब
- पहाड़नुमा कलाकृति से सजा शिवधाम

**समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।**



कस्बे से करीब एक किलोमीटर दूर बुधवाना रोड पर गांव फिरोजपुर डूडा के पास स्थित श्री अविकंपन योग आश्रम शिवधाम इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

सामान्य दिनों में भी यहां भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन सावन माह में शिवधाम की रौनक देखते ही बनती है। पूरे सावन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और विशाल मेले का आयोजन होता है।

शिवधाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सावन भर कांवरिये हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शिवधाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। मेले में दूसरे जिलों से आने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानें सजाते हैं, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण के साथ मेले की रंगत में रंग जाता है।

### 2011 में हुआ था शिवधाम का निर्माण

श्री अविकंपन योग आश्रम शिवधाम मंदिर का निर्माण वर्ष 2011 में बदायूं जनपद स्थित सोई आश्रम के महंत विदेह नंदिनी शरण महाराज के सहयोग एवं प्रयासों से कराया गया था। मंदिर निर्माण के लिए कस्बा निवासी महिपाल सिंह ने भूमि दान की थी।मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू होने के बाद धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। कुछ ही वर्षों में यह स्थान मदनापुर और आसपास के क्षेत्र के साथ-साथ बदायूं, बरेली, पीलीभीत समेत कई जनपदों के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया।

### पहाड़ और गुफानुमा कलाकृति है शिवधाम की खास पहचान

श्री अविकंपन योग आश्रम शिवधाम मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पहाड़ और गुफानुमा कलाकृति है। मंदिर की अनूठी बनावट श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। शिवधाम पहुंचने वाले भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन के साथ मंदिर की विशेष कलाकृतियों को भी देखते हैं।सावन माह शुरू होने से पहले ही मंदिर परिसर में मेले की तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## थाना प्रभारी ने की प्रधानों के साथ बैठक



**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** सड़को पर घूम रहे आवारा गोवंशों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर थाना परिसर में क्षेत्र के तमाम गांवो के ग्राम प्रधानों के साथ थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने मीटिंग कर अपने-अपने क्षेत्र में गौवंश पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाने की अपील की। यथासंभव पुलिस के सहयोग का आश्वासन दिया। आए दिन रोड पर गोवंशो के कारण हो रही दुर्घटनाओ में गोवंश की तो दुर्दशा होती ही है। साथ ही असमय बाइक सवार गोवंश से टकराकर काल के गाल में समा रहे हैं साथ ही किसान भी इनसे परेशान है। बैठक मैं मीटिंग भाग लेने वाले प्रधान संजय वर्मा, मनोज कुमार, ध्रुव सिंह, शरद सिंह, गिरीश दीक्षित,रामकुमार, जन्मेजय, राम मोहन शुक्ला, नमन कुमार, नरेंद्र कुमार, आदि प्रधान मौजूद रहे।

# आज होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

अपरिहार्य कारणों से 10 अगस्त को स्थगित हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अब 11 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर अर्चना वर्मा द्वारा डॉ. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज खिरनीबाग में किया जाएगा। इस दौरान डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा की मौजूदगी में दोपहर 12 बजे बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 1 से 19 वर्ष तक की आयु के 16,88,991 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में भी बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई जाएगी। अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यालयों के शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बच्चों के पेट में मौजूद कृमि पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं। इसके कारण बच्चों में एनीमिया, कुपोषण तथा शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसी को देखते हुए बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। 11 अगस्त को किसी कारणवश दवा से वंचित रहने वाले बच्चों को 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी केंद्र या संबंधित विद्यालय में पहुंचाकर कृमिनाशक दवा अवश्य खिलवाएं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आरबीएसके जिला प्रबंधक संतोष कुमार सहित स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## तीज का त्यौहार भगवान शिव- माता पार्वती के पुनर्मिलन की अटूट प्रेम कथा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा एक होटल में हरियाली तीज का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडीएम वित्त अरविंद कुमार सिंह की पत्नी सौम्या का चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर ने पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया क्लब के सभी सदस्य लहंगा साड़ी पहन कर एक सुंदर वेशभूषा में सोलह सिंगार करके इस कार्यक्रम में आए। उन्होंने बताया कि तीज का त्योहार मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन की अटूट प्रेम कथा की याद में मनाया जाता है। इस दिन सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति के लिए व्रत भी रखती हैं। आज के इस कार्यक्रम में क्लब के होस्ट लायन करिश्मा, लायन अमनप्रीत द्वारा कई गेम खिलाए गए और जीतने वाले को उपहार दिए गए तथा सभी ने डांस सिंगिंग करके इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडीएम वित्त अरविंद कुमार की पत्नी सौम्या द्वारा लायन पूनम गुप्ता को तीज क्वीन तथा हमारी गेस्ट तीज क्वीन मे अनुपमा दुबे को चुना गया। जिनको क्राउन पहनाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों और अतिथियों को तीज की शुभकामनाएं दी। चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव ,सचिव लायन प्रियंका बियानी, लायन हिमानी बंसल, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, सौम्या, अनुपमा दुबे तथा सभी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# जलालाबाद-ढाईघाट हाइवे पर फिर आया बाढ़ का पानी

- फिलहाल आवागमन में कोई बाधा नहीं

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**



क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिससे जलालाबाद-ढाईघाट,शमशाबाद स्टेट हाइवे पर ग्राम चैंरा के निकट एकबार फिर बाढ़ का पानी उतरने लगा है। हाइवे पर लगभग एक फिट गहराई में बह रहे बाढ़ के पानी में आवागमन सामान्य दिनों की तरह हो रहा है। शारदा नहर खंड सिंचाई विभाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कलान तहसील में भैंसार तटबंध पर गंगा के जलस्तर में बीते दिवस की अपेक्षा कुछ वृद्धि हुई है। भैंसार तटबंध पर लगे मीटर गेज के अनुसार गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 0'270 नीचे है। जबकि रविवार को यहां जलस्तर खतरे के निशान से 0'370 नीचे था। बाढ़ प्रभावित ग्राम पैलानी उत्तर,लोहार नगला, कटैला नगला आदि के बाशिंदों के अनुसार उनके गांवों के आसपास पहली ही बाढ़ का पानी भरा हुआ है। यहां बहुत धीरे धीरे बाढ़ का पानी बढ़ रहा है। जिससे फिलहाल कोई नुकसान नहीं है। निचले इलाके के कुछ खेतों में बाढ़ का पानी पहली बाढ़ में ही भर जाने से खरीफ की फसलें तो पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। पैलानी उत्तर के ग्रामीणों का कहना है कि ढाईघाट स्टेट हाइवे पर स्थित ग्राम चैंरा - बसोला नगला संपर्क मार्ग ग्राम इस्लाम नगर से आगे पिछली वर्ष की बाढ़ में कट गया था। तब प्रशासन ने उस कटे हुए मार्ग पर बड़ी पुलिया बनवा दी थी। यही पुलिया पैलानी उत्तर, कटैला नगला, लोहार नगला, भरतपुर, गुटेटी उत्तर, धीमरपुरा आदि गांवों के लिए बाढ़ का कारण बन गई है। जिससे गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से सबसे पहले इन्हीं गांवों में बाढ़ का पानी आ जाता है।

**इस्लामनगर-बसोला नगला संपर्क मार्ग पर नयी पुलिया बनी कई गांवों में बाढ़ का कारण:** पैलानी उत्तर, लोहार नगला, बाढ़ ग्रामीणों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में जरा सी वृद्धि होने से इस्लामनगर-बसोला नगला संपर्क मार्ग बनाई गई नई पुलिया से गंगा की बाढ़ का पानी सीधे निकलकर उनके गांवों में आ जाता है। जिससे गंगा से लगभग तीन किलोमीटर दूर बसे यह गांव जलमग्न हो जाते हैं। जबकि गंगा के तटवर्ती ग्राम आजाद नगर, इस्लामनगर, कमथरी आदि गांवों में अत्यधिक गंगा बढ़ने पर ही बाढ़ का पानी उक्त गांवों में पहुंचता है।

# सड़क हादसे में घायल की मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**



सोमवार सुबह सड़क हादसे में घायल हुए ई-रिक्शा चालक उमेर की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उमेर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां साजिदा बेगम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब छह बजे उमेर ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था। जैसे ही वह सिंधौली कस्बे में बाजार वाली गली के सामने हाईवे पर पहुंचा, तभी पुवायां की ओर से शाहजहांपुर की तरफ जा रही एक बस ने ओवरटेक करते समय ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक उमेर के अलावा नवीन और रामसेवक घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए दूसरे स्थान पर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। बताया गया कि उमेर की करीब आठ माह पहले थाना सिधौली क्षेत्र के गांव पसियाखेड़ा निवासी मंतशा के साथ शादी हुई थी। उमेर के दो भाई जुबेर और सुहेब तथा दो बहनें खुशनाज और खुशनसीब हैं। इनमें एक बहन की शादी हो चुकी है। हादसे में उमेर की मौत से पत्नी मंतशा और मां साजिदा बेगम समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया शव पीएम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग के फोटो के साथ अश्लील भाषा वायरल में आरोपी ने पुलिस को छकाया

**तिलहर - शाहजहांपुर।** विभिन्न फर्जी आईडी से नाबालिग किशोरी के फोटो के साथ अश्लील भाषा का वीडियो वायरल मामले में हिरासत में लिए गए आरोपी युवक ने नाटकीय ढंग से खुद को बीमार दर्शाकर पुलिस को खूब छकाया। दो बार सीएचसी ले जाने के बाद बिना कार्यवाही किए परिजनों को सुपुर्द करना पड़ा। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र की एक ग्रामीण महिला ने उसकी नाबालिग बेटी के फोटो के साथ अश्लील भाषा के साथ सोशल मीडिया पर विभिन्न फर्जी आईडी से बैरल के उसकी समाज में बदनामी करने की गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी अमित कुमार पुत्र बाबूराम ,

- दो बार सीएचसी ले जाने के बाद बिना कार्रवाई परिजनों को सौंपा

निगोही की मीना , अनिल व बंटू के खिलाफ सह पर उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में पुलिस ने रविवार अपरान्ह दो बजे मुख्य आरोपी अमित को हिरासत में ले लिया था। अमित ने अचानक बेहोशी का नाटकीय अभिनय कर पुलिस को सकते में डाल दिया। आनन फानन में पुलिस ने उसे सीएचसी लेजाकर मेडिकल चेकअप कराया। जिसमें कुछ भी बीमारी नहीं स्पष्ट हुई। उसे कोतवाली लाये जाने के बाद पुनः अमित बीमार जैसी हरकतें करने लगा। रात साढ़े आठ बजे उसे फिर सीएचसी ले जाया गया। फिर कुछ नहीं निकला। लेकिन अनिष्ट की आशंका के चलते आरोपी को उसके परिजनों के सुपुर्द करना पड़ा। इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव ने बताया कि अमित आईटी एक्ट का आरोपी था। और उसने बीमारी का ड्रामा कर सकते में डाल दिया। ऐसे में कोई कार्यवाही किए बिना ही उसे छोड़ना मजबूरी थी।

# जल जीवन मिशन की टंकी से कैमरे और तार चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

थाना सिंधौली क्षेत्र में चोरों ने जल जीवन मिशन की पानी की टंकी परिसर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दीवार पार कर परिसर में दाखिल हुए और कमरे के पास से तार व दो सीसीटीवी कैमरे चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन फुटेज साफ नहीं होने के कारण चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। थाना क्षेत्र के गांव बारापुर निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात करीब 12रू20 बजे अज्ञात चोर बाइक से जल जीवन मिशन की टंकी परिसर में पहुंचे। चोरों ने दीवार पार कर अंदर प्रवेश किया और टंकी के अंदर बने कमरे के पास पहुंचकर वहां लगे तार चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने दो सीसीटीवी कैमरे भी खोल लिए और उन्हें अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने घटना को बेहद सावधानी से अंजाम दिया। उनके चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। चोरी की पूरी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है और फुटेज में चोर बाइक से आते-जाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अंधेरा होने के कारण फुटेज स्पष्ट नहीं है। घटना की जानकारी होने पर अखिलेश कुमार ने सिधौली कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में भी चोरी की घटनाओं को लेकर चिंता बनी हुई है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया जानकारी मिली है तहरीर आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास की हार्ट फुलनेस की पहल

- रामचन्द्र मिशन आश्रम में 'स्कूल कनेक्ट-ट्रेन द ट्रेनर' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**




शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम और परीक्षा तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक और व्यक्तित्व विकास से जोड़ने की दिशा में रामचन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से रामचन्द्र मिशन आश्रम में दो दिवसीय 'स्कूल कनेक्टट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षित स्वयंसेवक तैयार करना था, जो विद्यालयों में हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के विभिन्न शैक्षणिक, जीवन-कौशल और व्यक्तित्व-विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तक पहुंचा सकें। स्कूल कनेक्ट की उत्तर प्रदेश प्रभारी अंजू श्रीवास्तव ने कहा कि हार्टफुलनेस स्कूल कनेक्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को जीवन-मूल्यों, आंतरिक जागरूकता और भावनात्मक संतुलन से जोड़ना है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सरल रिलैक्सेशन और ध्यान अभ्यास के माध्यम से एकाग्रता, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इंस्पायर कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को भी आंतरिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रभावी संवाद की दिशा में प्रेरित किया जाता है। प्रशिक्षण में बताया गया कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके लिए भी ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं, जो उन्हें स्वयं के आंतरिक विकास से जोड़ सकें।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को केवल कार्यक्रमों की जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि उन्हें फैसिलिटेटर और ट्रेनर की भूमिका के लिए भी तैयार किया गया। आयोजन में मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, जोनल कॉर्डिनेटर शालिनी मेहरोत्रा, आश्रम मैनेजर पी.के. सिंह श्री गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा,कृष्णा भारद्वाज आलोक श्रीवास्तव, हर्षवर्धन अग्रवाल, माया सिंह, रजनीश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# तीन तस्करों से 15 किग्रा अफीम डोडा, 48 हजार की नकदी व तीन मोबाइल बरामद

- पंजाब के दो व एक स्थानीय तस्कर से अफीम का डोडा खरीदने आए थे

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**





पुलिस के मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में मिर्जापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए डोडा की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 15 किलोग्राम अफीम का डोडा और 48 हजार की नकदी समेत तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरफ्त में आए तीन आरोपियों में दो पंजाब के रहने वाले हैं, जो डोडा खरीदने के लिए मिर्जापुर आए थे। जबकि तीसरा आरोपी स्थानीय निवासी ग्राम बहेरिया बताया गया है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुनिया शाहनजीरपुर बाजार के पास मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त होने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। रात करीब 11 बजे पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद दो बैगों में लगभग 15 किलोग्राम अफीम का डोडा और 48 हजार की नकदी समेत दो मोबाइल सेट बरामद हुए। पुलिस पूंछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम सुलख्खन सिंह पुत्र हंसराज व मान सिंह पुत्र बलकार सिंह निवासी बाजीगर बस्ती, थाना बनूढ़, जनपद पटियाला (पंजाब) बताया। तीसरा आरोपी ने अपना नाम द्रगपाल पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम बहरिया, थाना मिर्जापुर (शाहजहांपुर) बताया। पुलिस की पूछताछ में पंजाब प्रांत के आरोपी सुलख्खन सिंह और मानसिंह ने बताया कि वे पंजाब से डोडा खरीदने के लिए द्रगपाल के पास आए थे। उनके पास से बरामद 48 हजार रुपये डोडा खरीदने के लिए द्रगपाल को देने थे। इससे पहले कि डोडे की खरीद-फरोख्त हो पाती,पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय तस्कर दृगपाल ने पुलिस को बताया कि वह डोडा बेचने का काम करता है। इसी के मुनाफे से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने डोडा उपलब्ध करवाने वाले व्यक्ति के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पुलिस के अनुसार स्थानीय तस्कर दृगपाल अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके विरुद्ध कई मुकदमे थाने में दर्ज हैं। अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार, एसआई बन्टी कुमार, हेड कांस्टेबल मो. ईस्माइल, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और कांस्टेबल आकाश पुंडीर शामिल रहे। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय करने की तैयारी की जा रही है।

## ग्रामीण को पीटकर घायल करने के आरोप में दो प्रधान पुत्रों समेत चार नामजद

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** पैमाईश में जमीन पैतृक बताने से नाराज लोगों ने ग्रामीण को पीट कर लहू लुहान कर दिया। घायल के बेटे ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव मीर पुर माफी निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती पांच अगस्त को अपरान्ह करीब तीन बजे गाँव में लेखपाल व कानूनगो तालाब की नाप कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम प्रधान के नरवीर सिंह , जहान सिंह पुत्र मर्दन सिंह , अमर सिंह पुत्र छेदा लाल , गौरव पुत्र अमर सिंह ने उसके मकान के पास की जगह तालाब में नापने को कहा। इस पर उसके पिता ने उक्त जगह पैतृक बताई। आरोप है कि इसी बात पर उक्त लोग नाराज हो गये और उसके पिता शिवराज सिंह से गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारने पीटने लगे। नरवीर सिंह ने सिर में ईंट मार कर घायल कर दिया। गम्भीर हालत में पिता को जिला अस्पताल ले गया। जहां से गंभीरावस्था में उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जेल की सलाखों के पीछे थम गई सुधीर की जिंदगी

- बीमारी से जूझते बंदी ने तोड़ा दम, लखनऊ से चल रहा था लीवर की गंभीर बीमारी का इलाज



**शाहजहांपुर।** जिला कारागार की सलाखों के पीछे बीमारी से जूझ रहे बंदी सुधीर सिंह की सोमवार रात जिंदगी की जंग खत्म हो गई। लंबे समय से लीवर संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित सुधीर का लखनऊ से उपचार चल रहा था। चार अगस्त से उसे जेल के अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा था। सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे तत्काल शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज भेजा, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। जानकारी के मुताबिक, थाना रोजा क्षेत्र में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में सुधीर सिंह जिला कारागार में निरुद्ध था। वह लंबे समय से लीवर की बीमारी से पीड़ित था। बीमारी को देखते हुए उसे चार अगस्त को जिला कारागार के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जेल प्रशासन की ओर से उसका उपचार कराया जा रहा था और स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही थी। सोमवार रात अचानक सुधीर की हालत गंभीर हो गई। स्थिति बिगड़ते ही जेल प्रशासन ने बिना देर किए उसे उपचार के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज भेजा। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने बताया कि सुधीर सिंह लंबे समय से लीवर संबंधी बीमारी से पीड़ित था। उसका उपचार लखनऊ से भी चल रहा था। बीमारी के चलते उसे जेल अस्पताल में भर्ती रखा गया था। सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बंदी की मौत के बाद जेल प्रशासन ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्या के प्रयास के मामले में निरुद्ध सुधीर की मौत से उसके परिवार में भी शोक का माहौल है। बीमारी से जूझते एक बंदी की उपचार के दौरान हुई मौत ने जेल में स्वास्थ्य व्यवस्था और गंभीर रूप से बीमार बंदियों के उपचार को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कांवड़ियों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं: संजय गुप्ता

- साउथ सिटी गेट के सामने 10वें विशाल कांवड़ भंडारे का शुभारंभ
- कन्या भोज के साथ शुरू हुई सेवा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सावन के पावन महीने में कांवड़ियों की सेवा के लिए रविवार को जलालाबाद रोड स्थित साउथ सिटी गेट के सामने समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले की ओर से 10वें विशाल कांवड़ भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे की शुरुआत कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ हुई। इसके बाद कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान संजय गुप्ता के पुत्र श्रेय गुप्ता ने भी कांवड़ियों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद वितरण कर सेवा में सहभागिता की। भंडारे में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया है, जहां कांवड़ियों की सुविधा के लिए भोजन-पानी समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। मीडियाकर्मियों से बातचीत में समाजसेवी संजय गुप्ता ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। भंडारे का उद्देश्य केवल कांवड़ियों की सेवा करना नहीं, बल्कि हर वर्ग और हर समाज के लोगों की सेवा और सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि यह सब बाबा भोलेनाथ और टापर वाले बाबा की कृपा से संभव हो रहा है, हम तो केवल सेवा का माध्यम हैं।उन्होंने कहा कि जिसकी भी भगवान के प्रति आस्था है, वह भंडारे में आए और प्रसाद ग्रहण करे। यह भंडारा सभी के लिए है। अ उन्होंने शहरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। संजय गुप्ता ने कहा कि अच्छे कार्य करने का अवसर मिलना स्वयं ईश्वर की कृपा है और बाबा की कृपा से सेवा का यह क्रम लगातार आगे भी जारी रहेगा।

## 36 घंटे में चेन स्नेचिंग का खुलासा, मुठभेड़ में दो आरोपी घायल



सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चेन स्नेचिंग की घटना का पुलिस ने महज 36 घंटे में खुलासा करते हुए दो वांछित आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। कनवाखेड़ा से फायरिंग बट रोड के जंगल के पास पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कामिल पुत्र हसन अख्तर निवासी मैगलगंज, लखीमपुर खीरी और फरमान पुत्र यूसुफ निवासी नवाब मोहल्ला, चौखड़िया रोड मैगलगंज के रूप में हुई है। दोनों थाना कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 226/26, धारा 309(4) बीएनएस में वांछित थे। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक, दो तमंचे, कारतूस और पीली धातु की चेन के दो टुकड़े बरामद हुए हैं। कार्रवाई में स्वाट और कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मुठभेड़ में दोनों वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## खबरें एक नजर में

### पेट्रोलपंप के साथी सेल्समैन ने किया जानलेवा हमला

**तिलहर-शाहजहांपुर।** खर्चे के लिए रुपए न देने पर पेट्रोल पम्प के साथी सेल्समैन ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल सेल्समैन को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। कटरा क्षेत्र के गांव भुसौरी निवासी अनुज कुमार पुत्र महिपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कह है कि उसका भाई सौरभ परवेज पुर खानपुर में हाईवे स्थित साईं नाथ फिलिंग स्टेशन पर सेल्स मैन है। वह बीती छह अगस्त को डयूटी पर था। इसी दौरान उसके साथ पहले काम कर चुके बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला सिटी निवासी रजत पुत्र प्रमोद पम्प पर आया। आरोप है कि प्रमोद खर्च के लिए रुपये मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज करने लगा। जिसपर साथी सेल्स मैन्स ने समझा बुझा कर रजत को पम्प से भगा दिया। रजत देख लेने की धमकी दे कर चला गया। रात करीब 11 बजे रजत ने जान से मारने की नियत से सौरभ के सिर पर लोहे की राड से ताबड तोड कई प्रहार किये। जिससे सौरभ बुरी तरह से घायल हो गया। शोर होने पर अन्य सेल्स मैन्स आ गए और रजत को पकड़ कर कमरे में बंद कर दिया। सौरभ को इलाज हेतु अस्पताल भेजा। डयल 112 पर सूचना दी।

### पीएम पोषण योजना में सुधार की मांग

**सीतापुर।** पीएम पोषण योजना के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम फूल चंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित व जिला मंत्री हंसराज वर्मा के नेतृत्व में दिया गया। संघ ने भोजन की समय पर उपलब्धता, गैस सिलेंडर की आपूर्ति, भोजन की गुणवत्ता व मात्रा की जांच तथा जर्जर रसोईघरों की मरम्मत की मांग उठाई। महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय छंगापुर मामले में निष्पक्ष जांच कर वास्तविक जिम्मेदारी तय करने और संबंधित शिक्षिका पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग भी की गई। इस दौरान ब्लॉक पदाधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

### कार बाइक की टक्कर में पिता की मौत, बेटा गंभीर

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-दिल्ली पर मैगलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुनिया रना निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र रामचंद्र अपने बेटे चमन के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। बाइक चमन चला रहा था। जैसे ही वे NH-30 पर पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सत्येंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मैगलगंज कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सिर में गंभीर चोट लगने से घायल चमन को तुरंत अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चमन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## दूसरे सोमवार को पालिका स्टॉफ सभासदों व ठेकेदारों ने किया विशाल भंडारा



**तिलहर-शाहजहांपुर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरो में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर विभिन्न सामग्रियों को अर्पण कर भोले बाबा की पूजा अर्चना की। इस मौके पालिका स्टाफ सभासदों व ठेकेदारों ने सामूहिक रूप से भंडारा किया। सुबह से ही शिव भक्तों की नगर के विभिन्न शिवालयों में भीड़ उमड़ी रही। उधर स्टेशन रोड स्थित गौशाला गेट पर विशाल भंडारा किया गया। जिसमें जेई पीयूष मिश्रा, सभासद अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह सुशील, कमलदीप श्रीवास्तव, ठेकेदार सुनील शर्मा, अनुज सिंह तोमर, प्रदीप गुप्ता, मो ताहिर, राशिद खां, अरविंद कुमार, रामू आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, बच्चों से पढ़वाई पुस्तक

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को विकासखंड परसेंडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से छात्र-छात्राओं की संख्या की जानकारी लेने के साथ शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। डीएम ने रसोईघर पहुंचकर मिड-डे-मील की गुणवत्ता भी परखी। कक्षा-2 में बच्चों से संवाद करते हुए एक छात्रा से पुस्तक पढ़वाई। छात्रा द्वारा सही ढंग से पुस्तक पढ़ने पर जिलाधिकारी ने उसकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रधानाध्यापक को एमडीएम शेड की साफ-सफाई, जलपान और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही भोजन की गुणवत्ता स्वयं परखने और बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने को कहा। विद्यालय में स्पष्ट वाल पेंटिंग देखकर डीएम ने प्रधानाध्यापक की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दंत परीक्षण शिविर का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** रोटरी क्लब ने प्राथमिक विद्यालय, राजापुर में एक दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। दंत चिकित्सक डॉ. संजय मल्होत्रा द्वारा कक्षा प्रथम से पंचम तक के लगभग 200 बच्चों तथा विद्यालय के 12 शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का दंत परीक्षण किया गया। बच्चों को दाँतों की उचित देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दाँतों को सही तरीके से ब्रश करने की विधि डेंटल मॉडल के माध्यम से समझाई और बच्चों को बताया कि रात में सोने से पहले ब्रश करना दाँतों की सेहत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन मिठाई, चॉकलेट एवं टॉफी खाने से बचने की सलाह दी। उन्होंने समझाया कि अधिक मीठा खाने से दाँतों में कीड़ा लगने (Dental Caries) की संभावना बढ़ जाती है। शिविर के दौरान डॉ. संजय मल्होत्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग 80 प्रतिशत बच्चों के दाँत स्वस्थ एवं सामान्य पाए गए, जो एक संतोषजनक स्थिति है। बच्चों एवं विद्यालय के शिक्षकों तथा स्टाफ को दाँतों की नियमित देखभाल के लिए रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी की ओर से टूथपेस्ट एवं टूथब्रश भी वितरित किए गए।

# आजादी के 79 साल बाद भी ब्रिटिश कलेक्टर का महिमा मंडन

**एनके मिश्र**



**लखीमपुर खीरी।** देश आजाद हुए 15 अगस्त को 79 साल हो जाएंगे। जिले में शहीदों का जिला मुख्यालय पर एक शिलापट तक नही लगा है।। यूपी सरकार की सूची में जिले में सात शहीद है। इनमे केवल राज नारायण मिश्र की छोटी सी मूर्ति लगी है। वह भी बाउंड्री के अंदर है।सामने सड़क पर लोग वेल्डिंग का कारोबार करते है। जेल में बीमारी से मरे देवतादीन व नत्थू को शहीद माना गया पर शिलापट तक नही लगा। अंग्रेजों की गोली से मरे रम्पा तेली शहीद को भी सम्मान नही दिया गया। 26 अगस्त 1920 को तीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों नसीरुद्दीन, माशूर, बशीर नें तलवार से सर काट कर कलेक्टर खीरी विलियम डगलस विलोबी की हत्या कर दी। ब्रिटिश साम्राज्य हिल गया।1920 में ही तीनो को फांसी पर चढ़ाया गया। आजादी के बाद सरकार नेतीनों को शहीद का दर्जा दिया। आज तक इन तीनो शहीदों को कभी याद नही किया गया। 1924 में अंग्रेज सरकार ने विलोबी स्मारक ट्रस्ट का पंजीकरण कराया। एक भारतीय को ट्रस्ट का सचिव बनाया। 102 साल से उसी परिवार का सचिव है। करीब 70 दुकाने हैं। लाखों वर्ग फिट का मैदान है। सभागार है। प्रति माह लाखों किराया आता है। बन्दर बाट हो रहा है।

## दूसरे सोमवार: कांवड़ मार्गों पर पुलिस की पैनी नजर



**पीलीभीत।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर जिले में कांवड़ यात्रा और मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रमुख मंदिरों, कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही जहां जरूरत दिखाई दी, वहां तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने गौरीशंकर मंदिर, शाही चौकी सहित जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही, कांवड़ियों के लिए बनाए गए मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को बारीकी से देखा गया। भीड़ बढ़ने की स्थिति में आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल प्वाइंट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता, आपातकालीन सेवाओं और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मौके की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर उन्हें अपने-अपने प्वाइंट पर लगातार सक्रिय रहने को कहा गया।

# छोटी काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब

- डीएम-एसपी ने शिवभक्तों पर बरसाए पुष्प,
- हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा गोला

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



सावन के दूसरे सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा नगर भगवा रंग और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से शिवमय हो उठा। भोर की पहली किरण के साथ कांवड़ियों की टोलियां मंदिर की ओर बढ़ीं तो सड़कें आस्था के कारवां में तब्दील हो गईं। इसी बीच शिवम तिराहे पर प्रशासन ने शिवभक्तों का अनूठे अंदाज में स्वागत किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने मंच से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

**पुष्पवर्षा से गदगद हुए शिवभक्त:** शिवम तिराहे पर बने मंच से जैसे ही डीएम और एसपी ने कांवड़ियों पर फूल बरसाए, बोल बम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शिवभक्तों ने तालियों और 'हर-हर महादेव' के नारों से प्रशासन के इस स्वागत का उत्साह से जवाब दिया। नगर पालिका परिषद गोला अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी पुष्पवर्षा में सहभागिता की। श्रद्धा, सेवा और सुरक्षा का यह संगम राह से गुजर रहे हर कांवड़िये के चेहरे पर खुशी छोड़ गया।

**24 घंटे अलर्ट मोड में प्रशासन:** दूसरे सोमवार को उमड़े भारी जनसैलाब के बीच प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय रहीं। प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा की लगातार मॉनिटरिंग की गई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा प्रशासन का कर्तव्य है। गोला में सुरक्षा और सुविधा की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं तथा लगातार निगरानी की जा रही है। प्रयास है कि प्रत्येक शिवभक्त अपनी यात्रा शांतिपूर्वक, सुरक्षित और सुखद ढंग से पूरी करे।

## सूचना

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2023, अनुक्रमांक 2235736661 का अंकपत्र जीर्णशीर्ण हो गया है। मेरे अंकपत्र की द्वितीय प्रति निकलवाने की कृपा करें। **संकेत मिश्रा पुत्र वैभव मिश्रा नि.मो. भाटन टोला थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर**

## सूचना

मैं SANDIPA KUNWAR (संदीपा कुँवर) मेरे पति आर्मी नं0 5353813L, रैंक-NK, SUJAN KUNWAR के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SANDIPA GURUNG त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम SANDIPA KUNWAR (संदीपा कुँवर) है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

## सर्व साधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा शाहजहाँपुर के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूँ कि मेरे मुवक्किल का एक ग्राहक श्रीमती ज्योति पत्नी ब्रजनंदन निवासी ग्राम रफियाबाद कलान तहसील कलान जिला शाहजहाँपुर एक किता प्लाट रकबा 93.00 वर्गमीटर स्थित मोहल्ला अजीजगंज परगना व तहसील सदर जिला शाहजहाँपुर को श्रीमती ज्योति पत्नी ब्रजनंदन टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा शाहजहाँपुर से लोन कराना चाहता है।

उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित चैन डीड बैनामा दिनांक 02.09.2023 जिसकी रजिस्ट्री संख्या वही संख्या 1 जिल्द 16095 पृष्ठ संख्या 223 से 238 दस्तावेज संख्या 13589 जोकि नीरज दीक्षित पुत्र सुनील दीक्षित के हक में कैलाश नाथ दीक्षित पुत्र बाबूराम दीक्षित ने निष्पादित किया था, जोकि अन्य कागजों के साथ एक थैले में रखा था कलान जिला शाहजहाँपुर में कहीं गिर गया जो कि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। उक्त की सूचना थाने में दे दी गयी।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा बैंक या अन्य संस्थान को इसके बाबत कोई आपत्ति हो तो वह नीचे लिखे पते व मोबाइल नम्बर पर इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सम्पर्क कर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सतेन्द्र पाल सिंह यादव एडवोकेट, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भवन चेम्बर नं. 5, जजी कचहरी शाहजहाँपुर। मो.नं. - 9621238632

# स्वामी प्रवक्तानंद ने मंत्री जितिन प्रसाद से की मुलाकात

- क्षेत्र की विकास योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तार से चर्चा

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं को लेकर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच आत्मीय वातावरण में विभिन्न विषयों पर बातचीत हुई तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा की वर्तमान आवश्यकताओं, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल, सिंचाई तथा आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

विधायक ने कहा कि बरखेड़ा क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत आधारभूत ढांचे से जोड़ना प्राथमिकता है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

चर्चा के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को बरखेड़ा क्षेत्र तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली की तैयारियों को लेकर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मंडल अध्यक्षों को वितरित किए तिरंगे

- कल बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को लेकर पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र भी तिरंगे के रंग में रंगने को तैयार है। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में आगामी 12 अगस्त को 128 बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।? तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के सभी कर्मठ मंडल अध्यक्षों को तिरंगा ध्वज वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से यात्रा को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रभक्ति के इस आयोजन से जोड़ने का आह्वान किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि तिरंगा केवल देश का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके तीनों रंग देश के गौरव, त्याग, शांति और समृद्धि की भावना को अपने भीतर समेटे हुए हैं। तिरंगे के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय के हृदय में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त की तिरंगा यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर है। इसमें समाज के हर वर्ग, हर आयु के व्यक्ति और विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी देशभक्ति की भावना को और मजबूत करेगी।

**विधायक का युवाओं और क्षेत्रवासियों से आह्वान**

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बरखेड़ा की जनता और युवाओं से अपील करते हुए कहा मेरे बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता और सभी युवा साथियों से मेरा विनम्र आग्रह है कि 12 अगस्त को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। आइए, हम सब मिलकर अपने पूरे क्षेत्र को तिरंगामय बनाएं और दुनिया को यह संदेश दें कि भारत की युवा शक्ति अपने राष्ट्र और तिरंगे के सम्मान के लिए सदैव एकजुट खड़ी है।

## मेटा की तय हो जवाबदेही

भारत सरकार ने इंटरनेट मीडिया कंपनी मेटा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो हटाए जाने के मामले में मांगी गई माफी को स्वीकार न करके उचित संदेश दिया है। यह केवल किसी एक वीडियो को हटाने या बहाल करने का मामला नहीं है, बल्कि इससे कहीं बड़ा प्रश्न इंटरनेट मीडिया मंचों की जवाबदेही, उनके एल्गोरिदम की पारदर्शिता और भारत के कानूनों के प्रति उनके रवैये से जुड़ा है। यदि भारत में कारोबार करने वाली कोई भी विदेशी कंपनी भारतीय कानूनों और नियमों की अनदेखी करती है तो उसे केवल खेद प्रकट करके बच निकलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।


मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप जैसे दुनिया के बड़े डिजिटल मंचों का संचालन करती है। इन मंचों का प्रभाव आज समाज के लगभग हर वर्ग तक पहुंच चुका है। करोड़ों भारतीय इनका इस्तेमाल समाचार, मनोरंजन, संवाद और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए करते हैं। ऐसे में इन मंचों पर उपलब्ध सामग्री और उसे उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने वाले एल्गोरिदम का प्रभाव भी बहुत व्यापक है। सरकार ने मेटा से उसके एल्गोरिदम और हानिकारक सामग्री को बढ़ावा दिए जाने के संबंध में जवाब मांगा है। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि डिजिटल मंचों के निर्णय अब केवल तकनीकी निर्णय नहीं रह गए हैं; उनका सीधा असर सामाजिक और राजनीतिक वातावरण पर भी पड़ता है।

सबसे बड़ी चिंता एल्गोरिदम के मनमाने इस्तेमाल को लेकर है। सामान्य उपयोगकर्ता को यह पता ही नहीं चलता कि उसके सामने कोई सामग्री क्यों दिखाई जा रही है और किसी दूसरी सामग्री को उसकी पहुंच से क्यों दूर रखा जा रहा है। कौन-सी पोस्ट अधिक लोगों तक पहुंचेगी, कौन-सा वीडियो तेजी से प्रसारित होगा और कौन-सी सामग्री दब जाएगी, इसमें एल्गोरिदम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेजी से विस्तार ने इस प्रक्रिया को और जटिल बना दिया है। यदि इन तकनीकों का इस्तेमाल पारदर्शिता और जिम्मेदारी के बिना किया गया तो वे जनमत को प्रभावित करने का शक्तिशाली माध्यम बन सकती हैं। यह आरोप नया नहीं है कि बड़ी इंटरनेट कंपनियां उपयोगकर्ताओं की पसंद और व्यवहार को प्रभावित करने में सक्षम हैं। दुनिया के कई देशों में चुनावों और राजनीतिक विमर्श पर डिजिटल मंचों के प्रभाव को लेकर गंभीर बहस हो चुकी है। भारत में भी कैंब्रिज एनालिटिका प्रकरण ने यह सवाल उठाया था कि उपयोगकर्ताओं के व्यक्तिगत डेटा का इस्तेमाल किस प्रकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इसलिए यह मान लेना पर्याप्त नहीं होगा कि इंटरनेट मीडिया कंपनियां केवल तकनीकी सेवा प्रदाता हैं। उनकी नीतियां और व्यावसायिक हित समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इंटरनेट मीडिया का एक दूसरा गंभीर पक्ष हानिकारक और आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार है। बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री, डीपफेक वीडियो, भ्रामक सूचना और हिंसा या सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देने वाली सामग्री का प्रसार किसी भी सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यदि किसी मंच की अपनी स्वीकारोक्ति या जांच में यह सामने आता है कि ऐसी सामग्री को रोकने में गंभीर लापरवाही हुई या उसे किसी व्यावसायिक लाभ के लिए बढ़ावा मिला, तो इसे सामान्य तकनीकी चूक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीडियो को हटाए जाने के मामले में मेटा ने माफी मांगकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की। लेकिन सरकार का केवल माफी स्वीकार कर लेना उचित नहीं होता। किसी भी कंपनी के लिए यह समझना आवश्यक है कि भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक देश है और यहां काम करने वाली कंपनियों को भारतीय कानूनों और नियामकीय व्यवस्था का पालन करना ही होगा। किसी वैश्विक कंपनी का आकार इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वह कानून से ऊपर हो जाए। दुनिया के अनेक देशों में इंटरनेट मीडिया कंपनियों पर नियमों के उल्लंघन के लिए भारी जुर्माने और अन्य दंडात्मक कार्रवाई के उदाहरण मौजूद हैं। भारत में भी आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई का रास्ता खुला रहना चाहिए। इसका उद्देश्य किसी कंपनी को डराना या डिजिटल कारोबार को बाधित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि तकनीकी कंपनियां अपनी सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारियों से बच न सकें। माफी तभी सार्थक है जब उसके साथ व्यवस्था में सुधार और भविष्य में गलती न दोहराने की ठोस गारंटी भी हो। यह भी ध्यान रखना होगा कि इंटरनेट मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी केवल आपत्तिजनक सामग्री हटाने तक सीमित नहीं है। बच्चों और युवाओं में डिजिटल लत बढ़ने, मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव, निजता की सुरक्षा, डेटा के इस्तेमाल और फर्जी सामग्री के प्रसार जैसे प्रश्न भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। कंपनियां यदि उपयोगकर्ताओं का ध्यान अधिक से अधिक समय तक अपने मंच पर बनाए रखने के लिए ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं, जिनसे सामाजिक या व्यक्तिगत नुकसान हो सकता है, तो उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। भारत को अब एक व्यापक डिजिटल नियामकीय ढांचे की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। एल्गोरिदम की पारदर्शिता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल, डेटा सुरक्षा, डीपफेक और हानिकारक सामग्री के प्रसार जैसे विषयों पर स्पष्ट नियम आवश्यक हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इंटरनेट की खुली प्रकृति पर अनावश्यक अंकुश न लगे। नियमन का उद्देश्य आलोचना को दबाना नहीं, बल्कि डिजिटल मंचों को जिम्मेदार और पारदर्शी बनाना होना चाहिए।

### दो टूक




# संघ का जेन जी से संवाद, बीजेपी को वैचारिक नसीहत



अजय कुमार



भारतीय राजनीति में क्या जेन जी के बीच एक ऐसा वैचारिक और सामाजिक बदलाव आकार ले रहा है, जिसे पारंपरिक राजनीतिक चश्मे से देखना अब संभव नहीं रह गया है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा एक समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि देश का वैचारिक नेतृत्व अब युवा वर्ग, विशेषकर जेन जी यानी इंटरनेट युग में पैदा हुई और पली-बढ़ी पीढ़ी को लेकर बेहद गंभीर है। स्वतंत्रता दिवस के तुरंत बाद संघ के प्रचारकों द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर जेन जी के साथ सीधे संवाद स्थापित करने की योजना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि संघ अपनी पारंपरिक कार्यशैली से बाहर निकलकर इस डिजिटल पीढ़ी की नब्ज टटोलने की कोशिश कर रहा है। यह पीढ़ी किसी भी व्यवस्था को आंख मूंदकर स्वीकार करने के बजाय उसे तर्क, पारदर्शिता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की कसौटी पर परखती है। ऐसे में संघ का यह कदम केवल एक सामान्य जनसंपर्क अभियान नहीं है, बल्कि भारत के सबसे बड़े वैचारिक संगठन द्वारा भविष्य की वैचारिक जमीन को बचाने और बुनने की एक सुनियोजित रणनीति है।

आज के दौर में जेन जी की सोच को समझना इसलिए भी चुनौतीपूर्ण और आवश्यक हो गया है क्योंकि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के एल्गोरिदम, वैश्विक सूचना प्रवाह और त्वरित संवाद के माहौल में बड़ी हुई है। इनके लिए राजनीतिक निष्ठाएं पारंपरिक या आनुवंशिक नहीं हैं, बल्कि ये मुद्दों, शासन की गुणवत्ता, रोजगार के अवसरों, व्यक्तिगत अधिकारों और सामाजिक न्याय के पैमानों पर सरकारों का मूल्यांकन करती हैं। संघ और उससे जुड़े वैचारिक संगठनों को यह अहसास हो चला है कि यदि इस पीढ़ी की आकांक्षाओं, असहजताओं और सवालों को समय रहते नहीं समझा गया, तो वैचारिक मोर्चे पर एक बड़ी खाई पैदा हो सकती है। पुरानी व्यवस्थाओं और धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं को तार्किक कसौटी पर कसने की इस प्रवृत्ति ने राजनीतिक दलों के पारंपरिक सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूलों को भी चुनौती दी है। जब संघ के प्रचारक देश के युवाओं के बीच जाएंगे, तो उनका मुख्य उद्देश्य यह जानना होगा कि केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों, आर्थिक प्राथमिकताओं और शासन प्रणाली को लेकर इस वर्ग के मन में क्या कसैलापन या असंतोष है। इस संवाद से मिलने वाला फीडबैक केवल संघ के सांगठनिक विस्तार का आधार नहीं बनेगा, बल्कि यह आने वाले समय में देश की सामाजिक और युवा रणनीति को नए सिरे से आकार देने का मुख्य दस्तावेज भी साबित होगा।

इस पूरी कवायद में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की भूमिका और उसकी राजनीतिक कार्यप्रणाली भी केंद्र में है। पिछले एक दशक से अधिक समय से केंद्र की सत्ता पर काबिज और राष्ट्रवाद के एजेंडे पर मुखर रहने वाली बीजेपी के लिए युवा वर्ग का समर्थन उसकी चुनावी सफलताओं की रीढ़ रहा है। हालांकि, जैसे-जैसे जेन जी मतदाता सूची में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है, वैसे-वैसे उसकी प्राथमिकताएं बदल रही हैं। यह पीढ़ी नारों और भावनात्मक बहसों से ज्यादा सुशासन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और करिअर की अनिश्चितताओं जैसे मुद्दों पर बात करना चाहती है। ऐसे में यह सवाल बेहद प्रासंगिक हो जाता है कि क्या संघ के इस सीधे संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी को भी कोई वैचारिक या नीतिगत नसीहत दी जा सकती है? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संघ का यह कदम अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी के लिए एक आत्ममंथन का संदेश भी हो सकता है। संघ हमेशा से सरकार और समाज के बीच एक सेतु की तरह काम करता रहा है। यदि जमीनी संवाद के दौरान युवाओं की ओर से शासन की कार्यशैली, नौकरशाही की लालफीताशाही, रोजगार के संकट या वैचारिक असहिष्णुता को लेकर कोई तीखी प्रतिक्रिया सामने आती है, तो संघ उसे पूरी गंभीरता से सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाएगा। संघ की जेन जी को लेकर दूरगामी रणनीति केवल राजनीतिक लाभ हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैचारिक निरंतरता बनाए रखने की एक लंबी लड़ाई है। किसी भी संगठन के लिए यह स्वीकार करना सबसे कठिन होता है कि उसकी पुरानी वैचारिक भाषा नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रही है। संघ यह भली-भांति समझता है कि यदि आज के युवाओं से संवाद का सिलसिला नहीं जोड़ा गया, तो आने वाले दशकों में वैचारिक शून्यता पैदा हो सकती है, जिसका नुकसान राष्ट्रवाद के पूरे विमर्श को उठाना पड़ सकता है। इसलिए, यह संवाद कार्यक्रम इस बात की ताकीद करता है कि वैचारिक संगठनों को भी अपने तौर-तरीकों में लचीलापन लाना होगा। वे युवाओं को उपदेश देने के बजाय उनकी बात सुनने की मुद्रा में आ रहे हैं, जो एक बड़ा वैचारिक बदलाव है। इसके जरिए संघ अपनी छवि को केवल एक अनुशासित और पारंपरिक संगठन के रूप में पेश करने के बजाय एक ऐसी जीवंत संस्था के रूप में स्थापित करना चाहता है जो समकालीन समय की हर जटिलता और युवा वर्ग की हर बेचैनी को समझने का माद्दा रखती है।

कुल मिलाकर जेन जी के साथ संघ का यह सीधा संवाद भारतीय लोकतंत्र और राजनीति दोनों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत साबित हो सकता है। यदि संघ अपने प्रचारकों के माध्यम से युवाओं के वास्तविक फीडबैक को स्वीकार करने और उस पर अमल करने में सफल होता है, तो इससे न केवल समाज में वैचारिक ध्रुवीकरण की तीक्ष्णता कम होगी, बल्कि शासन व्यवस्था में सुधार के लिए नए रास्ते भी खुलेंगे। वहीं दूसरी ओर, यदि इस संवाद के आधार पर बीजेपी को अपनी नीतियों और संवाद शैली में बदलाव करने की कोई सलाह मिलती है, तो वह देश की मुख्यधारा की राजनीति को और अधिक उत्तरदायी और युवा-केंद्रित बना सकती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जब देश का सबसे पुराना और प्रभावशाली वैचारिक संगठन इंटरनेट की इस बेबाक पीढ़ी के सामने खुले मंच पर अपनी बात रखेगा और उनकी सुनेगा, तो भारतीय राजनीति का भविष्य किस करवट बैठेगा। साफ है कि आने वाले दिनों में युवा मन की थाह लेने की यह कोशिश देश के राजनीतिक और वैचारिक गलियारों में गहरे बदलावों की इबारत लिखने वाली है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सोशल मीडिया की विश्वसनीयता पर लगा प्रश्नचिन्ह

योगेश के. सोनी

मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो हटाए जाने की घटना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता, तकनीकी सुरक्षा और कंटेंट मॉडरेशन को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। मेटा ने बाद में स्पष्ट किया कि वीडियो किसी जानबूझकर की गई कार्रवाई के कारण नहीं, बल्कि तकनीकी त्रुटि के चलते हट गया था। इसके बावजूद यह घटना कई गंभीर सवाल छोड़ गई है। सवाल यह है कि यदि देश के प्रधानमंत्री के आधिकारिक अकाउंट से जुड़ी सामग्री भी तकनीकी गड़बड़ी की शिकार हो सकती है, तो आम उपयोगकर्ताओं के अकाउंट और उनकी सामग्री कितनी सुरक्षित है?

आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। करोड़ों लोग समाचार, सरकारी सूचनाओं, विचारों और घटनाओं की जानकारी के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं। देश-दुनिया में कहीं भी कोई महत्वपूर्ण घटना होती है तो उसकी जानकारी कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी है और नकारात्मक प्रभाव भी। ऐसे माहौल में किसी महत्वपूर्ण वीडियो या पोस्ट का अचानक हट जाना, गलत तरीके से सीमित होना या उसके प्रसार में असामान्य बदलाव आना लोगों के बीच भ्रम पैदा कर सकता है। खासतौर पर जब सामग्री किसी संवेदनशील सामाजिक या राजनीतिक विषय से जुड़ी हो, तब पारदर्शिता और जवाबदेही और भी जरूरी हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी सोशल मीडिया पर दुनिया के सबसे सक्रिय नेताओं में शामिल हैं। उनके संदेश और वीडियो को देश-विदेश में करोड़ों लोग देखते हैं। जिस वीडियो के हटने को लेकर हाल में चर्चा हुई वह छात्रों और पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे से संबंधित बताया गया। ऐसे में उसके अचानक गायब होने से सवाल उठना स्वाभाविक है। मेटा की तकनीकी त्रुटि की सफाई आने के बाद मामला स्पष्ट जरूर हुआ, लेकिन इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता पर बहस को जरूर जन्म दे दिया। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती आज कंटेंट की बाढ़ है। हर दिन करोड़ों पोस्ट, वीडियो, तस्वीरें और संदेश अपलोड होते हैं। इनमें तथ्यात्मक जानकारी के साथ-साथ फर्जी खबरें, भ्रामक वीडियो, आपत्तिजनक सामग्री और उकसाने वाले संदेश भी शामिल होते हैं। कई बार कोई वीडियो बिना पूरी जानकारी या सत्यापन के तेजी से वायरल हो जाता है। लोग उसे सच मानकर आगे साझा करते रहते हैं और देखते ही देखते वह संदेश बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाता है।

ऐसे मामलों में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हाल के कुछ प्रदर्शनों और सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े वायरल वीडियो को लेकर भी यही सवाल उठे हैं कि आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री तेजी से कैसे फैल जाती है, जबकि तथ्यात्मक और संतुलित सामग्री उतनी तेजी से लोगों तक क्यों नहीं पहुंचती। यदि किसी सामग्री में किसी व्यक्ति, समुदाय या देश के खिलाफ आपत्तिजनक अथवा उकसाने वाली भाषा है तो उसके संबंध में प्लेटफॉर्म की मॉडरेशन नीति कितनी प्रभावी है इसकी समीक्षा आवश्यक है। यहां यह भी समझना होगा कि किसी वीडियो का वायरल होना अपने आप में यह साबित नहीं करता कि प्लेटफॉर्म ने जानबूझकर उसे बढ़ावा दिया है।

सोशल मीडिया की पहुंच पर एल्गोरिदम, यूजर इंटरैक्शन, शेयरिंग और ट्रेंडिंग जैसे कई कारक प्रभाव डालते हैं। इसलिए किसी भी प्लेटफॉर्म की भूमिका पर निष्कर्ष निकालने से पहले पारदर्शी जांच और ठोस आंकड़ों की जरूरत है। सोशल मीडिया से जुड़ी समस्या केवल कंटेंट तक सीमित नहीं है। फर्जी प्रोफाइल, अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, पहचान की चोरी और फर्जी तस्वीरों के इस्तेमाल जैसी घटनाएं भी चिंता का विषय हैं। अपराधी कई बार किसी व्यक्ति के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाते हैं और उसके परिचितों से पैसे मांगते हैं। कुछ मामलों में फोटो के साथ छेड़छाड़ कर किसी व्यक्ति को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है। ऐसी घटनाएं पीड़ित की सामाजिक प्रतिष्ठा, मानसिक स्थिति और निजी जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।इसलिए सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें अकाउंट सुरक्षा, फर्जी प्रोफाइल की पहचान, रिपोर्टिंग सिस्टम और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी लगातार काम करना होगा। सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच बच्चों और किशोरों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण मुद्दा है। कम उम्र के उपयोगकर्ताओं तक किस तरह की सामग्री पहुंच रही है, इसका उनके व्यवहार और मानसिक विकास पर क्या असर पड़ रहा है और प्लेटफॉर्म उन्हें किस तरह सुरक्षित रखते हैं। इन सवालों पर दुनिया भर में बहस हो रही है। एल्गोरिदम की पारदर्शिता भी एक बड़ा विषय है। उपयोगकर्ता को यह स्पष्ट रूप से पता नहीं होता कि उसके सामने कोई सामग्री क्यों दिखाई जा रही है और दूसरी सामग्री क्यों नहीं। यदि किसी प्लेटफॉर्म का एल्गोरिदम लगातार विवादास्पद या सनसनीखेज सामग्री को अधिक लोगों तक पहुंचाता है, तो इससे समाज में ध्रुवीकरण और गलत सूचना का प्रसार बढ़ सकता है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की आजादी को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। आज आम व्यक्ति भी अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। देशहित, समाज, बच्चों के भविष्य और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तथ्यात्मक जानकारी सामने आनी चाहिए। साथ ही हिंसा, नफरत, धमकी, फर्जी सूचना और किसी व्यक्ति या समुदाय को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी जरूरी है। समस्या तब पैदा होती है जब उपयोगकर्ता को यह महसूस होने लगे कि कंटेंट मॉडरेशन के नियम समान रूप से लागू नहीं हो रहे हैं।

किसी भी प्लेटफॉर्म के लिए यह धारणा उसकी विश्वसनीयता के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसलिए मेटा सहित सभी सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नियम स्पष्ट हों और उनका पालन पारदर्शी तथा समान तरीके से हो। तकनीकी गड़बड़ी पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकती। बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कभी-कभी तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ऐसी समस्या होने पर कंपनी कितनी जल्दी उसे पहचानती है, कितनी पारदर्शिता से इसकी जानकारी देती है और प्रभावित उपयोगकर्ता को कितनी जल्दी समाधान उपलब्ध कराती है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस



संजय एम तराणेकर

## लगे तो फिर नकदी लौटेगी

यूं डिजिटल युग में कदम बढ़े थे,
नकदी से हमने ही नाता तोड़ा था।
हमको यूपीआई ने ही राह दिखाई,
हर भुगतान को सरल बनाया था।

मगर अब शुल्क की आहट हैं आई,
तब तो सोच में पड़ गया हैं बाजार।
ये छोटा-सा चार्ज भी बन सकता है,
नकदी नोट की वापसी का आधार।

हां, कभी जेब में सिक्के खनकते थे,
नोटों से होता था सबका कारोबार।
फिर मोबाइल ने यहाँ जगह बना ली,
डिजिटल पेमेंट हुआ हरेक व्यवहार।

कागज के नोटों से मुक्ति का सपना,
ये सुविधा ने सच करके दिखलाया।
लेकिन शुल्क की छोटी-सी दीवार ने,
फिर से नकदी का रास्ता हैं सुझाया।

व्यापारी बोलते हैं लेन-देन सस्ता हो,
ग्राहक बोले-भुगतान सभी सरल हो।
हमेशा तकनीक वो अच्छी कहलाए,
जिसमें हर वर्ग का हित नज़र आए।

आज यूपीआई भारत की पहचान है,
क्या कहें यहीं सुविधा बेमिसाल रहें।
न शुल्क का बोझ बढ़े जनता पे भार,
न नकद की मजबूरी फिर बहाल रहें।

डिजिटल भारत तब सफल कहलाए,
जब सुविधा सभी के द्वार तक जाए।
अब नकदी हो या डिजिटल भुगतान,
जन-जन की जेब पर बोझ ना आए।

# चौमासे में बढ़ीं जनजीवन की समस्याएं

कुलभूषण उपमन्यु

पूरी प्रकृति को हरियाली से सराबोर करके धरा को तृण संकुल बना कर जहां पैदल रास्ते भी छुप जाते हैं, हमेशा से ही ऐसा बरसात का मौसम कठिनाइयों और बाढ़ आदि खतरों से भरा रहा है। शायद इसीलिए बरसात के महीनों को चौमासा कहा जाता था, जिनमें साधु-संत अपनी यात्राओं को स्थगित करके कहीं एक गांव में रुक जाते थे और इस समय को धार्मिक कथा वार्ता के आयोजन करके सद्गुण और धर्म प्रचार में उपयोग करते थे। एक पंथ दो काज वाली कहावत चरितार्थ होती थी। लोग अनावश्यक आवागमन नहीं करते थे, लेकिन अब आधुनिक विकास और यातायात के साधनों के विस्तार के चलते बरसात का मौसम भी पर्यटन का मौसम बन गया है। खास कर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों तक, जहां पहुंच बर्फ पिघलने के बाद बरसात में ही संभव है, वहां के लिए धार्मिक पर्यटन (यात्राओं) बरसात में ही ज्यादा जोर पकड़ता है। ये यात्राएं तो पहले से ही आयोजित होती आई हैं, लेकिन पैदल यात्राएं होने के कारण इतनी भीड़-भाड़ नहीं होती थी।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर ने बरसात की विभीषिका को और ज्यादा बढ़ा दिया है, जिसके उदाहरण 2013 जून की केदारनाथ त्रासदी या भरमौर मणिमहेश राधाष्टमी स्नान के दौरान 1994 और 2025 में आई बाढ़ में मिल जाते हैं। मैदानी इलाकों में जलभराव के कारण ज्यादा हानि होती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलनों और नदी के तेज बहाव से होने वाले कटाव से ज्यादा नुकसान होता है। ज्यादातर भूस्खलन उन क्षेत्रों में होते हैं, जहां मानव गतिविधि जनित प्रकृति के साथ छेड़छाड़ ज्यादा होती है। मानव जनित छेड़छाड़ कई तरह की है। सबसे ज्यादा तो वर्तमान विकास कार्यों के कारण प्रकृति विध्वंस होता है। जैसे कि खनन, सड़क निर्माण या जल विद्युत परियोजनाओं के कारण होने वाली तोड़फोड़, जिसमें भारी मशीनों से कटाई, मलबा डंपिंग, सुरंग बनाने जैसी गतिविधियां मुख्य हैं। इन कार्यों के लिए बड़ी मात्रा में जंगल भी कटते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन का खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात की बारिश की बौछार बढ़ गई है। थोड़े समय में ही बहुत ज्यादा



पानी बरस जाता है। संकरी घाटियों में एक ही जगह पर जब 10-20 किलोमीटर के दायरे में एक घंटे में 100 मिलीमीटर (मिली) मीटर से ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहा जाता है। बादल फटने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। यदि प्रकृति से छेड़छाड़ ज्यादा हुई हो तो बादल फटने से नाजुक भूमि जल्दी ही बह कर भयानक भूस्खलनों को जन्म देती है, जिससे जन-धन की भारी हानि हर साल पर्वतीय क्षेत्रों को झेलनी पड़ रही है। इस वर्ष भी शुरुआती बरसात में ही चट्टानें टूटने के कारण लाहुल पांगी में 13 लोग एक गाड़ी सहित ऊपर से गिरी भारी चट्टान के नीचे दब कर काल का ग्रास बन गए तो बनीखेत के पास एक ही परिवार के पांच लोग दुर्भाग्यवश धुंध के चलते गाड़ी गहरी खाई में लुढ़क जाने से मारे गए।

कांगड़ा जिला की शाहपुर तहसील का बोह क्षेत्र तो इस पांच साल में दो बार जनधन की हानि झेल चुका है। 2021 में बोह बाजार से ऊपर जंगल में कोई छोटा भूस्खलन आया, जिससे कुछ पेड़ नीचे खाई में फंस गए। उनसे कुछ मलबा फंसता गया और एक बांध जैसा बन गया। भारी बारिश में जब पानी बांध की क्षमता से ज्यादा हो गया तो वह टूट गया और जमा भारी मात्रा में पानी नीचे बोह बाजार को तबाह करता हुआ निकल गया, जिसमें कुछ जन हानि भी हुई थी। इस वर्ष भी बोह वैसी ही त्रासदी का शिकार हुआ है। दिन में घटना होने के कारण और 2021 के सबक से चौकन्ने लोगों ने भाग कर जान तो बचा ली, किंतु मकानों और गौशालाओं का भारी नुकसान हुआ। सरकार ने संवेदना से मामले को संभाला भी, किंतु ऐसे घाव भरते हुए दशकों लग जाते हैं। जैसे कि मंडी जिला के 2023 और 2025 के घाव अभी तक भी भर नहीं पाए हैं।

सरकारों की सामर्थ्य भी सीमित ही है और प्राथमिकताएं भी बाधा बनती हैं। बोह की घटनाओं को समझने के लिए मैंने कुछ साथियों से बात करके कारण जानने का प्रयास किया। मैंने समझा था की जरूर कोई निर्माण कार्य व प्रकृति से छेड़छाड़ हुई होगी, किंतु ऐसा तो कुछ भी नहीं पाया गया। मुझे अपने एक मित्र प्रताप जरयाल जी की बात से नया ही दृष्टिकोण देखने को मिला और उसे मैंने काफी सटीक निष्कर्ष माना। उनके अनुसार जहां भूस्खलन हुआ उसके ऊपर कोई छेड़छाड़ प्रकृति से नहीं हुई, किंतु घने वन में आग जरूर लगी, जिससे जलकर मिट्टी की ऊपरी परत ढीली हो गई और आग के कारण कुछ चट्टानें भी फट जाती हैं। उन दरारों में पानी भर कर ढीली मिट्टी को बहाने का कारक बन जाता है।

गांव के ऊपर से गुजरने वाली पेयजल पाइपें भी टूट कर त्रासदी को बढ़ने का कारक बनी हैं। ऐसे दो-तीन पाइपों का पानी दो घराट चलाने योग्य होता है। इतना पानी भूस्खलन को कई गुणा बढ़ा सकता है। इसके साथ ही यह भी पाया गया कि 2021 और इस बार के भी नुकसान में नई बस्तियां ही चपेट में आई हैं। अब लोग पुरानी बस्तियों को छोड़ कर जहां दिल किया वहां मकान बना रहे हैं, नदियों के बाढ़-खतरे के भीतर तक घुसते जा रहे हैं। बोह का घडसूण गांव जो इस बार त्रासदी की चपेट में आया है, उसी गांव की पुरानी बस्ती ठीक-ठाक है। इसलिए टीसीपी के तहत गांव में भी ज्यादा बारीकी न भी की जाए परंतु नए निर्माण स्थल का आपदा संभावित स्थल न होने का तकनीकी प्रमाणपत्र तो जरूरी किया ही जाना चाहिए, ताकि सारी जिंदगी की कमाई लगा कर बसाया गए बसेरे को इस तरह ध्वस्त हो जाने का दर्द न सहना पड़े।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कनेक्शन के बाद भी नहीं मिल रहा पानी



**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत पचखुरा खुर्द में प्राथमिक विद्यालय सहित आसपास के घरों में आज तक नमामि गंगे की जलापूर्ति नहीं हुई है। इससे ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे। साथ ही प्राथमिक विद्यालय को कनेक्शन ही नहीं दिया गया। पचखुरा खुर्द के निवासी बब्बू यादव, पुत्तन सिंह,स्वामी प्रसाद, इंद्रजीत यादव सूरज बली यादव आदि ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के आसपास 15 आवास हैं। इन घरों में नमामि गंगे के कनेक्शन के बावजूद आज तक जलापूर्ति नहीं की गई। शिकायत के बाद आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वहीं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र साहू ने बताया कि विद्यालय में कनेक्शन ही नहीं दिया गया। नमामि गंगे के सुपरवाइजर कौशलेंद्र ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जल्द ही वह गांव जाकर घरों की जलापूर्ति शुरू कराकर विद्यालय में भी कनेक्शन करेंगे।

### चित्रकूट से कांवड़ में जल लाकर चौपरेश्वर धाम में किया अभिषेक



**राठ (हमीरपुर)।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को चौपरेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्वर्णकार कारीगर संघ के करीब 150 सदस्य चित्रकूट धाम के रामघाट से कांवड़ में जल लेकर राठ पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस दौरान ब्रजभूषण दाऊ, सुरेश सोनी, दीपक सोनी, शिवम सोनी, मनोज सोनी, नंदू सोनी, रोहित सोनी, किशन सोनी, आकाश सोनी, जितेंद्र सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### परशुराम पर टिप्पणी से भड़का ब्राह्मण समाज, कार्रवाई की मांग



**राठ (हमीरपुर)।** भगवान परशुराम और ब्राह्मण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अमर्यादित टिप्पणी से आक्रोशित सर्व ब्राह्मण परिषद के लोगों ने सोमवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने एसडीएम चित्रा निर्वाल को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। परिषद के अनुसार, मझगवां थाना क्षेत्र के टोला रावत निवासी हरचरन राजपूत, हाल निवासी अतरौलिया राठ, ने आठ अगस्त को फेसबुक पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। समाज के लोगों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अवधेश पाठक, जयनारायण पचौरी, अनीता शुक्ला, सुरभि मिश्रा, रंजीत मिश्रा, जीतेन्द्र चौबे, विमल तिवारी व नीरज बुधौलिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ताला तोड़कर चोर ले उड़े नकदी व लाखों के जेवरात

**बांदा।** सूने घर का ताला तोड़कर चोर 32 हजार रुपये नगद समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात बटोर कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी निरीक्षण की रस्म अदायगी पूरी करके लौट गए। पीड़िता ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। शहर कोतवाली के कालू कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र के पद्मा हाउस के पास (तुलसी नगर) तिंदवारी रोड निवासी पिंकी सिंह अपने पति रावेंद्र सिंह के देहांत के बाद मकान में ताला लगाकर पहली अगस्त को महोबा अपनी बहन के घर गई थीं। रविवार को महोबा से वापस लौटने पर घर के ताले और अलमारी के लॉक टूटे मिले। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। गृहस्वामिनी के मुताबिक चोर 32 हजार रुपये नगद समेत लगभग पांच लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर कालू कुआं चौकी पुलिस निरीक्षण की रस्म अदायगी करने के बाद लौट गई।

### राजेंद्र प्रसाद ने गुरसराय थाने में लगाई फांसी

**गुरसराय, (झांसी)।** ज्ञात है कि पिछले दिन ग्राम सिंगा। राजेंद्र प्रसाद पुत्र राघव राम की राम कुमार कुशवाहा पुत्र समर कुशवाहा ने अपनी 9 साल की बेटी के साथ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करवाया था इस पर पुलिस राजेंद्र प्रसाद को पकड़ कर गुरसराय थाने लाई और रात में पुलिस द्वारा बताया गया की लैट्रिन में जाकर राजेंद्र प्रसाद ने फांसी लगा ली जबकि राजेंद्र प्रसाद के पुत्र विनय कुमार द्विवेदी ने बताया की पिताजी से शाम को थाने में बात हुई थी तो उन्होंने बताया कि मैं फूल तोड़ने से मना किया तो राजकुमार ने गुस्से में आकर मुझ पर झूठी छेड़खानी की शिकायत दर्ज करवा दी।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस तिरंगा रंगोली



**गुरसराय, (झांसी)।** डॉ राम मनोहर लोहिया पीजी महिला महाविद्यालय में शासन के निर्देशों के अनुपालन में हर घर तिरंगा के साप्ताहिक कार्यक्रम में आज तिरंगा रंगोली कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर पिंकी सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित एक दर्जन रंगोली का निर्माण किया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर पिंकी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय हमेशा शासन के निर्देशों का भली-भांति पालन करता है अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस मौके पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार



**उरई (जालौन)।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले चार शातिर अपराधियों को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के चार मोबाइल फोन और 26 सौ रुपये बरामद हुए हैं। रेलवे में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी उरई पुलिस ने सोमवार देर रात चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक के पास झाड़ियों के पीछे पुराने खंडहरनुमा माल गोदाम के पास चार संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ और तलाशी में उनके पास से चोरी के मोबाइल व रुपये बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रंजीत सिंह निवासी ग्राम सुलखना थाना रेढ़र, राहुल निवासी ग्राम भदेवरा थाना कोंच, विशाल तिवारी उर्फ विशाल पंडित उर्फ चुन्नीलाल निवासी ग्राम परासन थाना आटा और राजकुमार निवासी हरदुआ खालसा थाना मूसानगर, कानपुर देहात के रूप में हुई है।

### धसान नदी से जल लेकर लौटे कांवरियों का हुआ स्वागत



**पनवाड़ी(महोबा)।** ब्लाक क्षेत्र के प्रसिद्ध काशीपुरा धसान नदी से जल लेकर पनवाड़ी लौटे कांवरियों का कस्बावासियों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। कांवरियों की टोली के आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भजनों की धुन से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं पीछे चल रहे घोड़े का नृत्य और ढोल-नगाड़े लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर कांवरिये जमकर झूमते और नृत्य करते हुए चल रहे थे। कांवरियों के साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने भी भजनों पर नृत्य कर अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। कस्बे में पहुंचने पर श्रीप्रकाश मिश्रा एवं भरत तिवारी ने कांवरियों का तिलक और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। काशीपुरा धसान नदी से जल लेकर आए कांवरियों ने कस्बे के शिव मंदिर और बड़ी माता मंदिर परिसर स्थित शिवजी पर जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवरियों के स्वागत और धार्मिक आयोजन को देखने के लिए कस्बे में लोगों की भीड़ जुटी रही।

### विद्युत करंट की चपेट में आए किसान की मौत

**महोबा।** खेत जा रहे एक किसान की विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है उसे जीवित समझकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिले के थाना कबरई अंतर्गत छानी कला ग्राम निवासी नत्थू वर्मा 55 वर्ष पुत्र परमा वर्मा अपने खेत जा रहा था इसी दौरान रास्ते में निकली विद्युत केबल की चपेट में आ गया और उसे जोरदार करंट लगा जिससे मौके पर ही वह अचेत हो गया आसपास के लोगों की मदद से उसे मौके से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले जाएगा जहां उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर कबरई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वही तहसील प्रशासन का कहना है कि मृतक किसान को किसान दुर्घटना बीमा योजना से लाभान्वित किया जाएगा फिलहाल किसान की मौत से किसान परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ब्रह्माकुमारियों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**गुरसराय।** खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में ब्रह्माकुमारी आश्रम की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के तहत छात्राओं को व्यसन मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। बीके कल्याणी दीदी, दीक्षा दीदी,रेखा दीदी एवं वैष्णवी दीदी ने छात्राओं को मोबाइल गलत संगत एवं व्यसनों से दूर रहने की बात कही।इसी के साथ उन्होंने सभी छात्राओं को शपथ दिलाई। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने की। संचालन बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता ने किया। अंत मे वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ विवेक मुदगल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसी एसओजी टीम महिलाओं के विरोध पर लौटी

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**

अपराधी की तलाश करने आई कानपुर की एसओजी टीम कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के आवास में घुसने का प्रयास किया। घर पर मौजूद महिलाओं के विरोध करने पर टीम बैरंग लौट गई। पुलिस से शिकायत के बाद खुलासा हुआ कि यह कानपुर शहर से आई एसओजी की टीम थी। बगैर सूचना के घर के अंदर दाखिल होने पर व्यापारी बंधुओ ने नाराजगी जाहिर की है।



कस्बे के स्टेशन रोड निवासी राजू गुप्ता के स्टेशन मार्ग स्थित आवास में रविवार की शाम 7बजे बगैर किसी सूचना के एसओजी टीम घर के अंदर जा पहुंची और घर में मौजूद महिलाओं से आवास में लगे सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा। इस पर महिलाओं ने कहा कि घर पर कोई नहीं है। आप घर के बाहर जाएं। इस पर उन्होंने अपने को पुलिस टीम बताया। महिलाओं के विरोध पर टीम घर के बाहर निकल गई। सूचना पाकर घर पहुंचे व्यापारी बंधुओ को महिलाओं ने जानकारी दी। व्यापारी राजू गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर घर में अज्ञात लोगों के घुसने की सूचना दी। तब थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि यह पुलिस ही थी और वह किसी अपराधी की तलाश में यहां आए हुए थे। बताया कि उन्हें आशंका थी कि अपराधी ट्रेन से उतर कर कस्बे में दाखिल हुआ है। इस वजह से पुलिस टीम व्यापारी के आवास पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखना चाहती थी। थानाध्यक्ष ने स्वीकार किया कि पुलिस टीम को बगैर सूचना के घर के अंदर नहीं दाखिल होना चाहिए था।

## गोवंश को बचाने में रैपिडो बाइक चालक की डिवाइडर से टकराकर मौत, साथी गंभीर



**सुमेरपुर।** हरियाणा के गुरुग्राम की रैपिडो कंपनी में बाइक चलाने वाले कस्बे के एक युवक की मथुरा के समीप भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर, इमिलिया थोक निवासी मुन्ना विश्वकर्मा का 24 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार विश्वकर्मा गुरुग्राम में रहकर रैपिडो में काम करता था। रविवार सुबह वह अपने दोस्त, बिंवार थाना क्षेत्र के रोहारी गांव निवासी अनिल कुटार जो गुरुग्राम में पेंटिंग का कार्य करता है के साथ बाइक से वापस गुरुग्राम लौट रहा था।

रात करीब 12 बजे मथुरा के छाता शहर के पास नेशनल हाईवे-44 पर अचानक सामने आए गोवंश को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मनोज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। छाता पुलिस की सूचना पर परिजन मथुरा के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक के चचेरे भाई रवि विश्वकर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात तक कस्बे में पहुंचेगा। दो भाइयों में छोटा मनोज अविवाहित था और इसी वर्ष उसकी शादी तय होनी थी। वहीं, घायल अनिल का छाता में इलाज जारी है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई अल्बेंडाजोल की दवा

**एल्बेंडाजोल के फायदे बताकर दवा खाने को किया प्रेरित**

**बांदा।** बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज और कनवारा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य टीम ने छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। साथ ही दवा के फायदे बताकर खाने के लिए प्रेरित किया। शहर के केन पथ स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का उद्घाटन किया। विद्यालय की 500 छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। अर्चना भारती ने छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा के लाभ बताते हुए उन्हें दवा खाने को प्रेरित किया। इसी तरह सदर तहसील क्षेत्र के कनवारा गांव स्थित उच्च



प्राथमिक विद्यालय में जौरही स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा.दीपक यादव की अगुवाई में सभी छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल 400 मिलीग्राम की कृमिनाशक गोली खिलाई। सीएमओ डा.विजेंद्र सिंह ने बताया कि एल्बेंडाजोल कृमिनाशक दवा है। यह दवा बच्चों में आंतों के विभिन्न प्रकार के कृमि संक्रमण को नियंत्रित करने में सहायता करती है। इसके सेवन से कृमियों के कारण होने वाली पेट की समस्याओं, कमजोरी तथा पोषण संबंधी परेशानियों से बचाव में मदद मिलती है। इस मौके पर एसीएमओ डा.अजय कुमार, डा.आरएन प्रसाद, प्रधानाचार्य आशुतोष त्रिपाठी, अंजना व रामप्रकाश कुशवाहा उपस्थित रहे।

## महिला कल्याण योजनाओं की छात्राओं को दी जानकारी

**साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके**

**सुमेरपुर।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचईडब्ल्यू), हमीरपुर की ओर से महिला कल्याण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजनाओं और महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। कार्यशाला में जिला समन्वयक शशि तिवारी ने छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बाल संरक्षण इकाई की दीप्ति अग्निहोत्री ने 1090, 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जया बाजपेई ने साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए छात्राओं को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या वर्मा ने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उद्देश्य और कृमि संक्रमण से बचाव की जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शक्ति गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र चौधरी, देवेंद्र चौहान, मीरा गुप्ता और वन स्टॉप सेंटर हमीरपुर की सुनीता प्रजापति मौजूद रहीं।

## वन्यजीव संरक्षण और वन अधिनियमों के प्रति किया जागरूक



**हमीरपुर।** मांझूपुर नगर वन (सिटी फॉरेस्ट) में सोमवार को वन्यजीव संरक्षण एवं संबंधित वन अधिनियमों के प्रति आमजन और स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के दिशा-निर्देशन एवं सचिव वंदना अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी राजेश कुमार और पीएलवी पवन तिवारी ने वन्यजीवों के संरक्षण, महत्व तथा संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। भारतीय वन अधिनियम 1927 की प्रासंगिक धाराओं के बारे में भी बताया गया। वन दरोगा अमित कुमार, वन रक्षक संजय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सहित वन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

## आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चलाया सघन चेकिंग अभियान



**बांदा।** स्वतंत्रता दिवस और आगामी त्योहारों से पहले रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में आरपीएफथाना प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर स्टेशन के हर कोने में संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की बारीकी से जांच की गई। यात्रियों के बैग, प्लेटफॉर्म, ट्रेनें, यार्ड एरिया, पार्सल एरिया, कार पार्किंग और स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों पर भी खास तौर पर तलाशी ली गई। आजादी के महापर्व 15 अगस्त और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आरपीएफप्रभारी निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी ने अपने हमराहियों के साथ रेलवे स्टेशन पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों के सामान व आसपास के क्षेत्रों की गहनता से चेकिंग की गई। ट्रेनों में ज्वलनशील, विस्फोटक पदार्थ एवं अन्य प्रतिबंधित और संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई। यात्रियों को जहरखुरानी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति से खान-पान की सामग्री ग्रहण न करने तथा यात्रियों को ट्रेन में ज्वलनशील, विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा न करने के प्रति जागरूक किया। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे अधिकारियों को टोल फ्री नंबर 139 के माध्यम से देने को कहा गया। हालांकि अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। आरपीएफइंस्पेक्टर ने यात्रियों की सतर्कता को सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## चित्रकूट से जल लेकर लौटे कांवड़ियों का सपाइयों ने किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

कावंड़ लेकर चित्रकूट से पदयात्रा करते हुए वामदेवेश्वर मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं पर सपाइयों ने जमकर पुष्पवर्षा की और उनका जोरदार स्वागत किया। कांवड़ियों ने बोल बम के जयकारों के बीच चित्रकूटधाम की पवित्र मंदाकिनी नदी के जल से वामदेवेश्वर महादेव का जलाभिषक किया।

चित्रकूट से जल लेकर लौटे कांवड़ियों पर समाजवादियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत हुआ। माथे पर तिलक लगाया और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही शीतल पेय पदार्थ वितरित किया। सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी, प्रदीप परिहार बउवा, अनमोल जड़िया, वृंदावन वैश्य, महेंद्र सिंह, राजकुमार गुप्ता, राजकिशोर सोनी, सिल्लू महराज की संयुक्त अगुवाई में कांवड़ियों का विशाल जत्था चित्रकूट से मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर वापस लौटा। सपाइयों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के माथे पर तिलक लगाया



और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कहा कि कांवड़ यात्रा पवित्र धार्मिक अनुष्ठान है। इसमें श्रद्धालु सावन के महीने में भगवान शिव की भक्ति में जलाभिषेक करने के लिए मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर यात्रा करते हैं। इस यात्रा में हर साल श्रद्धालु भाग लेते हैं। वहीं पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में दर्शनों के लिये भोलेनाथ के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरे जिले के हरेक शिव मंदिरों में उम्मीद से अधिक भीड़ उमड़ पड़ी। बामदेवेश्वर मंदिर में पौ फटने से लेकर देर रात तक कतारें नहीं टूटीं। कालिंजर के नीलकंठेश्वर महादेव में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर किया रुद्राभिषेक

सावन माह के पावन अवसर पर महेश्वरी देवी मंदिर में महेश्वरी देवी मंडल की अगुवाई में पदाधिकारियों ने सदस्यों ने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने मिट्टी से शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। मंदिर समिति सदस्य सिल्लू महाराज ने शिवपुराण का उल्लेख करते हुए कहा कि कलियुग में पार्थिव पूजन भगवान शिव को प्रसन्न करने की सर्वोत्तम विधि मानी गई है। बताया कि यह आयोजन पिछले 12 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग बनाते हैं और पुण्य के भागी बनते हैं। आयोजन सफल बनाने में महेश्वरी देवी आरती मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। बताया कि मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ सवा लाख पार्थिव शिवलिगों को केन नदी में विसर्जन किया जाएगा।

## 10 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की दवा

**डीएम ने बालिकाओं को दवा खिलाकर किया कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ**

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने बालिकाओं को स्वयं एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जनपद में 1 से 19 वर्ष से कम आयु के 10 लाख से अधिक बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा दवा खाने से वंचित न रहे। स्कूलों में ही बच्चों को दवा खिलाई जाए और अभिभावकों को दवा न दी जाए। उन्होंने निजी स्कूलों, कॉलेजों एवं मदरसों में अभियान का सत्यापन कराने तथा दवा खिलाने में लापरवाही या आनाकानी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने घुमंतु परिवारों, क्रेशर एवं कंस्ट्रक्शन साइट पर रहने वाले परिवारों के बच्चों पर विशेष ध्यान देने तथा मोबाइल टीम के माध्यम से उन्हें भी दवा खिलाना सुनिश्चित



करने को कहा। साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी, उपकेंद्र एवं डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि माइक्रो प्लान के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाई जाए। जिन क्षेत्रों में कम बच्चों को दवा खिलाई गई है, वहां विशेष अभियान चलाकर एमओआईसी इसकी निगरानी करें। छूटे हुए बच्चों को 14 अगस्त को आयोजित होने वाले मॉपअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बालिकाओं को कृमि संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं दवा खाने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने 'हर घर तिरंगा' अभियान की जानकारी देते हुए बच्चों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील भी की।

## तिरंगे के रंग में रंगा शहर, गूंजा 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' का जयघोष

**पुलिस लाइन से टाउन हॉल तक निकली तिरंगा यात्रा**

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**

हाथों में लहराता तिरंगा, जुबां पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' का जयघोष, देशभक्ति गीतों से गूंजता वातावरण और सड़क के दोनों ओर उमड़ा नागरिकों का उत्साह, सोमवार को जिला मुख्यालय का नजारा देखते ही बन रहा था। हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली विशाल तिरंगा यात्रा ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम की भावना का जीवंत संदेश दिया। पुलिस



लाइन परिसर से शुरू हुई विशाल तिरंगा यात्रा में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक घनश्याम अनुरागी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। तिरंगा यात्रा जिला परिषद, अंबेडकर चौराहा और शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए टाउन हॉल पहुंची। यात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही शहर की फिजा देशभक्ति के जज्बे से भरती गई।

## डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की खिलाई गोली अभियान का किया शुभारंभ

**उरई(जालौन)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी विनय कुमार सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को अपने सामने एल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन कराया। डीएम ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया के साथ ही शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा का प्रमुख कारण बन सकता है। समय से एल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन कराकर बच्चों को कृमि संक्रमण से सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों व स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों व किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन अनिवार्य रुप से कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा दवा से वंचित न रहने पाए।

## देर रात ट्रामा सेन्टर के विधुत उपकरणों में आग लगाने से मचा हड़कंप



**ललितपुर।** रविवार की देर शाम हुई मूसलाधार बारिश के कारण शहर की कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसी बीच मेडिकल कॉलेज के ड्रामा सेंटर इमरजेंसी वार्ड में लगे विद्युत उपकरणों में अचानक आग लग गई और वह धुँ-धुँ क़र जल उठे। विद्युत उपकरण और केबिल जलने से इमरजेंसी वार्ड की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई, जिस कारण मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का उपचार किया गया। वहां पर लगी आग पर अग्निशमन के यंत्र के माध्यम से गैस छोड़कर काबू पाया गया। शहर के सिविल लाइन इलाके में संचालित स्वशासी मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर इमरजेंसी वार्ड में रविवार की रात करीब 10:00 बजे वहां पर लगे हुए विद्युत उपकरणों में अचानक आग लग गई, जिस कारण पूरे वार्ड में अफरा तफरी का माहौल रहा। बताया गया है कि इस दौरान मरीज और उनके परिजनों में हड़कंप जैसी स्थिति रही और कई मरीज और उनके परिजन तो उठकर वार्ड से बाहर आ गए। यहां पर लगे हुए विद्युत उपकरण में आग लगते ही पूरे वार्ड में धुएं के गुवार देखे गए और यहाँ अंधेरा छा गया।

## पुरानी रंजिश में पिकअप सवार दबंगों ने स्कूटी से जा रहे पिता पुत्री को टक्कर मार कर रौंदा

**ललितपुर।** गांव में चल रही पुरानी रंजिश के चलते पिकअप सवार करीब आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने पहले तो विपक्षी पिता पुत्री को टक्कर मार कर रोंदने ने का प्रयास किया और जब वह टक्कर लगने से सड़क पर गिर गए, तो उन पर पत्थर पटक कर उन्हें जान से करने का प्रयास किया। हालांकि वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा ललकारने पर दबंग भाग खड़े हुए। इसके बाद पिता पुत्री को गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से प्रार्थमिक उपचार के बाद पिता को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ग्राम झरकौन निवासी 30 वर्षीय अमर सिंह पुत्र मगन सिंह अपनी 5 वर्षीय पुत्री भाग्यश्री के साथ अपने किसी काम से अपने गांव से ग्राम कल्याणपुर की तरफ गए हुए थे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बीमार पत्नी की हुई मौत



**ललितपुर।** शहर के हाईवे बाईपास पर तेज रफ्तार के घर में एक और विवाहिता की जान ले ली। बताया गया है कि गांव में बीमार अपनी पत्नी को इलाज के लिए ला रहे पति की बाइक को हाईवे बाईपास चौराहे पर पार करते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसे टक्कर मार कर रौंद दिया। इस सड़क हादसे में बीमार पत्नी की मौत हो गई, तो पति भी चोटिल हुआ। मेडिकल कॉलेज लाने पर इमरजेंसी वार्ड में डाक्टरी परीक्षण के दौरान महिला को मृतक घोषित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि इसी चौराहे पर कुछ दिनों पूर्व भी ऐसे ही एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई थी। इसीलिए अब इसे हाईवे के डेंजर चौराहे के नाम से भी जाना जाता है। थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया छतारा निवासी 22 वर्षीय भारती पत्नी दीपक कि गांव में पिछले दो दिन से तबीयत खराब थी और उसे बुखार आ रहा था बताया गया है कि पहले तो एक दिन उसने गांव में ही इलाज कराया लेकिन जब उसे कोई आराम नहीं हुआ तब सोमवार की सुबह उसका पति उसे अपनी बाइक पर लेकर इलाज के लिए जिला मुख्यालय आ रहा था।

## युवक की सड़क पर पटक कर की हत्या

**पुलिस मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी, महोबा।**

शराब के नशे में छोटे से विवाद ने युवक की जान ले ली है युवक को जीवित समझ कर अस्पताल ले गए जहाँ उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महोबकंठ थाना क्षेत्र के पिपरी गाँव निवासी धर्मेंद्र उर्फ बबलू 30 वर्ष पुत्र दयाराम नशे की हालत में गांव की अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्ती में पहुंचा था, जहां उसका एक युवक से विवाद हो गया और यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान उक्त युवक ने धर्मेंद्र उर्फ बबलू को उठाकर सीसी सड़क



पर पटक दिया।जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई जिससे उसकी मौत हो गई लेकिन उसे जीवित समझकर नजदीक के पनवाडी अस्पताल ले गए जहाँ उसे म्रत घोषित कर दिया। घटना की सूचना यूपी-112 को कथित हत्यारोपी के पिता ने ही दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि धर्मेंद्र उर्फ बबलू उनके बेटे से विवाद कर रहा था और जमीन पर पड़ा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगो से पूछताछ की। घटना की जानकारी मिलते ही पनवाड़ी पुलिस भी सीएचसी पहुंची।

# भाजपा विधायक के वॉयस सैंपल की हो जांच: मोनू सिंह

- एसपी से मिलकर की शिकायत
- टेस्ट के लिए सौंपे वॉयस सैंपल


यशभद्र सिंह

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

पिछले 14 सालों से पूर्व मंत्री और शहर भाजपा विधायक विनोद सिंह मेरे भाई पूर्व विधायक चंद्र भद्र सिंह सोनू और मेरी हत्या का षड्यंत्र रच रहे है।पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो ने उनकी कुंठित मानसिकता की पुष्टि कर दी है।उक्त बाते शहर स्थित आवास पास आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू ने पत्रकारों से कही। इसके पहले पूर्व प्रमुख ने पुलिस अधीक्षक चारु निगम से मुलाकात कर शिकायती पत्र और वॉयस सैंपल सौंपा तथा उसकी जांच और भाजपा विधायक के ऊपर कार्यवाही की मांग की।पूर्व प्रमुख ने मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए आगे कहा कि 2014 में हम दो भाइयों की हत्या को लेकर जिला कारागार में बंद पूर्वांचल के माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी से बिना प्रवेश पास के मिलने गए थे जिसमें प्रशाशन का छापा पड़ने के बाद काफी देर तक पूर्व मंत्री को बैठाया गया था तब से आज तक हम दोनों भाई शासन प्रशासन से अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे है पर भाजपा विधायक के प्रभावशाली नेटवर्क के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।उन्होंने आगे कहा कि अगर प्रशाशन द्वारा वॉयस सैंपल की जांच नहीं कराई जाती है तो वे उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।पूर्व प्रमुख मोनू सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि इस विषय को लेकर वे सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कर विधायक के कारनामों की पोल खोलेंगे। हर धारा झेल चुका हूं,पिता को सिखाये धाराओं का ज्ञान-एक महिला द्वारा पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप लगाने के बाद मचे बवाल के बीच विधायक पुत्र पुलकित सिंह द्वारा फेसबुक पर धाराओं को लेकर की गई टिप्पड़ी के संबंध में सवाल पूछे जाने पर मोनू सिंह ने कहा कि हम दो भाई हर धाराएं झेल चुके है पुलकित सिंह को अपने पिता को धाराओं का ज्ञान देना चाहिए।भाजपा विधायक के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली महिला से सहानुभूति के सवाल पर मोनू सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि जितनी सहानुभुति पूर्व मंत्री को कमला यादव से है उतनी ही सहानुभूति मेरी ब्राह्मण परिवार की उस बहू से है।

# बाइक सवार पिता-पुत्र हादसे का शिकार, पिता की मौत

- परदेश से लौट रहे पिता को लेने गया था पुत्र
- जिला अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम


फाइल फोटो विजय उपाध्याय

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र में शंभूगंज-शिवगढ़ मार्ग पर सोमवार को नीलगाय सामने आने के बाद बाइक में अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही स्कूल बोलेरो वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गौहानी गांव निवासी विजय उपाध्याय (40) अहमदाबाद में रहकर नौकरी करते थे। सोमवार को उनका 16 वर्षीय पुत्र ध्रुव उपाध्याय बाइक से उन्हें लेने गया था। बताया जा रहा है कि सकरसी गांव स्थित कड़कनाथ के पास अचानक नीलगाय सड़क पर आ गई। इससे ध्रुव ने बाइक में ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूल बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान विजय उपाध्याय की मौत हो गई। ध्रुव का उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बोलेरो और बाइक को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष परशुराम ओझा ने बताया कि हादसे के बाद भीड़ जुटने पर बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। अभी पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में शिक्षक की मौत, युवक गंभीर

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर। कूरेभार-फुलौना मार्ग पर सोमवार सुबह करीब नौ बजे बंदरहा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के केवटिया पीढ़ी निवासी सुरेश कुमार निषाद (38) सोमवार सुबह कूरेभार सब्जी मंडी से सब्जी बेचकर बाइक से घर लौट रहे थे। बंदरहा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और सुरेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

# कुड़वार में निकली तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा कस्बा



समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

इसौली विधानसभा क्षेत्र के कुड़वार कस्बे में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारत माता के जयकारों और राष्ट्रभक्ति के नारों से कस्बे का माहौल देशभक्तिमय हो गया। यात्रा में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय 'बजरंगी', विकास शुक्ला, समाजसेवी श्याम सुंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस दौरान कस्बे में लोगों की भीड़ भी दिखाई दी और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा। तिरंगा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। प्रभारी निरीक्षक कुड़वार प्रवीण यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।

## बीएसए से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

- वेतन भुगतान की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से 29 हजार विज्ञान-गणित भर्ती के शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि मार्च में नियुक्त हुए विज्ञान-गणित भर्ती के शिक्षकों का अभी तक वेतन भुगतान शुरू नहीं हुआ है।

वेतन भुगतान के लिए 38 बिंदुओं वाली पत्रावलियां लेखा कार्यालय को समय से भेजी जा चुकी हैं। इस पर बीएसए ने लेखाधिकारी से वार्ता कर भुगतान कराने का आश्वासन दिया। कैशलेस योजना के 149 शिक्षकों के कार्ड अप्रूवल का मामला भी उठाया गया। बीएसए ने बताया कि सर्वर संबंधी समस्या के कारण मामले लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाएगा। जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने प्रोन्नत वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग की।

नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान को लेकर वेतन पटल प्रभारी संतोष ने बताया कि पूरक बिल के रूप में वेतन लगाकर भुगतान कराया जाएगा। लंबित एरियर का भुगतान एक सप्ताह में करने तथा अंतरजनपदीय शिक्षकों के अवशेष बोनस का भुगतान भी जल्द कराने की जानकारी दी गई।

2025 में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सामूहिक जीवन बीमा की धनराशि आने की बात भी बताई गई। वार्ता में संघ के पदाधिकारी और संबंधित शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

- समग्र विकास के लिए तैयार की जाएगी कार्ययोजना: जिलाधिकारी



समृद्धि न्यूज़, रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में विकसित भारत-जी राम जी योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पंच सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पंच सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनपद की ग्राम पंचायतों में समग्र, व्यवस्थित एवं सतत विकास को सुनिश्चित करना तथा विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक विकास कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। सम्मेलन में जनपद के खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतें विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं सचिवों से कहा कि ग्राम पंचायत की वर्तमान स्थिति, स्थानीय आवश्यकताओं तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित आकलन करते हुए ठोस, व्यवहारिक एवं परिणाम परक ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों में ग्राम पंचायत की प्राथमिक आवश्यकताओं को विशेष महत्व दिया जाए। विकास कार्यों के चयन एवं क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों एवं सचिवों से अपेक्षा की गई कि वे ग्राम पंचायतों में विकास की वास्तविक आवश्यकताओं को चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें।

# खबरें एक नजर में

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार को सहंगिया गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। हादसा एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 165.8 के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के संसारपुर निवासी रामकृपाल (70) पुत्र लौटू निषाद सोमवार को एक्सप्रेसवे पार कर रहे थे। इसी दौरान लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रामकृपाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

## बेटी की मौत पर न्याय के लिये भटक रहा पीड़ित पिता, सीओ से शिकायत

**प्रतापगढ़।** ससुरालीजनों पर दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता न्याय के लिए भटक रहा है। परेशान पिता ने सीओ से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर निवासी आबिद अली ने सीओ को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने बीते बीस जून 2024 को अपनी पुत्री अफसाना बानो की शादी लालगंज कोतवाली के गंगाराम बक्श का पुरवा जेंवई निवासी सोनू के साथ किया था। आरोप है कि बीते दो अगस्त को पति समेत ससुरालीजनों ने विवाहिता को जमकर मारापीटा। जिससे उसकी मौत हो गयी। जबकि ससुरालीजनों का कहना है कि विवाहिता की मौत जहरीला पदार्थ निगलने से हुई है। घटना पर कार्रवाई को लेकर पीड़ित पिता न्याय के लिए कोतवाली का चक्कर काट रहा है। कार्रवाई न होने से परेशान पिता ने सीओ से न्याय की गुहार लगायी है। सीओ राजीव द्विवेदी का कहना है कि मामले की जांच कराकर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

## दो वांछित धराए, गये जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गश्त के दौरान दो वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उदयपुर थाने के उप निरीक्षक नंदलाल यादव सोमवार को सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मुबारकपुर राजापुर निवासी नोखेलाल पुत्र रामसुफल सरोज व समगढ़ा मंगापुर निवासी लालचंद्र यादव पुत्र रामजस यादव को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछितों को जेल भेज दिया गया है।

## सीएचसी में मरीजों से वसूली का आरोप, वीडियो वायरल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों की मनमानी के चलते ग्रामीणों की जेबें ढ़ीली हो रही हैं। आरोप है कि अस्पताल में जांच से लेकर मेडिकल बनाने तक में गरीबों से वसूली की जा रही है। मामले को लेकर सोमवार को एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला सांगीपुर सीएचसी का बताया जा रहा है। सांगीपुर क्षेत्र के असांव निवासी रामप्रकाश वर्मा, पप्पू वर्मा, पार्वती ने सीएचसी कर्मियों पर वसूली का आरोप मढ़ा है। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पीड़ित यह कहते सुनाई दे रहा है कि मारपीट की घटना में घायल को टांका लगाने तथा मेडिकल बनवाने के नाम पर अस्पतालकर्मियों द्वारा पैसे वसूल किये गये। पीड़ित ने घटना की शिकायत अफसरो से भी करने की बात कही है। सांगीपुर सीएचसी अधीक्षक धर्मेन्द्र शुक्ला का कहना है कि अस्पताल में मरीजों का समुचित निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। मरीजों या तीमारदारों से अस्पताल कर्मियों द्वारा पैसे की मांग का आरोप निराधार है।

# सम्मान समारोह के बीच चला काव्यांजलि का दौर

**प्रसिद्ध गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र की मौजूदगी में परवान चढ़ा समारोह**

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।



जनपद के कीर्तिशेष गीतकार पण्डित बालकृष्ण मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर काव्यांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन शहर के सूर्या होटल में सम्पन्न हुआ। अधिवक्ता सांस्कृतिक मंच ,प्रांजल पब्लिकेशन्स और राष्ट्रीय कवि संगम रायबरेली इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरादून से पधारे सुविख्यात गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने व संचालन नगर की वरिष्ठ कवयित्री शबिस्ता बृजेश ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद रायबरेली के अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका , साहित्यकार डॉ मनोरमा लाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं स्तम्भकार डॉ अनिल मिश्र ने स्मृतिशेष मिश्र जी के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत चर्चा की और उनसे जुड़े हुए अनेक संस्मरण साझा किए। फिरोज गांधी महाविद्यालय की पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ चम्पा श्रीवास्तव ने भी मिश्र जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि शत्रुघ्न सोनकर ने एक माह के अन्दर पंडित बालकृष्ण मिश्र के नाम से मार्ग के नामकरण कराने की घोषणा की। काव्याजलि सत्र में बालकृष्ण मिश्र की कविताओं का वाचन एड. शिवकुमार शुक्ल व नीरज पाण्डेय द्वारा किया गया। लखीमपुर से पधारे सुप्रसिद्ध गीतकवि ज्ञानप्रकाश आकुल, लखनऊ की वरिष्ठ कवयित्री सन्ध्या सिंह व अन्तर्राष्ट्रीय गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने अपने प्रभावी कव्यपाठ से सभी को भावविभोर कर दिया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर। बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्त कर स्वस्थ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जीडी गोयनका स्कूल सुलतानपुर कैंपस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम 'स्वस्थ बचपन-उज्ज्वल भविष्य' और 'छोटा कदम, बड़ा स्वास्थ्य लाभ' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भूषण और उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर की मौजूदगी में हुआ। अधिकारियों ने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने हाथ धोने, स्वच्छ पानी पीने और साफ-सफाई अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को मंच पर एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गई।

# साधन सहकारी समितियों में पहुंची यूरिया खाद, किसानों को राहत



समृद्धि, डलमऊ-रायबरेली। किसानों को यूरिया खाद की उपलब्धता से राहत मिल रही है साधन सहकारी समिति पर लगातार खाद वितरण से किसानों को भटकना नहीं पड़ रहा है। जहां पर तहसील क्षेत्र के विभिन्न साधन सहकारी समितियां में खाद की किल्लत से किसान जूझ रहे हैं वही डलमऊ तहसील क्षेत्र के कंधरपुर साधन सहकारी समिति में लगातार यूरिया की उपलब्धता से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है साधन सहकारी समिति पर लगातार यूरिया खाद के वितरण से किसान खुश हैं। सोमवार को साधन सहकारी समिति पर आए किसानों ने बताया कि पिछले एक माह से लगातार यूरिया खाद के वितरण से इस बार खाद की किल्लत से जूझना नहीं पड़ा। वहीं समिति के सचिव की माने तो पिछले एक माह के अंदर में लगभग 3000 बोरी यूरिया खाद का वितरण किया गया जिससे लगभग 1500 से अधिक किसानों को लाभ मिला है समिति के क्षेत्र से अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में किसानों ने आकर यहां से यूरिया खाद्य खरीदी।

# सावन के दूसरे सोमवार पर घुइसरनाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु



समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

सावन माह के दूसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर में आरती के बाद गर्भगृह का पट खुलते ही हर हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ। बाबा घुइसरनाथ के दर्शन पूजन व जलाभिषेक को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कांवरिया कतार में खड़े दिखे। हाथ में गंगा जल, विल्ब पत्र, फूल माला व प्रसाद आदि बाबा को अर्पित किया और सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं बोल बम के जयघोष के साथ हजारों की संख्या में कांवड़िया श्रद्धालुओं ने भी बाबा घुइसरनाथ का जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी। इधर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सई नदी व गंगा सागर में स्नान व दान भी करते दिखे।

सई घाट पर गोताखोरों के साथ पुलिस की मुस्तैदी भी बनी रही। एसडीएम वाचस्पति सिंह, सीओ राजीव द्विवेदी पुलिस बल के साथ व्यवस्थाओं की निगरानी में डटे दिखे।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जनपद में 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के द्वारा जनपद की तहसील सदर, महराजगंज, लालगंज, डलमऊ, ऊंचाहार व सलोन में आम-जन के मध्य राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन, बीमा से सम्बन्धित, राजस्व से सम्बन्धित, विद्युत से सम्बन्धित, जल से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्बन्धित, परिवार न्यायालय से सम्बन्धितएवं शमनीय दाण्डिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रुप से निस्तारित हो जाता है।

## हीरापुर में संघ की साप्ताहिक मंडली सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे



समृद्धि न्यूज़, भेंटुआ/अमेठी। विकासखंड भेंटुआ के हीरापुर गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साप्ताहिक मंडली का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेवा, अनुशासन, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रहित जैसे विषयों पर विचार रखे गए। कार्यक्रम आयोजक संजय मिश्रा, जिला प्रचारक पवन जी एवं खंड कार्यवाह सचिन जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महात्मा तिवारी (मंडल उपाध्यक्ष भाजपा), अंबिका तिवारी, शुभम श्रीवास्तव, कालिका पांडेय, संतोष पांडेय, राहुल तिवारी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में आशुतोष सिंह राणा 'शिवा' ने किया पूजन-अर्चन, श्रद्धालुओं को वितरित किया फलाहार



**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में सोमवार को भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' के पुत्र आशुतोष सिंह राणा 'शिवा' ने श्रद्धापूर्वक दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्रावण मास के पावन अवसर पर धाम पहुंचे आशुतोष सिंह राणा 'शिवा' ने बाबा घुश्मेश्वरनाथ के श्रीचरणों में मत्था टेककर जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में खुशहाली, भाईचारा और विकास का वातावरण बना रहे, यही उनकी कामना है।

# पेरियार ललई सिंह जन्मोत्सव कमेटी के इंद्रजीत अध्यक्ष व ओम प्रकाश महामंत्री चुने गए

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



सामाजिक कुरीतियों के आंदोलन के प्रणेता समाज सुधारक पेरियार ललई सिंह यादव की जन्म जयंती आगामी 1 सितंबर को मानिकपुर नगर क्षेत्र के चौरही बजहा भीट में समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। जिसके संबंध में डॉ विजय यादव की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि आयोजन समिति का इंद्रजीत यादव को अध्यक्ष, ओम प्रकाश मौर्य को प्रबंधक तथा हरिश्चंद्र यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिसका करताल धन से सभी ने स्वागत किया। डॉ अंबेडकर व पेरियार ललई सिंह के चित्र पर डॉ विजय यादव तथा अब्दुल हाशिम ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। अध्यक्षता करते हुए मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव ने कहा कि परिया ललई सिंह यादव सच्चे समाज सुधारक व क्रांतिकारी परिवर्तन के जनक माने जाते हैं। इसीलिए दबे कुचले शोषित पीड़ित समाज के लोगों ने आगामी 1 सितंबर को लड़ाई सिंह के जन्म जयंती दिवस के अवसर पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जहां हजारों की संख्या में लोग इकट्ठे होकर उनके संघर्षों व विचारों से लाभान्वित होंगे।

क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रवि सोनकर को मानिकपुर के पेरियार के नाम से अब उन्हें पेरियार रवि सोनकर के नाम से विभूषित किया गया है।

## उद्यान विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में उद्यान विभाग की जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की समीक्षा करते हुए वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों के क्रियान्वयन का अनुमोदन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करने तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सपा कार्यालय में मनाई गई फूलन देवी की जयंती



समृद्धि न्यूज़, अमेठी।

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि फूलन देवी ने संघर्ष के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने शोषित, गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। आज जरूरत है कि उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के कमजोर तबकों की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाया जाए। कार्यक्रम में जिला सचिव अरशद अहमद सहित राम बौरासी, चंद्रशेखर यादव, अरविंद यादव, मोनू उर्फ राजेंद्र कुमार, दीपू तिवारी, सूर्यकांत पाल, विकास, चंद्रकांत पाल, महेंद्र यादव, शिवदर्शन यादव, हौसला यादव, सर्वेश कुमार यादव, राकेश यादव, अनिल यादव, समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौशाला पहुंचे सीडीओ ने व्यवस्थाओं को परखा

**पुरसा गौशाला में सूखा भूसा व गंदगी मिलने पर लगाई फटकार**

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।



अनौगी गौशाला में निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते सीडीओ राजेन्द्र श्रीवास

मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र श्रीवास ने सोमवार को विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनौगी स्थित गौशाला तथा जसपुरापुर सरैया के पुरसा गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनौगी गौशाला में 176 तथा पुरसा गौशाला में 228 गौवंश पाए गए। सीडीओ ने दोनों गौशालाओं में गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, स्वच्छ पेयजल तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनौगी गौशाला में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों की सराहना की। वहीं ऋषि राज स्वदेशी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित पुरसा गौशाला में चलनी में सूखा भूसा तथा परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने एनजीओ संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि सुधार न होने पर अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की जा सकती है। खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने भी एनजीओ संचालक को गौवंश के लिए हरा चारा, स्वच्छ पानी और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को वह स्वयं पुनः निरीक्षण करेंगे और यदि व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं मिला तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत लक्ष्मीराज यादव, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सी.पी. सिंह, सचिव प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे

समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ, कन्नौज।



भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए शहर के बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। रास्ते में पुष्प वर्षा से यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। पीपल चौराहा स्थित श्री विजयनाथ मंदिर पर एकत्रित होकर डीजे पर देशभक्ति गीतों की धुन पर तिरंगा झंडा लहराते हुए पुलिस की चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था में यात्रा शुरू हुई, जो बाजार से होते तिरंगा तिराहा पर समाप्त हुई। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का प्रतीक है, जो युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि तिरंगा हमारी शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, इसे सम्मान देना हर नागरिक का कर्तव्य है। भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि ऐसी यात्राएं देश के प्रति निष्ठा को मजबूत करती हैं। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा राष्ट्रहित में सक्रिय रहता है। पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता टिल्लू ने युवाओं से तिरंगे के सम्मान में एकजुट होने की अपील की। हिंदू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने कहा तिरंगा यात्रा देश के स्वाभिमान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में सावित्री पांडे, उषा उपाध्याय, अरुण कुमारी शाक्य, शिवदेवी चौहान, अर्चना गुप्ता सुमन पाराशर, संध्या त्रिपाठी, गौरव द्विवेदी, आनंद गुप्ता, मुकेश पांडेय, राहुल पाल, विवेक दुबे अरवेश पाल, वेद प्रकाश राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे, आशु दीक्षित वंदे मातरम, संजीव द्विवेदी एडवोकेट, हिमांक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एयरफोर्स की ट्रेनिंग पूरी कर विद्यालय पहुंचे पूर्व छात्र अभिषेक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज तेराजाकेट के पूर्व छात्र अभिषेक राजपूत निवासी ग्राम विशम्भरपुर ने इंडियन एयरफोर्स की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। ट्रेनिंग पूर्ण कर विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार ने उनका फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने अभिषेक राजपूत को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि अभिषेक का अनुशासन, मेहनत और देशसेवा का जज्बा वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानाचार्य ने कहा कि भारतीय वायुसेना में चयनित होकर अभिषेक ने साबित कर दिया है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने अभिषेक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय को ऐसे होनहार छात्रों पर नाज है।

# प्रशिक्षणार्थियों को यूनिफॉर्म व बुक सेट वितरित



समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ, कन्नौज।

बनवारी नगर स्थित उड़ान कैंपस में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के अंतर्गत फोटेक सेवा संस्थान कानपुर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में संचालित इन-स्टोर डिमॉन्स्ट्रेटर (सेल्स) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नामित सभासद संजीव चौहान ने किया। इस दौरान चयनित प्रशिक्षणार्थियों को यूनिफॉर्म और अध्ययन सामग्री वितरित की गई। जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक सिंह ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र प्रबंधक पल्लवी त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 71 युवकों और 29 युवतियों समेत कुल 100 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है। जिला कार्यक्रम सह-समन्वयक आकाश अवस्थी और फोटेक सेवा संस्थान के एरिया मैनेजर मनीष मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को यूनिफॉर्म व बुक सेट वितरित किए। 11 नवंबर तक चलने वाले निःशुल्क प्रशिक्षण में कंप्यूटर, बिलिंग, शॉपिंग मॉल डिस्प्ले, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री, ग्राहक सेवा सहित रिटेल सेक्टर से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यावहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने बताया कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रत्येक माह की 21 तारीख को विभिन्न स्थानीय एवं राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को इन माध्यमों से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान प्रशिक्षक राजीव कुमार, शिवानी सिंह, आयुष, विष्णु, कर्तव्य आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम की मां के निधन पर भाकियू का धरना स्थगित



**समृद्धि न्यूज छिबरामऊ, कन्नौज।** बहवलपुर में रास्ते को लेकर तहसील में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी की मां के निधन के कारण अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसान नेताओं ने एसडीएम की मां के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष नीरज भाटिया ने कहा कि एसडीएम की मां के निधन की सूचना मिलने के बाद मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

मालूम हो कि बहवलपुर में रास्ते की समस्या को लेकर किसान और ग्रामीण तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे। मामले के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के स्तर से कार्रवाई भी चल रही थी। इसी बीच एसडीएम की मां के निधन की सूचना मिलने पर किसान नेताओं ने धरना स्थगित करने का निर्णय लिया।

# किसान नेता ने भाकियू बलराज की ली सदस्यता

समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ, कन्नौज।



**भाकियू भानु छोड़ने का किया ऐलान**

भारतीय किसान यूनियन भानु को छोड़कर किसान नेता सतीश चंद्र ने भारतीय किसान यूनियन बलराज की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में शामिल होने की घोषणा की। बहवलपुर पहुंचने पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एडवोकेट रियाज अहमद को भाकियू बलराज विधि प्रकोष्ठ का जिला सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक हुई। किसानों ने खाद की कालाबाजारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि उन्हें खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाकर किसानों को उचित मूल्य पर समय से खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों तक पहुंचकर उनके समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा। किसान हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन किसानों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाता रहेगा।

इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव, तहसील उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र, जिला सह सचिव शैलेंद्र शाक्य, पृथ्वीराज नागर, बॉबी जाटव, सत्यप्रकाश नागर, रामरतन नागर और रणवीर यादव मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डाक कांवड़ लेकर दौड़ रहे कक्षा 12 के छात्र की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिंगी रामपुर से डाक कांवड़ लेकर लौट रहे 19 वर्षीय छात्र की फर्रूखाबाद चौराहे के पास अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। हादसे से उसके साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूफ थाना क्षेत्र के ग्राम रानी बरगमा निवासी हीरा सिंह बघेल का पुत्र लव कुश बघेल अपने गांव के मित्रों के साथ डाक कांवड़ लेकर सिंगी रामपुर गया था। साथियों के अनुसार वे रविवार रात करीब 12 बजे भिंड से कांवड़ लेकर निकले थे। सोमवार को वापस लौटते समय नगर के फर्रुखाबाद चौराहे के पास लव कुश डाक कांवड़ लेकर दौड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसे चक्कर आ गया और वह गिर पड़ा। साथियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस से उसे सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लव कुश अपने कस्बे के पीवीएन हाई सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र था। वह तीन भाइयों अनूप, संजेश और लव कुश में सबसे छोटा था। उसकी मां का नाम रेखा देवी है। घटना की जानकारी होते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया।

### फूलन को संसद भेज मुलायम ने दी महिलाओं को ताकत

**कन्नौज।** नसरापुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर सपाइयों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय की लड़ाई को याद किया। जिलाध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नेताओं ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के योगदान को भी याद किया गया। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने के अवसर बेहद सीमित थे, उस समय मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को चुनाव मैदान में उतारकर संसद तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक महिला को राजनीति में अवसर देना नहीं था पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने कहा कि फूलन देवी का जीवन संघर्ष, साहस और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। सपा उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय की लड़ाई को हमेशा आगे बढ़ाती रहेगी।

### संयम व आध्यात्मिक जागरण का पर्व सावन : अनिल मिश्रा

**तिर्वा/कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सावन के द्वितीय सोमवार पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रात:कालीन वंदना के बाद विद्यालय परिसर में भगवान शिव की भव्य आरती हुई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, आचार्यों और कर्मचारियों ने 'हर-हर महादेव' और 'जय शिव ओंकारा' के जयघोष लगाए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि श्रावण मास केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, प्रकृति-पूजन और आध्यात्मिक जागरण का अवसर है। आधुनिक जीवन में बढ़ते तनाव और मानसिक अशांति के बीच सावन का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से ध्यान, जप, योग, उपवास और सत्संग जैसी परंपराओं को अपनाने के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**सौरिख/कन्नौज।** खड़नी क्षेत्र के नगरिया बौथम गांव निवासी पुष्पेंद्र (32) पुत्र स्वर्गीय बालकराम की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी अर्चना के अनुसार, रात करीब नौ बजे वह छत पर पहुंचीं तो पुष्पेंद्र बेसुध पड़े थे। परिजन उन्हें पीएचसी सौरिख ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अर्चना ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शाम से कुछ लोग पुष्पेंद्र के साथ छत पर शराब पी रहे थे। इस दौरान विवाद भी हुआ था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की छह वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटा है। मां ज्ञान देवी ने बताया कि करीब 15 वर्ष पहले पुष्पेंद्र के पिता की भी संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है।

# टिकुरा ग्राउंड में इरफान हुसैन ने शुरू कराई कुश्ती

**फीता काटकर राष्ट्रीय विराट कुश्ती प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, आयोजकों ने पगड़ी बांधकर किया स्वागत**

समृद्धि न्यूज़, समधन।



नगर के दारासराय स्थित टिकुरा ग्राउंड में चल रही राष्ट्रीय विराट कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को मुकाबलों में खूब रोमांच देखने को मिला। प्रतियोगिता में समधन नगर के सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष इरफान हुसैन ने पहुंचकर पहलवानों के बीच कुश्ती का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले आयोजकों ने इरफान हुसैन के सिर पर पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद इरफान हुसैन ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। उन्होंने दर्शकों के बीच बैठकर काफी देर तक पहलवानों के जोरदार दांव-पेंच और रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। प्रतियोगिता में दूर-दराज क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने दमखम और शानदार दांव-पेंच से दर्शकों को खूब रोमांचित किया। इस अवसर पर तौहीद सिद्दीकी (बंटू), हाफिज फुरकान, पवन माथुर, आदिल परवेज, अब्दुल्ला खान, रुखसाद पहलवान आदि मौजूद रहे।

# ताहिर हुसैन ने ग्राम पंचायत में किया डोर-टू-डोर संपर्क

समृद्धि न्यूज़,गुरसहायगंज, कन्नौज।



समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और पीडीए को मजबूत करने के उद्देश्य से पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने जनपद में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने विकासखंड तालग्राम क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक ने लोगों को समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी और पार्टी के सिद्धांतों से अवगत कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम लगातार किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने हमेशा सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति को आगे बढ़ाया है। उनके मार्गदर्शन में ही पार्टी गांव-गांव तक पहुंचकर जनता की आवाज बन रही है। ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि पीडीए समाजवादी पार्टी का मूल मंत्र है। इस अभियान के माध्यम से हम हर घर तक जाकर लोगों को बताएंगे कि सपा सरकार में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और गरीबों के लिए जो काम हुए थे, उन्हें फिर से धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें।

डोर-टू-डोर अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी पूर्व विधायक के इस प्रयास की सराहना की और समस्याओं के समाधान के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुजफ्फर खान, शान मोहम्मद, शिल्पी यादव, शहनवाज सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव सहित समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ व तिरंगा सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण केंद्र



सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते प्राचार्य डॉ हेमेंद्र व अन्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत तिरंगा सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अभियान के द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त) के शुभारंभ पर महाविद्यालय परिसर में विशेष सेल्फी प्वाइंट बनाया गया, जहां प्राध्यापकों, छात्र- छात्राओं, कर्मचारियों तथा अभिभावकों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा प्रेरित कलाकृतियां, सेल्फी प्वाइंट निर्माण तथा राष्ट्रध्वज फहराने संबंधी नियमों के प्रचार- प्रसार जैसे कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह, डिंपल कुशवाहा, मंगल सिंह सहित अनेक छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीआरसी में एफएलएन का प्रशिक्षण शुरू

**निपुण लक्ष्य अब बाल वाटिका से कक्षा 5 तक**

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।



निपुण भारत मिशन 2.0 के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में 5 दिवसीय ÷स्स्ह एवं हृष्टश्रञ्ज पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण÷ का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक के मार्गदर्शन में किया गया।

बीईओ ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार निपुण लक्ष्य का विस्तारीकरण करते हुए इसे बाल वाटिका से कक्षा 5 तक लागू किया गया है। प्रथम दिवस के सत्र 0 में ब्लॉक के एआरपी राकेश कुमार ने प्रशिक्षण का परिचय, उद्देश्य, लक्ष्य एवं 10 प्रभावी शिक्षण विधियों पर चर्चा की। सत्र 1 में कक्षा 4 की पाठ्यपुस्तक वीणा पर समझ विकसित करने पर कार्य किया गया। सत्र 2 में संदर्भदाता नीशू सिंह एवं पूजा गुप्ता ने कक्षा 4 की भाषा पुस्तक वीणा पर विस्तृत चर्चा की। वहीं सत्र 3 में संदर्भदाता रेवती रमन सिंह एवं जसकरन सिंह ने कक्षा 4 की गणित पुस्तक गणित मेला के अध्यायों को गतिविधियों के माध्यम से समझाया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में एआरपी राकेश कुमार, रेवती रमन सिंह, जसकरन सिंह, नीशू सिंह एवं पूजा गुप्ता अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान शिक्षक, शिक्षिका मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पेनकार्ड में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम द्वारिका सिंह दर्ज हो गया था, जबकि मेरे मेरे पिता का सही नाम द्वारिका प्रसाद है। दोनों ही नाम मेरे पिता के है। मेरे पेनकार्ड में मेरे पिता का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **रामपाल सिंह पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद निवासी न्यू कालोनी नगला प्रीतम, भोलेपुर, फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद**

## अदालती सूचना

**न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ**

**वाद सं0- टी 202603390104370**

**धारा-34रा.सं.20026 शीलावेन मौजा-सदरपुर बनाम परगना-सकरावा अभयराम तहसील छिबरामऊ।**

**शीलावेन नेत्रपाल यादव पत्नी नेत्रपाल प्रताप सिंह यादव निवासी बी/56/2कृष्णानगर सोसाइटी जगतपुर रोड चंदलाडिया अहमदाबाद सिटी अहमदाबाद गुजरात**

चूंकि उपरिनामांकित वादी देवेन्द्र कुमार पुत्र कनौजीलाल निवासी करीला मौजा सदरपुर परगना सकरावा तहसील छिबरामऊ एतदद्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आवेदन किया है एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आ आवेदन के विरूद्ध सन्दर्भित के लिए दिनांक 29.08.2026 को 10 बजे पूर्वाहन स्वयं एवं अधिवक्ता सहित उपस्थित हो और यह करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय माना जायेगा और आदेश पारित कर दिया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 31.07.2026 को जारी की गयी।

**तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ**

# विभाजन विभीषिका दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका दिवस की थीम पर तहसील स्तरीय निबंध, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में हुआ।

प्रतियोगिताओं में तहसील क्षेत्र के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सह नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार की उपस्थिति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में आरूषी गुप्ता प्रथम, रिशु पाल द्वितीय तथा प्रतिज्ञा शाक्य व रिमझिम गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका चौहान प्रथम, निधि द्वितीय और सोनाली तृतीय रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में नव्या दुबे प्रथम, प्राची राजपूत द्वितीय और शिवांगी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने बताया कि तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागी 12 अगस्त को कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कन्नौज में होने वाली जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक मंडल में पूनम सिंह, ओम प्रकाश, जितेंद्र कुमार और रंजीत वर्मा रहे। पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## चोरी की भैंसों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की भैंसों के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो भैंस, बोलेरो पिकअप लोडर, दो मोबाइल फोन और 3,040 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त को ग्राम कुंअरपुर बनवारी निवासी आशीष ने सूचना दी थी कि उसके घर के सामने बंधी भैंसों को अशोक राजपूत व उसके साथी चोरी कर ले गए हैं। मामले में 9 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने निगोह खास ओवरब्रिज के पास से आलोक कुमार निवासी रामपुर बैजू और अशोक राजपूत निवासी रामपुर बैजू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है।

# विवाहिता ने पेड़ से फांसी लगाकर दी जान



समृद्धि न्यूज़, समधन।

**मायके पक्ष की ओर से लिखित समझौते के बाद हुआ अंतिम संस्कार**

रामाश्रम चौकी क्षेत्र के ग्राम रायपुर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विवाहिता ने पेड़ की टहनी से फांसी लगाकर जान दे दी। महिला सुबह घर से मायके जाने की बात कहकर निकली थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम रायपुर निवासी पवन कुमार की करीब 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी सोमवार सुबह लगभग पांच बजे अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर मायके जाने की बात कहकर घर से निकल गईं। पति ने मोबाइल फोन से जानकारी की तो प्रियंका ने बताया कि वह थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम गंगेपुरवा स्थित अपने मायके जा रही है। इसके बाद करीब 11 बजे गांव के पास ग्रामीणों ने एक पेड़ की टहनी पर फांसी के फंदे से महिला का शव लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

घटना की जानकारी मृतका के पति पवन कुमार ने मायके पक्ष के लोगों को दी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि मायके पक्ष की ओर से कोई सरकारी कार्रवाई न कराने को लेकर लिखित समझौता किया गया। इसके बाद मृतका के शव का चियासर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से कांवड़िये की मौत, परिजनों में कोहराम

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।**

इटावा-बरेली हाईवे पर रविवार शाम डाक कांवड़ लेकर जा रहे 22 वर्षीय कांवड़िये की मौत हो गई। थाना राजेपुर क्षेत्र के डबरी गांव के पास हुए हादसे में कांवड़िया ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर किया गया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही कांवड़िये के जत्थे में कोहराम मच गया।



लोहिया में मौजूद परिजन व पुलिस

जानकारी के अनुसार कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज निवासी विवेक कुमार (22) करीब 35 कांवड़ियों के जत्थे के साथ पांचाल घाट से गंगाजल भरकर डाक कांवड़ लेकर गोला जा रहे थे। रविवार शाम उनका जत्था इटावा-बरेली हाईवे से होकर गुजर रहा था। डबरी गांव के पास पहुंचने पर विवेक अचानक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ चल रहे कांवड़ियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विवेक कुमार को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। परिजन और अन्य लोग घायल विवेक को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कांवड़ लेकर साथ जा रहे अन्य श्रद्धालुओं में भी शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि विवेक कुमार दो भाइयों में बड़े थे। वह कांवड़ यात्रा में शामिल होकर गंगाजल लेकर गोला जा रहे थे। हादसे ने परिवार के साथ ही कांवड़ यात्रा में शामिल अन्य श्रद्धालुओं को भी झकझोर कर रख दिया। थानाध्यक्ष राजेपुर नागेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मामले में तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की भी जांच कर रही है।

## जल लेकर जा रहे दो कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत



जांच पड़ताल करती पुलिस

**समृद्धि न्यूज,मोहम्मदाबाद।** फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर मैनपुरी के मारकंड मंदिर जा रहे कांवड़ियों के जत्थे में शामिल दो लोगों की इटावा-बरेली हाईवे पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रविवार रात करीब 10:30 बजे खाटू श्याम मंदिर और हवाई पट्टी के बीच हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। जनपद मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम जंगपुरा निवासी रामलड़ैते अपने करीब 25 से 30 साथियों के साथ दोपहर करीब 12 बजे जंगपुरा से फर्रुखाबाद गंगा से जल लेने निकले थे। फर्रुखाबाद शाम 6 बजे गंगाजल लेकर सभी लोग शाम करीब छह बजे मैनपुरी स्थित मारकंड मंदिर के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर खाटू श्याम मंदिर और हवाई पट्टी के बीच हादसा हो गया। बताया गया कि एक अपाचे बाइक ने ऋषभ की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार ऋषभ और पीछे बैठी गिरजा देवी सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में रामलड़ैते की 32 वर्षीय पत्नी गिरजा देवी तथा उनके मामा माया प्रसाद का 16 वर्षीय पुत्र ऋषभ शामिल है। डायल 112 की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन भी लोहिया अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। गिरजा देवी के पीछे 12 वर्षीय पुत्री मोहिनी तथा सात वर्षीय पुत्र रिशु और पांच वर्षीय पुत्र रितिक हैं। पति रामलड़ैत खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

## नगर में पांच हजार तिरंगा झंडों का होगा वितरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस पर जनपद की नगर पंचायत नवाबगंज द्वारा भारत सरकार की हर घर तिरंगा योजना के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में कुल 5000 तिरंगा झंडों का वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाना है, ताकि सभी नगरवासी अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और देशभक्ति के साथ मना सकें। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में व्यवस्थित तरीके से झंडों का वितरण कराया जाएगा। इस पहल से नगर में देशभक्ति का माहौल बनेगा और लोगों में राष्ट्रीय पर्व के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। नगर पंचायत ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं और इस अभियान को सफल बनाएं।

## सपा कार्यालय पर मनाई गयी फूलन देवी की जयंती



फूलन देवी की जयंती मनाते सपाई

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर सपा नेताओं ने गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया। पदाधिकारियों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि फूलन देवी सदैव इस समाज में सामाजिक न्याय की प्रतीक मानी गई हैं। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, डॉ0 जेपी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, अफजाल अहमद फारूकी, अरविंद कश्यप, मुजाहिद अंसारी, विनीत परमार, रामपाल सिंह यादव, अर्चित शर्मा, शिवम पटेल, राजन शर्मा, श्यामल सिंह चौहान, राजन राजपूत, प्रशांत, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अमन तिवारी, सुमित कुमार, शीलू खां, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बालश्रम रोकने के लिए किया जागरुक

**ब्लॉक राजेपुर में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

विकासखण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई।




संबोधित करते बाल संरक्षण अधिकारी

बीडीओ ने बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि के संबंध में लाभान्वित कराए जाने हेतु कहा गया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, इमरजेंसी नम्बर 112, 108, 102 के बारे में जानकारी दी और कहा कि अपने बच्चों तथा अपने आस पास के बच्चों को शिक्षा दें कि यदि उनके साथ कुछ गलत व्यवहार हो रहा हो, तो वे अपने माता पिता अथवा अभिभावक को जरूर सूचित करे, जिससे कि समय से कार्यवाही हो सके। डॉ0 हिमांशु राजपूत ने संस्थागत प्रसव कराने पर जोर दिया।

बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक गौरव शुक्ला ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने बच्चों को किसी पड़ोसी अथवा किसी रिश्तेदार के पास अकेला ना छोड़े। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, सहायक विकास आधिकारी पंचायत अजीत कुमार पाठक, बाल विकास परियोजना अधिकारी अम्बुज यादव, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, जीशान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# पानी में उतराता मिला भैंस चराने गए व्यक्ति का शव

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।**

भैंस चराने गए वरिष्ठ नागरिक का शव गड्ढे में भरे पानी में उतराता मिला। मौत की खबर सुनकर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। स्वजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया।

क्षेत्र के गांव अर्जुन नगला निवासी 70 वर्षीय महेश यादव रविवार दोपहर भैंस चराने खेतों की तरफ गए थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई खबर नहीं मिल सकी। सोमवार सुबह शौच गए ग्रामीणों ने गांव के निकट पानी से भरे गड्ढे में वरिष्ठ नागरिक का शव देख स्वजनों को सूचना दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को गड्ढे से बाहर निकाला। स्वजन शव लेकर घर चले गए। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक खेती का काम करता था। मृतक के पांच पुत्र शिवदत्त, साधु, सुधीर, वेदपाल, बबलू उर्फ बंटू हैं। उनके एक अविवाहित पुत्री संगीता हैं। मृतक की पत्नी राम प्यारी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हालांकि स्वजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया। हल्का इंचार्ज दारोगा दिनेश कुमार ने बताया स्वजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया हैं। मामले की जाँच की जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### सफाई के दौरान सर्प ने डसा, युवक की मौत



रोते बिलखते परिजन व फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** घर की सफाई करना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। सफाई के दौरान सर्प के डसने से 29 वर्षीय सर्वेश कुमार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हादसे से गांव में भी शोक का माहौल है। जानकारी के मुताबिक अमृतपुर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद सोमवार को अपने घर की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान छिपे बैठे सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए लोहिया अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। सर्वेश परिवार के साथ पानीपत में रहकर मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करते थे और इन दिनों घर आए हुए थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी रीता देवी, मां सत्यवती समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र हैं, जिनमें प्रिंस (15) और प्रतीक (8) शामिल हैं। मृतक के भाई कल्लू दिल्ली में रहते हैं। सूचना पर अमृतपुर चौकी प्रभारी राहुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की। अचानक हुई सर्वेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद गांव में भी शोक की लहर है।

### फर्जी शिकायतों से परेशान युवक की कार्रवाई की गुहार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम डुडियापुर निवासी राहुल कुमार यादव ने अपने नाम से मोबाइल नंबर के माध्यम से लगातार की जा रही कथित फर्जी शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार राहुल यादव का आरोप है कि किसी व्यक्ति द्वारा उसके नाम और पिता के नाम का गलत इस्तेमाल कर अलग-अलग विभागों में शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायतों के माध्यम से गांव में शांति व्यवस्था प्रभावित करने और उसे परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल ने बताया कि शिकायतों में जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसकी जांच कराने पर संबंधित व्यक्ति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। मामले के निस्तारण के दौरान अधिकारियों द्वारा उसे बुलाकर जानकारी लेने का प्रयास भी किया गया, लेकिन शिकायतकर्ता मौके पर नहीं पहुंचा। राहुल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित मोबाइल नंबर की विस्तृत जांच कर फर्जी शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए।

### युवक ने जहर खाकर दी जान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज एक निवासी युवक ने जहर खा कर अपनी जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी एक युवक ने रविवार दोपहर को जहर खा लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने युवक को आनन-फानन लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम परिजन युवक के शव को घर ले आए। वहीं गांव में युवक की मौत पर तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक का गांव में ही एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी महिला के पति को लगी। तो फोन पर युवक और महिला के पति की नोंकझोंक हुई। जिसके चलते युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। वहीं थाना पुलिस ने इस संबंध में कोई जानकारी न होने की बात कही।

# निपुण भारत मिशन के तहत एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी कार्यालय कायमगंज में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान एफएलएन पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया। प्रशिक्षण के शुरुआती चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा इंचार्ज प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इस अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के समस्त अध्यापकों और शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि निपुण भारत का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जा सके और शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में संदर्भदाता मास्टर ट्रेनर के रूप में जसविंदर सिंह, सुबोध अग्निहोत्री, अनुराग पाठक, श्याम जी श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह ने शिक्षकों को नई शिक्षण विधाओं से अवगत कराया। वहीं, कार्यक्रम में तकनीकी सहायक के रूप में अश्विनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार और विक्रांत पाठक का विशेष सहयोग रहा।

# राजपूत करणी सेना 13 को निकालेगी सवर्ण न्याय यात्रा

**संगठन का विस्तार कर पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

राजपूत करणी सेना की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौर के निवास दीनदयाल बाग पर सुशील सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में यूजीसी नीतियों के विरोध में न्याय यात्रा निकाले जाने पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने कहा कि संगठन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, एकजुटता और शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने का आवाह्न किया।



मनोनयन पत्र के साथ मौजूद पदाधिकारी

जनपद में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।

वैभव सोमवंशी को जिला प्रवक्ता, संजय सिंह राठौर को जिला उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ, अभय प्रताप सिंह राठौर को जिला मीडिया प्रभारी, अभिषेक सिंह राठौर को जिला आईटी सेल प्रभारी, गुलाब सिंह को ग्राम पंचायत अध्यक्ष गंगोली, संजीव चौहान को ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेपुर, अमन सिंह राठौर को ब्लॉक अध्यक्ष राजेपुर, मनमोहन सिंह चंदेल को जिला सहसचिव, अभय सिंह चौहान को विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर, मिथुन तोमर को ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज, भोले रावत को ब्लॉक उपाध्यक्ष नवाबगंज तथा अभय प्रताप सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मदाबाद का दायित्व सौंपा गया।

साथ ही युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौर ने यूजीसी से जुड़े मुद्दे पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि संगठन सामाजिक न्याय, समान अवसर और अपने अधिकारों से जुड़े विषयों को मजबूती के साथ उठाता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी 13 अगस्त की सवर्ण न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क करने का आवाह्न किया।

# डीएम ने की बैंक व बैंक प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड धारक कृषकों को फसल बीमा योजना का प्राथमिकता से दिलायें लाभ**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में बैंक एवं बैंक प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनपद में संचालित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं शासन की प्राथमिकता वाली बैंक प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

डीएम ने बैंकवार एवं योजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऋण संबंधी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा बैंक अधिकारी अनावश्यक रूप से किसी आवेदन को लंबित न रखें। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिक से अधिक पात्र युवाओं, उद्यमियों, किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ा जाए, जिससे जनपद में स्वरोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कैनरा बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, एवं इण्डियन बैंक का क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुमित अग्निहोत्री, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुषमा, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र, जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**ट्रेन पकड़ने के चक्कर में पटरी पर आ गए थे**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन से आगे पितौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार सुबह 73 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लखीमपुर खीरी जनपद निवासी रामदास गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता के रूप में हुई है। वे अपने परिवार के साथ राजस्थान के बालाजी दर्शन कर जयपुर से लखनऊ ऐशबाग जाने के लिए गोमती नगर एक्सप्रेस में सवार थे। सुबह तड़के करीब 4:35 बजे ट्रेन कायमगंज रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के रुकने पर परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान रामदास ट्रेन से नीचे उतर गए। जब ट्रेन चलने लगी तो उन्होंने दौड़कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद वे पटरी किनारे पैदल चलते हुए पितौरा रेलवे क्रॉसिंग तक पहुंच गए। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही कासगंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों को नींद खुलने पर रामदास अपनी सीट पर नहीं मिले। उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। सूचना मिली कि पितौरा क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जीआरपी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार मृतक के पुत्र अभिषेक और टीम मौके पर पहुंची। पुत्र अभिषेक ने बताया कि उनके पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वे बालाजी दर्शन कर लौट रहे थे। स्टेशन मास्टर रामचंद्र प्रसाद और शोभित मिश्रा ने घटना की पुष्टि की जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क के निर्धारित स्थान पर दबंगों का कब्जा

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज**

नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है। सोमवार को ग्रामीणों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को शिकायती पत्र सौंपा और कार्रवाई की मांग की।



शिकायत करते ग्रामीण

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित मार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के निर्धारित स्थान पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इस कब्जे के कारण सड़क निर्माण में बाधा आ रही है और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कब्जाधारकों के पास जमीन से संबंधित पर्याप्त कागजात नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी संबंधित अधिकारियों से की गई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर सड़क की जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है, ताकि प्रस्तावित सड़क का निर्माण पूरा हो सके। शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। शिकायती पत्र पर संजय सिंह, रामेश्वर दयाल, शिव सिंह, सुनील कुमार, मानसिंह, नन्हे लाल यादव, संजीव कुमार, सुशील कुमार, अजय पाल, राम निवास, रामसेवक, घनश्याम, रामकुमार, रजनीश कुमार, लक्ष्मी स्वरूप, अजीत कुमार, रामदास, कन्हैयालाल, रामप्रताप राठौर, धनीराम राठौर, वीरे लाल सक्सेना और राकेश सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# भक्तों ने भगवान शिव का गंगाजल से किया जलाभिषेक

**पांडेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सावन के दूसरे सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और उनको वेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। वहीं कई भक्तों ने गंगा स्नान कर वहां से लाये गये जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे। सुरक्षा की दृष्टि मंदिरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर में अधिक भीड़ के चलते पुलिस ने लाइनें लगवायीं। तब कहीं जाकर भक्तों ने दर्शन किये।



पंडाबाग मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

सावन का दूसरा सोमवार होने के चलते शिवालयों में भक्तों की भीड़ दर्ज की गयी। हर कोई पूजा की थाली सजाये शिवालयों की ओर जाता दिखायी दिया। सुबह भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया और उनको वेलपत्र, धतूरा, पुष्प, भांग आदि अर्पण किये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। जिससे भक्तों को दर्शन करने में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बेरीकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया और महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाकर दर्शन करवाये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिला व पुरुषों ने घरों पर व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की।

शाम के समय मंदिरों में भगवान शिव की फूल पत्तियों से मनमोहक झाकियां सजायी गयीं और रंग बिरंगी आकर्षक झालरें लगायी गयीं। जिससे भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी देखते ही बनी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के आदेश पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा। वहीं नगर से बीते दिन कई भक्त गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए थे। जिन्होंने आज गोला गोकर्णनाथ में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

## ग्रामीणों ने किया कलश वंदन यात्रा का स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं पुण्यतिथि पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कलश वंदन यात्रा कायमगंज ग्रामीण मण्डल के नीवलपुर, अताईपुर कोहना, भगौतीपुर, पितौरा, बराबीकू, शिवरइमठ में निकाली गई। जहां ग्रामीणों ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया संत रविदास की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कलश यात्रा मुख्य रूप से जनपद के सभी मंडलों में जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, संयोजक वीरेंद्र कठेरिया, अमरदीप दीक्षित, मनोज गंगवार, सुशील राजपूत, कृष्ण मुरारी राजपूत, महेंद्र राजपूत, यात्रा संयोजक आशीष गुप्ता, राम नरेश गौतम, कृष्ण गौतम, ऋषिपाल सिसोदिया, ओम प्रकाश, प्रदीप शाक्य, मनोज राठौर, रामलखन राजपूत मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया हाजी फज़ल महमूद का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

बाबूपुरवा स्थित दुल्हन गैलेक्सी गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद का जन्मदिन धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने महानगर अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू ने किया। कार्यक्रम के दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने खुद केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मौजूद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और लंबे जीवन की कामना की। पूरा कार्यक्रम उत्साह और आपसी भाईचारे के

**बूथ मजबूत होगा तो 2027 में सपा की बनेगी सरकार**

माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान हाजी फज़ल महमूद ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अब 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुटने का समय है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में छोटे-बड़े हर कार्यकर्ता को साथ लेकर समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। महानगर अध्यक्ष ने युवाओं और नए मतदाताओं के नाम फॉर्म-6 के जरिए मतदाता सूची में जुड़वाने की बात भी कही। कार्यक्रम के अंत में हाजी फज़ल महमूद ने जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।



मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की जीत के लिए पूरी मेहनत से काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महासचिव संजय सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिंटू,के के शुक्ल,आलोक मिश्रा, नौशाद आलम मंसूरी,अपर्णा जैन, नीतेंद्र यादव,रामगोपाल पुरी, राजेश सिंह, वीरसेन यादव, नंदलाल जयसवाल, कमलेश ओमर,हाजी अबरार, के के मिश्रा,महेश कन्नौजिया , शिवकुमार बाल्मिक, राजेश कश्यप, आकाश यादव, मुमताज मंसूरी, आसिफ क़ादरी, अरशद दद्दा, विनय गुप्ता, सुधांशु मिश्रा, सिंपल सिंह नीरज गुप्ता,तुषार श्रीवास्तव, निहाल यादव,सचिन सिंह,शादाब खान, तौसीफ सिद्दीकी,महिमा शर्मा, राजेंद्र जयसवाल साहबे आलम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## श्री अन्न मिलेट्स पुनरुद्धार शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** राजेपुर ब्लॉक में श्री अन्न मिलेट्स पुनरुद्धार शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविर में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को मोटे अनाज मिलेट्स के महत्व, उसकी पोषण क्षमता और वैज्ञानिक फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य रूप से कृषि विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुशवाहा एवं कृषि विभाग के सहायक अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. जितेंद्र कुशवाहा ने श्री अन्न मोटे अनाज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्री अन्न हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है ही, साथ ही कृषि की दृष्टि से भी ये बेहद मुफीद हैं। इनकी खेती में पानी व खाद की कम आवश्यकता होने के कारण लागत कम आती है, जबकि कम संसाधनों में भी अधिक उत्पादकता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में मिलेट्स की खेती किसानों की आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसः बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजॉल

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

विकास क्षेत्र शमसाबाद के अंतर्गत आने वाले पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमिलैया आशानंद में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को पेट के कीड़े मारने वाली दवा (एल्बेंडाजॉल) खिलाई गई। बच्चों के मन से डर निकालने और जागरूकता के उद्देश्य से सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने स्वयं चम्मच से दवा को पीसकर खाया। सभी शिक्षकों और उपस्थित छात्र-छात्राओं ने एल्बेंडाजॉल दवा का सेवन किया। स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यदि कोई बच्चे किसी भी कारण से बीमार थे, जैसे-बुखार, दस्त, पेट दर्द, खांसी या सांस फूलना उन्हें यह दवा नहीं खिलाई गई। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि इन बच्चों के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही उन्हें एल्बेंडाजॉल की खुराक दी जाएगी। विद्यालय में उपस्थित कुल 35 छात्रों (बालकों) एवं 50 छात्राओं (बालिकाओं) ने एल्बेंडाजॉल दवा का सेवन किया। दवा खाने के बाद किसी भी बच्चे में कोई दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला। इस दौरान प्रधानाध्यापक राजकुमार, फिरोज अली प्रधानाध्यापक कंपोजिट यूपीएस गढ़िया हैबतपुर, संजीव यादव, श्वेता, धर्मवीर शिक्षामित्र, अतुल कुमार, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार मौजूद रहे।



दवाई खाती छात्रा

# नशा मुक्ति के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज, फर्रूखाबाद।**

ब्रह्मा कुमारीज के 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के अंतर्गत जनपद में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम बीके शोभा बहन के संरक्षण में संपन्न हुआ। बीके पूनम बहन ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य मन परिवार और भविष्य को प्रभावित करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा को शिक्षा सकारात्मक चिंतन और श्रेष्ठ कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सराहना की। अभियान के दौरान चार विद्यालयों ने 1563 विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। स्वामी रामानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रीता दुबे की अध्यक्षता में 950 छात्राओं, गीतिका रस्तोगी हाई सेकेंडरी स्कूल में सहायक अध्यापक राजीव दीक्षित के संरक्षण में 225 विद्यार्थियों, डॉ0 बीआर आंबेडकर आदर्श प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधक देव कुमार शर्मा के संरक्षण में 288 विद्यार्थियों तथा सनराइज पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य शिवराज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 100 विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ली। विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य एवं संस्कारवान जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं नशा न करने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें एवं शिक्षिकायें व अन्य

# मोहम्मदाबाद में अभाविप की नवीन नगर इकाई गठित

**समृद्धि न्यूज,मोहम्मदाबाद।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कानपुर प्रांत की मोहम्मदाबाद नगर इकाई का गठन किया गया। तहसील संयोजक गोपी किशन एवं पूर्व नगर अध्यक्ष सचिन सिंह चंदेल की उपस्थिति में नवीन नगर इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। प्रशांत सिंह राठौर को नवीन नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। उनके सहयोगी भुजवीर सिंह राठौर को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही नगर कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। घोषित पदाधिकारियों में अमन शाक्य को नगर मंत्री, राघव यादव को नगर सहमंत्री, त्रेयस को सोशल मीडिया प्रमुख, नीतम यादव को छात्रा प्रमुख, राजन को एसएफएस प्रमुख, सुमित को एसएफएस सह प्रमुख, भावेश को राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख तथा अभिषेक राठौर को एसएफडी प्रमुख बनाया गया। सदस्य के रूप में मुकुल, ईशु, राघव बॉबी, रामजी, नितिन, बसंत, रुद्रांक्ष, सुमित और अनस आदि को शामिल किया गया। पदाधिकारियों ने छात्र हितों से जुड़े विषयों पर सक्रियता से कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।




कार्यक्रम में मौजूद अभाविप कार्यकर्ता

# सदर विधायक ने किया गोदाम का लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

विकासखंड सिकंदरपुर सिरोसी की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सिकंदरपुर सिरोसी में एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित गोदाम का लोकार्पण सोमवार को भव्य समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक लिमिटेड उन्नाव के अध्यक्ष अरुण सिंह रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर समिति के अध्यक्ष संतोष द्विवेदी, समिति के सचिव सुमित पाल तथा बैंक के अधिकारी उपेंद्र सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा नवनिर्मित गोदाम का विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के पश्चात आयोजित सभा में




मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, वरिष्ठ किसान नेता एवं भारतीय किसान क्रांति यूनियन सैनिक प्रकोष्ठ उन्नाव के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह तथा छात्र मोर्चा उन्नाव के जिला महामंत्री सार्थक अवस्थी का समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान क्रांति यूनियन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव डॉ. बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह के कार्यकाल में जनपद में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। नई सहकारी समितियों का गठन एवं उपकेंद्रों की स्थापना कर किसानों को उनके नजदीक ही खाद, बीज एवं अन्य कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता को मजबूत करने से किसानों को अपनी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में जनपद उन्नाव में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### सपा ने पूर्व सांसद फूलन देवी की मनाई गई जयंती



**समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।** कानपुर, आज समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण के कार्यालय नवीन मार्केट में पूर्व सांसद रही फूलन देवी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री योगेश्वर वर्मा ने तथा संचालन जिला कार्यालय प्रभारी हरि कुशवाहा के द्वारा किया गया आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से मगन सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर दयाल कनौजिया पूर्व पार्षद नेता सदन नगर निगम कानपुर विनाय कोरी, रणधीर सिंह यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख सरसौल,चंदी पासी पूर्व ब्लाक प्रमुख सरसौल ,अजीत एडवोकेट रवि कश्यप ,प्रहलाद सिंह सुनील मांझी, अनुराग पाल,काश सैनी,अश्वनी यादव सहित जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया।

### शिवालयों में उमड़े भक्त, किया जलाभिषेक

**कानपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को बाबा आनंदेश्वर के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ।कानपुर में सावन के दूसरे सोमवार को बाबा आनंदेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार देर रात से ही मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतार लग गई थी। सुबह करीब 2 बजे मंगला आरती के बाद कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने बाबा आनंदेश्वर के दर्शन और जलाभिषेक शुरू कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। घाटों के किनारे पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और पुलिसकर्मी लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे।

### भाजपा नेता पर एक करोड़ ठगी का लगाया आरोप



**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम कानपुर के रहने वाले प्रतीक मालवीय पुत्र रमेश नारायण मालवीय ने शिकायती पत्र दिया इस दौरान प्रतीक मालवीय, राधा देवी पत्नी इन्द्रसेन पाल व रेखा राजपूत ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भाजपा के अवधेश मिश्रा व उनकी पत्नी के द्वारा एक करोड़ 98 लाख की ठगी करने के बाद जब पैसा वापस मांगने के लिए उन्होंने गुहार लगाई तो उन्हें धमकी मिलने लगी। इस दौरान उन्होंने बताया की उनकी मुलाकात वर्ष 2020 में अवधेश मिश्रा पुत्र रामकृष्ण मिश्रा से हुई थी और इस दौरान जमीन बेचने को लेकर उनसे चर्चा हुई और 29 फरवरी 2020 को एक रजिस्टर्ड अनुबंध के तहत 30 लाख रुपए देकर जमीन का सौदा अवधेश मिश्रा ने उनके साथ किया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का डीएम ने किया शुभारम्भ

**उन्नाव।** जिलाधिकारी, घनश्याम मीणा के द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज मोती नगर, उन्नाव में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त चरण-2026 का शुभांरम्भ किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत 01-19 वर्ष के बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त करने हेतु एल्बेडाजोल-400एम.जी. खिलायी गयी। कार्यक्रम शुम्भांरम्भ के अवसर पर जिलाधिकारी, द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, इस अभियान के अन्तर्गत आगनबाडी केन्द्रों, स्कूलों में दवा खिलायी जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ए.के. शर्मा द्वारा कहा गया कि जनपद के 4529 विद्यालयों एवं 3352 आगबाडी केन्द्रों के माध्यम से जनपद के लगभग 1300360 बच्चों को यह औषधि खिलायी जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी, डा. जे.आर. सिंह द्वारा बताया गया, कि इस दवा से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, तथा एनीमिया (खून की कमी) में भी यह औषधि बहुत लाभकारी है।

# जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाए बैंकर्सः डीएम

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम त्रैमास में दिनांक 30.06.2026 में जनपद फ्तेहपुर का ऋण जमानुपात 51.18 रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाए एवं जिन बैंकों का ऋण जमानुपात कम है, वह कार्ययोजना बनाकर ऋण जमानुपात बढ़ाए और कार्ययोजना से आरबीआई को भी अवगत कराए। बैठक मे वार्षिक ऋण योजना(2026-27), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की प्रगति वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की प्रगति, पशुपालन एवं मत्स्य पालन, किसान क्रेडिट कार्ड, आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र के क्रियाकलापों का अनुश्रवण आदि की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन आवेदको के ऋण स्वीकृत हो गए है उनको तत्काल वितरित करें, साथ ही जो आवेदन लंबित है, का नियमानुसार निस्तारण ससमय कराया जाय एवं जितने भी आवेदन लंबित है, का कारण सहित रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि जनपद कृषकों को ज्यादा से ज्यादा जिला कृषि अधिकारी, बैंकर्स, बीमा कंपनी आपस में समन्वय बनाकर कैंप लगाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्षेत्रीय कृषकों को आच्छादित कराया जाए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत जिन बैंकों के आवेदन लंबित है, के साथ जिला उद्यान अधिकारी, एलडीएम के साथ समन्वय बनाकर लंबित आवेदनों का निस्तारण कराए। वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान से संबंधित एजेंसी जागरूकता अभियान करती है, इसमें ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को वित्तीय समावेशन वाली योजनाओं से आच्छादित कराए एवं कैम्पवार योजनाओं से संबंधित कराए गए आवेदनों की रिपोर्ट से अवगत कराए।

# हॉकी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का किया गया समापन

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, वी.आई.पी. रोड में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत हॉकी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का आज भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों से आए छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों के साथ उनके संरक्षक आचार्य एवं आचार्या गण तथा 15 निर्णायक गण भी उपस्थित रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि हेमचन्द्र, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभुदत्त दीक्षित, चेयरमैन,



जिला सहकारी बैंक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनीश पाठक, प्रान्त संगठन मंत्री, विद्या भारती कानपुर प्रान्त एवं जगदीश सिंह जी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुयश अवस्थी, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी एवं कप्तान, राकेश बधवार प्रान्त शारीरिक प्रमुख, शिव शंकर, विभाग प्रचारक फ्तेहपुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राकेश श्रीवास्तव, प्रबंधक, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मौजूद रहे।

## निषाद पार्टी ने मनाई फूलन देवी की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विरांगना फूलन देवी की जयंती निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बढ़पुर स्थित कार्यालय पर मनाई। सभी ने फूल देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। अध्यक्षता संजीव बाथम ने की। संचालन अमरनाथ कश्यप ने किया।

सभी वक्ताओं ने फूलन देवी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जितेन्द्र कनौजिया, इंद्र कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, संजू कश्यप, अरविन्द कश्यप, रमेश चन्द्र, श्याम कुमार, प्रदीप सक्सेना, मनोज कश्यप, अजीत कश्यप, मौजी बाबा, हरदेश यादव, वीरपाल कठेरिया, जय कश्यप, रितेन्द्र पाल के अलावा जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप मौजूद रहे।

## पुलिस की रील बनाकर ट्रोलिंग करने वाले तीन रीलबाज़ शातिर चोर गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** मकनपुर में ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर की थी चोरी करीब 3 लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी करने का आरोप पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चांदी के आभूषण और करीब 5 हजार रुपये नकद किए बरामद ऑपरेशन त्रिनेत्र की फुटेज से पुलिस को मिला। सुराग कानपुर देहात, औरैया और गुरुग्राम तक दबिश के बाद सिढ़ौली के पास से गिरफ्तारी गिरफ्तार दोनों आरोपियों की उम्र करीब 20 वर्ष, एक 15 वर्षीय किशोर भी संरक्षण में मुख्य आरोपी मोहम्मद शरीफ उर्फ छोटू चलाता था 'यूपी 77' यूट्यूब चैनल पुलिस की गाड़ियों और पुलिसकर्मियों के वीडियो बनाकर ट्रोलिंग वाली रील करता था अपलोड पूछताछ में आरोपियों ने बताया—महंगे शौक और खर्च पूरे करने के लिए करते थे चोरी पुलिस को आशंका, आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं का भी हो सकता है खुलासा बालिग आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी, नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष किया जाएगा।

# गोकुल कश्यप के साथ 900 कांवरिये पहुंचे भोले के दरबार

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

सावन के दूसरे सोमवार को गोकुल कश्यप के साथ 900 कांवरियों का जत्था शुक्लागंज के गंगा घाट से गंगाजल भरकर अतरौली पहुंचा। क्षेत्र में जगह जगह कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। अतरौली चौराहा पर पुलिस सहित ग्रामीणों ने कांवरियों पर फूल बरसाये। लालपुर खाले गांव में समाजसेवी जसकरन लाल ने कांवरियों का भव्य स्वागत किया। कश्यप मित्र मंडल के अध्यक्ष गोकुल कश्यप के नेतृत्व में कांवरिये शुक्लागंज से गंगा जल भरकर सोमवार तड़के शिव भजनों पर थिरकते हुए अतरौली चौराहा पहुंचे। यहां प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडे ने कांवरियों पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। प्रधान संतराम कश्यप, श्रीराम कश्यप, अतुल तोमर, आलोक तोमर ने कांवरियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद लालपुर खाले गांव में भाकियू लोकतांत्रिक के ब्लॉक उपाध्यक्ष जसकरन लाल ने कांवरियों पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। भोले के भजनों पर थिरकते हुए कांवरिये जागेश्वर महादेव मंदिर, जंगलीशिव मंदिर, बाणेश्वर महादेव सोनिकपुर व सिद्धनाथ बाबा का भव्य जलाभिषेक किया। दिनेश चौहान ने बताया कि 23 वर्षों से लगातार शुक्लागंज से कांवर लेकर 121 किलोमीटर की यात्रा कर बाबा का जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान गिरधारी कश्यप, रामू कश्यप, भोला शुक्ला, अंशु कश्यप, मुन्ना कश्यप, गुड्डन कश्यप, सूरज यादव सहित सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे।

## उमा सिंह के नेतृत्व में जागेश्वर व जंगलीशिव बाबा का जलाभिषेक



अतरौली चौराहा पर कांवरियों को माला पहनाकर स्वागत करते प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडे।

भरावन। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ उमा सिंह के नेतृत्व में छोटक्के सिंह, नन्हू सिंह, गोपाल सिंह, उत्तम सिंह, रामसनेही, शिवा सहित 51 कांवरियों ने कानपुर के बिठूर घाट से गंगाजल भरकर पैदल यात्रा कर सोमवार को जागेश्वर महादेव व जंगलीशिव महादेव का जलाभिषेक किया। जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, राहुल सिंह, रितिक, सुजीत सहित सैकड़ों लोगों ने अतरौली चौराहा पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। उमा सिंह ने कहा कि पैदल कांवर यात्रा के बाद बाबा का जलाभिषेक करने में बड़ा आनंद मिलता है।

# डीएम ने किया 'तेरे मेरे सपने' केंद्र का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।**

विवाह के बाद छोटी-छोटी असहमतियां संवाद के अभाव में गंभीर पारिवारिक विवाद का रूप न लें, इसके लिए अब भावी युगलों को शादी से पहले ही बेहतर वैवाहिक जीवन की समझ दी जाएगी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को गोल चौराहे के निकट स्थित वन स्टॉप सेंटर में राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल पर स्थापित 'तेरे मेरे सपने' प्री-मैरिटल कम्युनिकेशन सेंटर का शुभारंभ किया।इस केंद्र पर जिन युवक-युवतियों का विवाह तय हो चुका है अथवा जो विवाह करने जा रहे हैं, वे काउंसलिंग कराकर सफल वैवाहिक जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियों और



चुनौतियों के संबंध में विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि विवाह जीवन का महत्वपूर्ण निर्णय है। सफल वैवाहिक जीवन के लिए भावी दंपती के बीच आपसी संवाद, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारियों की स्पष्ट समझ आवश्यक है। कई बार छोटी असहमतियां समय पर संवाद और उचित मार्गदर्शन के अभाव में गंभीर विवाद का रूप ले लेती हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की 'तेरे मेरे सपने' पहल भावी युगलों को विवाह से पहले बेहतर संवाद और सामंजस्य की समझ देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।केंद्र पर भावी युगलों को आपसी संवाद, परस्पर सम्मान, भावनात्मक समझ, आर्थिक नियोजन, परिवार के प्रति जिम्मेदारियों, विवाह के बाद बदलती भूमिकाओं, एक-दूसरे की अपेक्षाओं, मतभेदों के स्वस्थ समाधान तथा वैवाहिक अधिकारों एवं दायित्वों के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्हें यह भी बताया जाएगा कि असहमति की स्थिति में संवाद कैसे बनाए रखें और छोटी समस्याओं को गंभीर पारिवारिक विवाद का रूप लेने से कैसे रोकें।

# पुलिस उपायुक्त यातायात ने आनंदेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार दृष्टिगत आनंदेश्वर मंदिर (परमट) , जागेश्वर मंदिर एवं बनखण्डेश्वर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा मंदिर के आसपास की यातायात व्यवस्था , पार्किंग स्थलों , पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा आपातकालीन मार्गों का गहन अवलोकन किया गया व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा



न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम , सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनी रहे। महोदय द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें आवश्यक यातायात संबंधी जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए , जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुँच सकें।

# डीएम-एसपी से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत

**मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर राष्ट्रीय विकास मंच ने सौंपा पत्र**

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

भरावन क्षेत्र के हयातगंज में स्थित अंडा फार्म को लेकर चले धरना प्रदर्शन में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने व स्थायी समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत ने सोमवार को डीएम व एसपी से मिलकर पत्र सौंपा।


उन्होंने बताया कि अंडा फार्म से निकलने वाली गंदगी के कारण आसपास के करीब 25 गांवों में मक्खियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को



लेकर राष्ट्रीय विकास मंच के नेतृत्व में एक अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। मामले में सात अगस्त को अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था। अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए दस दिन का समय दिया था। इसी क्रम में सोमवार को राष्ट्रीय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को लिखित पत्र देकर क्षेत्र में मक्खियों के प्रकोप की समस्या का स्थायी समाधान कराने व आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लेने की मांग की। पत्र में बताया गया कि मक्खियों के प्रकोप से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित है। लोगों को भोजन करने में परेशानी हो रही है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों की आशंका भी जताई है। विकास रावत ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय ने समस्या का स्थायी समाधान कराने का आश्वासन दिया है। कहा कि ग्रामीणों को मक्खियों के प्रकोप से स्थायी निजात मिलने तक समस्या के समाधान के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### आरआरसी सेंटर में चोरी होने से लोगों में भय का माहौल



**कुशीनगर।** स्थानीय कोतवाली के गांव डुमरी स्वांगीपट्टी में स्थित आरआरसी सेंटर में बीती रात अज्ञात चोरों ने सफाई व्यवस्था में प्रयोग होने वाले महत्वपूर्ण सामानों को चुरा ले गये। जिससे गांव में भय का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों द्वारा आरआरसी सेंटर में पानी का मोटर, पानी की टंकी, ठेला, तगाड़ी, प्लास्टिक की कुर्सियां,सफाई कार्य में प्रयोग होने वाले टूल्स किट सहित अन्य सामान चुरा ले गये। इसकी जानकारी आज प्रातः जब लोग आरआरसी सेंटर पर पहुंचे तो सामान गायब मिला। इसकी जानकारी प्रधान व पुलिस को दी गयी। ग्राम प्रधान सतीश गुप्ता ने बताया कि आरआरसी सेंटर गांव में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। लेकिन चोरी की घटना के बाद कार्य प्रभावित हो रहा है तथा गांव में भय का माहौल है। घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### हत्या के प्रयास व मारपीट के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार




**भांवरकोल/गाजीपुर।** हत्या के प्रयास, मारपीट और बलवा समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित पांच आरोपियों को भांवरकोल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अभिमन्यू भारती उर्फ मोनू, आशीष भारती, रोहित कुमार और भीमसेन कुमार भारती निवासी दहिनवर थाना भांवरकोल शामिल हैं। वहीं, पांचवां आरोपी राजेश कुमार निवासी कबीरपुर कुंडेसर का रहने वाला है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, बलवा सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज था। मामले में वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी।

### 25 हजार का ईनामियां बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली व थाना नोनहरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चर्चित मोहम्मदाबाद अपहरण मामले के वांछित व पच्चीस हजार रुपए के इनामियां बदमाश को दौराने मुठभेड़ घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315, एक खोखा कारतूसव एक जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद कर लिया। बताया गया कि 09/ 10 अगस्त की रात थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद मय टीम गश्त पर थे। रात में एक मोटरसाईकिल पर दो लोगों को तिवारीपुर मोड़ से गौसपुर की तरफ जाते हुए दिखाई दिए, जब उन्हें रोकने का इशारा किया गया तो वह गाड़ी लेकर तेजी से कठवा मोड़ की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा जरिये आर टी सेट कंट्रोल रूम को सूचित कर उक्त व्यक्तियों की घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया। गौसपुर हवाई पट्टी पर खुद को घिरा देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया जाने लगा। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा।

### सपा नेता राजकुमार पांडेय ने दलित परिवार के इलाज में की आर्थिक मदद



**गाजीपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के लीलापुर गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने बीमार पति के इलाज के लिए सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी राजकुमार पांडेय से आर्थिक मदद की गुहार लगाई। महिला की समस्या की जानकारी होने पर राजकुमार पांडेय ने तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, जिससे परिवार को इलाज कराने में मदद मिल सके। बताया कि महिला के पति पिछले कुछ वर्षों से लकवे की बीमारी से पीड़ित हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनके इलाज में परेशानी आ रही थी। महिला ने अपनी स्थिति बताते हुए राजकुमार पांडेय से सहायता का अनुरोध किया। जानकारी मिलने के बाद राजकुमार पांडेय ने परिवार को आर्थिक मदद की। बताया गया कि इससे पहले भी वह बीमार व्यक्ति के इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर चुके हैं। जरूरत पड़ने पर दोबारा मदद मिलने से पीड़ित परिवार ने आभार जताया। राजकुमार पांडेय ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना उनका सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर किसी भी परिवार को इलाज जैसी जरूरी जरूरतों के लिए परेशानी न हो, इसके लिए अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करते रहेंगे। राजकुमार पांडेय समय-समय पर जनपद के जरूरतमंद और असहाय परिवारों की सहायता करते रहते हैं समाज का कमजोर तबका उन्हें मसीहा मानता हैं।

# सावन के दूसरे सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



प्रयागराज में सावन के दूसरे सोमवार को यमुना तट स्थित प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ब्रह्ममुहूर्त से मंदिर के कपाट खुलते ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हो गया। सुबह चार बजे से हजारों श्रद्धालुओं ने गंगाजल, बेलपत्र, दूध, शहद, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। सावन के दूसरे सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। भक्त देर रात से ही मंदिर के बाहर एक किलोमीटर लंबी कतारों में लगना शुरू हो गए थे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान मनकामेश्वर महादेव के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। दूसरे सोमवार से एक दिन पहले, रविवार शाम को मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। विभिन्न प्रकार के पुष्पों, आकर्षक आभूषणों और विशेष सजावट से बाबा का श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी अर्पित किया गया।

# 200 फुट लंबे तिरंगे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



राष्ट्रीय इन्टरमीडिएट कालेज भुजवली प्रमुख में सोमवार को 200 फुट लम्बे तिरंगे एवं गगनभेदी नारों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ स्थानीय विधायक विवेकानंद पांडेय, ब्लाक प्रमुख खड्डा शशांक दूबे, मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय शर्मा सहित भुजौली मंडल के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। रैली स्थल पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि तिरंगा हमारी आन,बान एवं सम्मान का प्रतीक है, यह हमें सदैव राष्ट्रवाद के लिए अभिप्रेरित करता रहता है। इसका इतिहास बहुत ही प्रेरणादायक है। ब्लाक प्रमुख शशांक दूबे ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ही हर घर तिरंगा फहराना तथा राष्ट्र भक्ति को जागृत करना है। विधायक खड्डा विवेकानन्द पांडेय ने कहा कि यह यात्रा सम्मान का प्रतीक है तथा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हम एक हैं इसका सन्देश देता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिग्विजय शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हम सभी को एक प्रेरणा प्राप्त होती है। इसके बाद प्रधानाचार्य, ब्लाक प्रमुख एवं विधायक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया जो लगभग दो किलोमीटर दूर बाजार में जाकर समाप्त हुई। इस अवसर पर बच्चों ने गगनभेदी नारों के साथ सबका ध्यानाकर्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के अलावें तमाम पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। प्रमुख रुप से कुणाल राव, एनएसएस प्रभारी संजय पाण्डेय, रामस्वरूप पांडेय, प्रदीप रावत, राहुल कुमार, आशीष, मनीष आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में हुई छात्रा की मौत



**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

नैनी थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 21 वर्षीय प्रतियोगी छात्रा सिया केसवानी की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा इंडलपुर गांव के समीप हुआ, जहां एक निजी विद्यालय के वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद सिया गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन उसे तत्काल क्षेत्र के एक निजीकी स्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल निजी विद्यालय के वाहन के संबंध में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक नैनी थाना क्षेत्र के चाका निवासी रूपचंद केसवानी की बेटी सिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह अपने भविष्य को संवारने के लिए मेहनत कर रही थी और शनिवार को परीक्षा देने के लिए स्कूटी से निकली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सिया की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से परिचितों और आसपास के लोगों में भी शोक की लहर है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। हादसे के कारणों और निजी विद्यालय के वाहन की भूमिका की जांच की जा रही है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर 105 फ़र्जी वकीलों पर दर्ज हो रहा मुकदमा

प्रयागराज। प्रयागराज के सिविल लाइन्स थाने मे 35 ऐसे लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है जो लॉ की फ़र्जी डिग्री लगा कर बार काऊंसिल मे रजिस्ट्रेशन करा कर वकील बन कर घूम रहें थे। फ़र्जी वकीलों पर अभी 105 के करीब मुकदमा दर्ज होना बाकी हैं।

जो एक दो दिन मे हो जायेगा, हाई कोर्ट के निर्देश पर बार काऊंसिल ने ज़ब वकीलों के रजिस्ट्रेशन मे संलग्न डिग्री का सत्यापन कराया तब इस फ़र्ज़ीवाड़े का खुलासा हुआ हैं। प्रयागराज के सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया की बार काऊंसिल की तहरीर पर सभी मुकदमे दर्ज हुए हैं। मौजूदा समय मे 35 लोगो के खिलाफ फ़र्ज़ी डिग्री पर रजिस्ट्रेशन कराने पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं । अभी 105 के करीब और मुकदमे दर्ज होने हैं।

# विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के नेतृत्व में साखोपार मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा, स्थानीय नागरिक और बच्चे यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बाड़ी पुल स्थित शिव राम जानकी मंदिर से हुआ। यात्रा शुरू होते ही कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। हाथों में लहराता तिरंगा और देशभक्ति के नारों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। तिरंगा यात्रा शिव राम जानकी मंदिर से निकलकर एनएच-27 के रास्ते आगे बढ़ी। यात्रा नगर पालिका कुशीनगर के वार्ड नंबर पांच, बापू नगर, बाड़ी पुल और सेमरा धूसी समेत आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरी। रास्ते भर लोगों ने तिरंगा लहराकर यात्रा का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद यात्रा पुनः शिव राम जानकी मंदिर, शामपुर हतवा पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजकों ने लोगों से राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया।

इस मौके पर भाजपा नेता रूपेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष किनरेश चौबे, समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# हरित कुशीनगर के लिए नयी दिशा ने बच्चों को भेंट किए पौधे



**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा हरित कुशीनगर के लिए चलाये जा रहे पौधा वितरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को पडरौना विकास खण्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नटवा, डुमरभार में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय के सभी बच्चों एवं स्टाफ के साथ ही बगल स्थित प्राथमिक विद्यालय सुग्गन मियां टोला के बच्चों को भी घर पर लगाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में रसायन शास्त्र के अवकाश प्राप्त शिक्षक वी.डी. सिंह की पुत्री सीमा मल्ल से उनके जन्मदिन के अवसर पर प्राप्त सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### पारिवारिक कलह में युवक ने कीटनाशक दवा खाई

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के बरहुंआ गांव में रविवार को पारिवारिक कलह के चलते एक युवक द्वारा कथित रूप से कीटनाशक दवा खा लेने का मामला सामने आया है। दवा खाने के कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में निजी साधन से इलाज के लिए ओपेक चिकित्सालय कैली लेकर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहुंआ गांव निवासी दीपू (30) पुत्र बेचू गौड़ ने रविवार को दिन में करीब चार बजे किसी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और परेशानी बढ़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। परिजन तत्काल उसे लेकर ओपेक चिकित्सालय कैली पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू कर दिया।

# शिवालयों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



श्रावण मास के दूसरे सोमवार के अवसर पर जनपद के प्रसिद्ध इटहिया शिव मंदिर,कटहरा धाम शिव मंदिर, खुटहा, करमहा, लक्ष्मीपुर शिवाला, हरपुर महंत आदि शिवालयों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमडा और भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर बेलपत्र, दूब, धतूर, भांग,चावल, गुड,तिल, घी,मधु आदि चढाकर पूजा अर्चना किया।इस क्रम में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने थाना ठूठीबारी क्षेत्र के प्रसिद्ध पंचमुखी शिव धाम इटहिया का निरीक्षण किया। और मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं के आवागमन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया ।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और मंदिर परिसर एवं प्रमुख स्थानों पर कैमरों के जरिए की जा रही निगरानी व्यवस्था को देखा। इस दौरान कावड़ यात्रा के प्रमुख मार्गो एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जा रही है और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त मात्रा तैनाती की गई है। इसी प्रकार जनपद के सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस द्वारा निरीक्षण व चौकसी बरती जा रही है।

# आस्था की आड़ में राजनैतिक कद बढ़ाने की जद्दोजहद

- फुटहिया पर जुटाई कांवड़ियों भीड़
- आस्था पर राजनीति की चोट

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

जिले में इन दिनों कांवड़ियों की भीड़ आस्था का जल लेकर उमड़ रही है। इस बीच, फुटहिया चौराहे पर तेज प्रताप सिंह सुड्डू ने कार्यक्रम आयोजित किया है, जहां लाखों की संख्या में कांवड़िया भोजन प्रसाद खाएंगे।इस दौरान कांवड़ियों के लिए मनोरंजन का भी पूरा इंतज़ाम किया गया है। आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर राजनैतिक विश्लेषक इसे आस्था के नाम पर टीपी सिंह को राजनैतिक ताकत दिखाने की बात कह रहे हैं। आस्था के नाम पर होने वाले इस आयोजन का निहितार्थ क्या है? यह तो वही जाने, मगर आम जन के लिए यह कार्यक्रम महज एक दिखावा ही है। लंबे समय से जिले के फुटहिया चौराहा कांवड़ भक्तों के लिए ठहराव हुआ करता है। इस चौराहे पर

कांवड़ियों के लिए तेजप्रताप सिंह पूरी रात भोलेनाथ का भजन कार्यक्रम के साथ भोजन प्रसाद की व्यवस्था करते हैं। आस्था के इस पर लाखों भक्त यहां जुटते हैं और बाबा भोले भोलेनाथ के भजनों का लुत्फ उठाते हैं। हालांकि यह कार्य कार्यक्रम राजनैतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, मगर आयोजक इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो तेज प्रताप सिंह आस्था के बहाने अपनी राजनैतिक ताकत आमजन को दिखाना चाहते हैं मगर आमजन इसे तरजीह ही नहीं देता। लोग भक्ति के सागर में गोते लगाने के बाद अपना रास्ता पकड़ लेते हैं। छिटपुट को छोड़कर इसकी चर्चा तक लोग नहीं कर रहे हैं। हालांकि कार्यक्रम बेहद वृहद होता है मगर राजनैतिक कद को बढ़ाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का किसी दल या किसी व्यक्ति को कोई फायदा नहीं मिल पाएगा। फिलहाल दो दिनों तक आयोजित यह कार्यक्रम समाप्त हो गया है। अब फिर अगले वर्ष इस कार्यक्रम का आगाज होगा। अब इस कार्यक्रम के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका क्या लाभ भाजपा या आयोजकों को मिलता है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में छिटपुट घटनाओं के बीच कार्यक्रम का समापन हो गया है।

# मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं: जिलाधिकारी

- 5 हजार से अधिक कांवर भक्तों को दी निःशुल्क चिकित्सा सेवा

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा बस्ती द्वारा आयोजित पवित्र श्रावण मास के पावन पर्व पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करने के बाद संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं है यही सच्ची समाज सेवा है जो इंडियन रेड क्रास सोसाइटी निरंतर करता चला रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन बहुत ही सराहनीय हैं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनहित के लिए निरंतर कार्य करती रही है कावड़ यात्रा के दौरान जो परेशान रहते है उनकी सहायता के लिए यह संस्था हमेशा पहले पायदान पर खड़ी रहतीं है। सावन के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 5,000 से अधिक कांवर भक्तों का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं को आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा, दवाइयां एवं स्वास्थ्य संबंधी सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती के सभापति संतोष सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य मानव सेवा है। कांवर यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो, इसी भावना से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारे लिए गर्व और संतोष का विषय है। सचिव रंजीत श्रीवास्तव ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती आगे भी जरूरतमंदों और यात्रियों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

शिविर में हजारों श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी श्रद्धालु स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण असहाय महसूस न करे। उपसभापति लक्ष्मी कांत पाण्डेय ने कहा कि 'कांवड़ यात्रियों की सेवा करना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। रेडक्रॉस की पूरी टीम ने समर्पण भाव से कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। कोषाध्यक्ष राजेश ओझा ने कहा कि 'सेवा कार्यों में संसाधनों का बेहतर उपयोग और पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालुओं को आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकारिणी सदस्य राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि 'कांवड़ भक्तों की सेवा में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ योगदान दिया।

उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि 'रेडक्रॉस का सेवा भाव समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना चाहिए। इस चिकित्सा शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में कांवर भक्तों को राहत पहुंचाने का अवसर मिला। इमरान अली ने कहा कि 'मानव सेवा किसी जाति, धर्म या वर्ग की सीमा में नहीं बंधी है। रेडक्रॉस सोसाइटी इसी भावना के साथ सभी श्रद्धालुओं की सेवा कर रही है।

शिविर में सभी को समान रूप से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। रेडक्रॉस सोसाइटी बस्ती के पदाधिकारियों ने कहा कि सेवा, स्वास्थ्य और मानवता के क्षेत्र में संस्था भविष्य में भी इसी तरह के जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया और रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों की सराहना की।

# पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर सपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**




समाजवादी पार्टी द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी जी की 63वीं जयंती श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर स्व. फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी आज जिसकी गईस इस अवसर परपूर्व सांसद ध् पूर्व विधायक रमेश चन्द्र बिंद ने कहा कि जालौन के एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्मी फूलन जी के साथ घटित भेदभाव व अत्याचार उत्पीड़न की भयानक घटनाओं ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी, जिसके कारण उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना। चंबल के बीहड़ों से लेकर देश की संसद तक का उनका असाधारण व संघर्षपूर्ण सफर पार्टी संस्थापक धरतीपुत्र श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव जी से प्रेरित रहा।पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि 1996 व 99 के लोकसभा चुनावों में मिर्जापुर से लोकसभा का चुनाव जीतने वाली फूलन जी ने सांसद रहते हुए निष्छल व निष्कपट भाव से सदैव गरीबों, मजलूमों, वंचितों व उत्पीड़ितों के सहयोग का हरसंभव कार्य किया, जिनका जीवन शोषित वर्गो व महिलाओं के लिए व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक माना जाता है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने कियास आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन एड. सुरेन्द्र सिंह पटेल, गुलाब चंद्र यादव मुन्नी, आशीष यादव, रोहित शुक्ला लल्लू, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, राजेश भारती, संतोष गोयल, झल्लू यादव, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, दुर्गा सिंह, मनोज चौहान, चंदन यादव, रवि सोनकर, राजकुमार यादव, अभय यादव, राकेश यादव, लवकुश यादव, अभिषेक दुबे, अशोक यादव, रामप्यारे गोंड़, रामराज यादव, अयान आलम, रामजी चौहान, गिरधारी यादव, रवि सरोज, सुनील यादव, प्रेम कुमार यादव कल्लू, चिंतामणि व रमाकांत यादव इत्यादि शामिल रहे।

### गड़बड़ा शीतला धाम में हजारों भक्तों ने सावन के दूसरे सोमवार को किया दर्शन पूजन

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के गड़बड़ा शीतला धाम में सावन के दूसरे सोमवार को हजारों भक्तों ने दर्शन पूजन किया। मंगल आरती के बाद भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान कर मां को अर्पित करने के लिए नारियल चुनरी हलवा पुरी लेकर कतारबद्ध हो गए। बरसात के कारण सड़क से शिवमन्दिर मार्ग पर कीचड़ होने से कडाही चढाने में भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं दूसरे मार्ग से भक्तों ने पहुंच कर कतारों में लग गए।

# दोस्तों के साथ गंगा में नहाते समय युवक डूबा, मौत

**समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/ गाजीपुर।**



सोमवार की सुबह दोस्तों के साथ कोटवा गंगा घाट पर नहाने गए थाना क्षेत्र के शाहपुर उर्फ माधोपुर गांव निवासी 18 वर्षीय आदित्य यादव पुत्र छोटेलाल यादव गंगा की तेज धारा में डूब गया। नरहीं पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कई घंटे की मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला और बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि आदित्य सोमवार सुबह करीब नौ बजे अपने साथियों के साथ नरहीं थाना क्षेत्र के कोटवा-नरायणपुर गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान आदित्य अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज धारा की चपेट में आकर बहने लगा। उसे डूबता देख साथियों ने तत्काल बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंगा की तेज धारा के सामने उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। कोरंटाडीह पुलिस चौकी से पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से आदित्य की तलाश शुरू कराई। गंगा के तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के बीच गोताखोरों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, बेटे के गंगा में डूबने की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हालत में कोटवा घाट पहुंच गए। पिता छोटेलाल यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।